श्रावण कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 30.5° | अधिक. 31.8°
न्यून. 23.0° | न्यून. 23.6°

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शनिवार
19 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-167, पृष्ठ-12




पेज 12

## शस्त्र-शास्त्रों का अटूट मेल 'ऑपरेशन सिंदूर'

राष्ट्रीय नवीन मेल




क्षमाश्री दुबे

भारत की पुण्यभूमि पर जब-जब पाकिस्तान ने हमला किया है, तब-तब हमने धर्म के रास्ते को अपना कर उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। पुलवामा, उरी और पहलगाम जैसी घटनाओं ने हमारी धरती मां के आंचल को लहू-लुहान कर दिया, पर हमारे वीर जवानों ने बता दिया कि मां भारती के लाल किसी से कम नहीं। उन्होंने सरहद पर वीरता का ऐसा परचम लहराया कि दुनिया देखती रह गई। पूरे विश्व ने इस युद्ध में भारतीय जवानों का पराक्रम पहचान लिया और हमारे रणबांकुरों ने प्रदर्शित किया कि अधर्म का रास्ता अपनाने वालों का हश्र क्या होता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता पर सवाल उठाने वाले अधर्मियों ने देखा भारत के वीरों का अदम्य साहस और विश्वभर में गूंज उठे हमारी भारतीय फौज के नारे - राजा रामचंद्र की जय, जय भद्रकाली, हर हर महादेव आदि। पाकिस्तान के कायर जिहादियों के लिए हमारे शस्त्र और शास्त्रों दोनों की संपूर्णता का अटूट मेल था 'ऑपरेशन सिंदूर।' उन लोगों के लिए ये मुंह तोड़ जवाब था शेष पेज 11 पर

## झारखंड पुलिस ने पिछले छह माह में हासिल की कई उपलब्धियां

# पांच आतंकी, 197 नक्सली और 767 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

- 12 पदाधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए किया गया सम्मानित

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार का प्रयास कर रही है। आतंकवाद, नक्सलवाद और साइबर क्राइम पर शिकंजा कस रही है। इसमें झारखंड पुलिस को महत्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं। आईजी अभियान एवं पुलिस प्रवक्ता माइकल राज एस ने वर्ष 2025 जनवरी से जून (छह माह) की उपलब्धि की जानकारी देते हुए शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि अपराध के खिलाफ चलाए गए अभियान में राज्य के विभिन्न जिलों से पांच आतंकी, 197 नक्सली, 767 साइबर अपराधी और संगठित गिरोह के 12 अपराधी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा पुलिस के साथ मुठभेड़ में 17 नक्सली और उग्रवादी मारे गए। वहीं, आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में कुल 113 हथियार बरामद किए गए शेष पेज 11 पर

### मुठभेड़ में 17 नक्सली और उग्रवादी ढेर, नशा कारोबारियों के खिलाफ भी कार्रवाई



#### मुठभेड़ में मारे गए प्रमुख नक्सली

- एक करोड़ का इनामी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, अरविंद यादव उर्फ अशोक।
- **10 लाख का इनामी साहेब राम मांझी और पप्पू लोहरा।**
- पांच लाख का इनामी मनीष यादव, सुदेश गंझू, हेमंती मझियान, शांति देवी, राहुल तुरी उर्फ आलोक के अलावा सात अन्य नक्सली शामिल हैं।

### साइबर अपराध पर भी पुलिस ने कसी नकेल

आईजी अभियान माइकल राज एस ने बताया कि जनवरी से जून 2025 तक साइबर अपराध के कुल 620 मामले दर्ज किए गए और 767 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 5.43 लाख रुपए नकद, 1664 सिम कार्ड, 1283 मोबाइल फोन, 135 एटीएम कार्ड, 20 दोपहिया वाहन, आठ चारपहिया वाहन, 19 लैपटॉप, 37 बैंक पासबुक, 24 बैंक चेकबुक, 3 स्वाइप मशीन और 01 राउटर बरामद किए गए। वहीं, डायल-1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर 11,910 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15.90 करोड़ रुपए फ्रीज किए गए और न्यायालय के शेष पेज 11 पर

**झारखंड पुलिस ने खेल में भी हासिल कीं उपलब्धियां :** झारखंड पुलिस ने खेल के क्षेत्र में भी उपलब्धियां हासिल की है। रांची में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस ने एक स्वर्ण और चार रजत सहित कुल पांच पदक प्राप्त किए। कोच्चि, केरल में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस ने टेबल टेनिस में 5 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा 38वें नेशनल गेम्स, जो उत्तराखंड में आयोजित किया गया था, में झारखंड पुलिस ने दो स्वर्ण, एक रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किए।

## झारखंड को मिली एशिया के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सौगात

# रिम्स-2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से मिलेंगे 1000 करोड़ रुपए

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व में झारखंड को एशिया के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सौगात मिलने जा रही है। राजधानी रांची में बनने वाले 2600 बेड के एशिया के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रिम्स-2 को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से 1000 करोड़ रुपए की सहायता राशि मिलेगी। इस परियोजना के वित्तीय ढांचे को लेकर यह जानकारी स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार की एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1000 करोड़ रुपए का वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा। जबकि, शेष राशि राज्य योजना मद से व्यय की जाएगी। अस्पताल की डिजाइन और निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इसका भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद झारखंड न केवल पूर्वी भारत, बल्कि पूरे देश का प्रमुख हेल्थकेयर हब और मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनेगा। यह न केवल झारखंडवासियों के लिए, बल्कि पूरे देश के मरीजों के लिए आशा की एक नई किरण साबित होगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के शेष पेज 11 पर



मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल का किया दौरा

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा, शीघ्र ही होगा भूमिपूजन

रिम्स-2 को अमृता मॉडल पर किया जाना है विकसित

### रिम्स-2 की प्रमुख विशेषताएं

**2600** बेड की क्षमता वाला अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

- **कार्डियोलॉजी, आंकोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स जैसी सभी सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं।**
- **मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थान, डॉक्टर्स क्वार्टर, हॉस्टल, स्टेडियम।**
- अत्याधुनिक रिसर्च सेंटर एवं टेलीमेडिसिन यूनिट की व्यवस्था।
- मरीजों को एक ही परिसर में संपूर्ण उपचार और शिक्षण तथा अन्य सुविधाएं।

## शहरी निकाय चुनाव नहीं कराने पर कोर्ट सख्त, कहा

# सरकार रूल ऑफ लॉ का घोंट रही है गला




- अगली सुनवाई 25 जुलाई को, हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को किया तलब

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को राज्य में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। यह याचिका निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई और राज्य के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया।जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में इस अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने शेष पेज 11 पर

### सांसद ढुल्लू के खिलाफ दायर पीआईएल खारिज

**रांची।** धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने धनबाद सांसद को बड़ी राहत देते हुए उनकी संपत्ति की जांच की मांग वाली पीआईएल को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका (पीआईएल) को सुनाई योग्य नहीं माना है। पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुनाया है। मामले में प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी ने दुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग और राज्य पुलिस की एसआईटी से कराने का आग्रह किया था।



## आईटीआर-2 फॉर्म की ऑनलाइन फाइलिंग शुरू

**नई दिल्ली (हि.स)।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म के लिए ऑनलाइन आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग की सुविधा शुरू कर दी है। इससे जटिल आय संरचना वाले लाखों करदाताओं को अपना आईटीआर ज्यादा आसानी से दाखिल करने में मदद मिलेगी। विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर दाखिल करने की विस्तारित समय-सीमा पहले ही बढ़ा कर 15 सितंबर, 2025 कर दिया था।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।


# नक्सल विरोधी अभियान के लिए केंद्रीय बल की प्रतिनियुक्ति की बकाया राशि वेव ऑफ करें केंद्र

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर केंद्र सरकार द्वारा झारखंड राज्य में नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के एवज में कुल 13,299.69 करोड़ रुपए लंबित बकाया राशि के भुगतान राज्य सरकार से किए जाने के अनुरोध पर इसे पूर्ण रूप से वेव ऑफ करने का अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि उग्रवाद की समस्या को जड़ से समाप्त करना राज्य एवं केंद्र सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी है । कोविड-19 महामारी के बाद राज्य सरकार आर्थिक पुनरुत्थान करने, आपदाओं से निपटने तथा अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जुटी हुई है। अपने सीमित संसाधनों के कारण राज्य पर वित्तीय भार अधिक बढ़ गया है, ऐसे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के विरुद्ध लंबित राशि के भुगतान करने पर राज्य सरकार पर एक बड़ा वित्तीय बोझ पड़ेगा, जिससे फलस्वरूप विकास योजनाएं प्रभावित होंगी ।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराते हुए कहा है कि राज्य गठन के समय से ही झारखंड अति उग्रवाद प्रभावित राज्य रहा है। शेष पेज 11 पर

## घाटशिला में 3 हाथियों की ट्रेन से कटकर मौत

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला में गुरुवार की देर रात करीब 12:50 बजे ट्रेन की चपेट में आकर तीन हाथियों की मौत हो गई। मृत हाथियों में एक वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं। हादसा सरडीहा-झाड़ग्राम सेक्शन के किलोमीटर 143 पर, पोल संख्या 11/13 के बीच रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ। जानकारी के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल ने तत्परता दिखाते हुए रात शेष पेज 11 पर

## लालू की लैंड फॉर जॉब मामले में रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली (हि.स.)** । सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने पूर्व रेलमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद की लैंड फॉर जॉब मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। लालू प्रसाद ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। लालू प्रसाद ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से दायर एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग की थी।



उनकी ओर से कहा गया था कि वर्ष 2004 से 2009 के बीच कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद वर्ष 2020 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की, यह एक तरह से प्रताड़ित करना है। लालू प्रसाद की ओर से कहा गया था कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के पहले धारा 17ए के तहत शेष पेज 11 पर

## ग्रामीणों को नहीं लगानी पड़े जिला मुख्यालय की दौड़ : मंत्री दीपिका



- कहा, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था बनाएं

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण, पंचायती राज विभाग की कार्य योजनाओं की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास की बुनियाद पंचायत स्तर पर मजबूत होनी चाहिए। इसे मजबूत बनाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से उन्होंने पंचायत सचिवालयों को और अधिक क्रियाशील और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने अधिकारियों से इसका पालन करने का निर्देश दिया।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। उन्हें जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़े। बैठक के दौरान मंत्री ने विभाग की ओर से चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता की समीक्षा की। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# दुबई का गोल्डन वीजा और सबसे गंदे शहरों वाला भारत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

स्वच्छता सर्वेक्षण 24-25 में इंदौर के बाद इस बार 10 लाख आबादी की श्रेणी में अहमदाबाद सबसे ऊपर और सबसे गंदे शहरों में तीसरे नंबर पर रांची शामिल है। जबकि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में तीसरे नंबर पर जमशेदपुर है। इन सबके बीच खबर दुबई के गोल्डन वीजा की है जो भारत की कथित गंदगी और अव्यवस्था से ऊबे धनाढ्य लोगों के लिए स्वर्ग की तरह प्रचारित हो रहा है। दुनिया के प्रमुख शहरों से तुलना की बात करें तो प्राचीन से विकसित भारत बनने में गुणवत्तापूर्ण सड़कों, सार्वजनिक आधारभूत ढांचे, खुली जगहों तक पहुंच, पर्याप्त स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण के मामले में कई चुनौतियां दिखती हैं। गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और अन्य भारतीय शहरों में उच्च-स्तरीय अपार्टमेंट और विला तो उपलब्ध हैं, लेकिन महंगे होने के बावजूद वे वैश्विक मानकों पर खरे नहीं उतरते। धनी भारतीय काम और छुट्टियों के लिए विश्व की यात्रा के क्रम में सिंगापुर, बैंकॉक, यूरोप और यहां तक कि दुबई या मस्कट जैसी जगहों से वापस आते हैं तो उन्हें यहां की कमियां खलती हैं । यूएई में प्रवेश की नई गोल्डन वीजा योजना की चर्चा बहुत है वैसे यह गोल्डन वीजा कार्यक्रम 2019 से चल रही है, पर अब 23 लाख रुपए के बराबर लगाकर निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले भारतीय नागरिक अब दुबई में आजीवन निवास प्राप्त कर सकेंगे, बिना महंगी अचल संपत्ति खरीदे या व्यावसायिक उपक्रमों में पूंजी निवेश की जरूरत के, जो पहले लागू थी। अनेक वेतनभोगी भारतीय 30 प्रतिशत आयकर देते हैं और कमाऊ जोड़ा किसी बड़े शहर में 2.5 करोड़ रुपए के अपार्टमेंट का लोन चुकाने के बाद राजनीति से लेकर रहन-सहन की परेशानी से बचने के लिए दुबई में संभावनाएं तलाश रहा है । दुबई में अभी आयकर नहीं है इसलिए और गृह ऋण पर ब्याज दर आमतौर पर 2-5 फीसदी के बीच होती है, जबकि भारत में यह लगभग 8-10 फीसदी है। दुबई के कई स्कूल और कॉलेज, भारत के प्रमुख शहरों के कुछ निजी स्कूलों जितने ही अच्छे या उनसे बेहतर हैं। इसके अलावा, दुबई भारत की तुलना में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर संभावनाओं का प्रवेश द्वार बन सकता है। आजकल अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी के बजाय सलाहकार के रूप में काम करते हैं और परिवार के सदस्यों के लिए आजीवन गोल्डन वीजा प्रदान करके यह योजना प्रतिभाशाली भारतीयों को दुबई में रहने के लिए आकर्षित करने का एक जरिया माना जा सकता है।प्रमुख भारतीय शहरों और दुबई के बीच की दूरी 4-5 घंटे की है और दोनों जगहों के बीच रोजाना कई उड़ानें हैं। चूंकि दुबई एक वैश्विक केंद्र है, यदि बड़ी संख्या में भारतीय वहां जाते हैं, तो इससे दुबई की छवि कम श्रम-प्रधान से वास्तविक महानगरीय और वैश्विक रूप से विविधतापूर्ण स्थान की बन सकती है। ज्यादा लोगों के दुबई में बसने से यूएई की अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद है।




स्वाभाविक रूप से, लोग घूमने-फिरने, बाहर खाने-पीने, घर खरीदने और ईंधन की खपत पर पैसा खर्च करेंगे। भारत से दुबई और दुबई से भारत में पैसा भेजना भी आसान है, क्योंकि कई भारतीय बैंकों की इस खाड़ी देश में शाखाएँ हैं । आज से दो दशक पहले के भारत की तुलना में इंडिया में सड़क और आधारभूत संरचनाओं में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं और मेट्रो से लेकर हवाई सेवाओं तक में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है । ऑनलाइन सेवाओं में तो क्रांति हुई है जिस कारण यूपीआई भुगतान में भारत विश्व के शीर्ष में है और भारतीय मुद्रा अनेक देशों में महत्व पा रही है । दूसरी ओर कनाडा जैसे देशों से अनेक भारतीय परिवार वहां के बिगड़े हालत के कारण वापस आए भी हैं । विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत उभर रहा है जिसमें यहां की स्वास्थ्य और स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार का भी योगदान है जिस कारण लोग कम बीमार पड़ रहे हैं । सवाल यह है कि सुविधाभोगी वर्ग यदि दुबई चला जाए तो क्या भारत की गति रुक जाएगी ? सदियों से भारत से प्रतिभा पलायन होता रहा अनेक लोग विदेशों में जाकर सुखी भी हुए पर जो परिजन संग आत्मीय सुख और सुरक्षा का भाव भारत में मिलता था उसकी कमी कई बार सालती है जब भाषा संस्कृति या रंग भेद के आधार पर विदेशों में भेदभाव होता है। हमें अपनी मातृभूमि की कमियों को दूर कर इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अनुशासन और एक दूसरे के सुख-दुःख का दयां रखना चाहिए इसलिए कि दुबई हो या अमेरिका मेहनत,ईमानदारी और परस्पर सहयोग ही इन देशों को स्वर्ग की तरह बना रहे हैं न कि सिर्फ पैसा । हम अपने घर से लेकर शहर को यदि साफ़ नहीं रखते तो दुबई में जाकर भी हमें सुख नहीं मिल सकता।

## राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था जर्जर : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने शुक्रवार को कहा कि सड़क पर घायल व्यक्ति के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराने के बजाय स्वास्थ्य मंत्री ने उसे टेंपो में लादकर अस्पताल भेजा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपनी पीठ खुद थपथपाने वाले स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग का बंटाधार कर दिया। उन्होंने कहा कि आए दिन ये खबरें आती हैं कि गरीबों, जरूरतमंदों को सरकारी एंबुलेंस नहीं मिल पाते। इससे अधिक शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है?

# नदी नाले की जमीन अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



पंचशील नगर मामले में अब एलआरडीसी स्तर पर होनी है कारवाई

**रांची।** कहते हैं बकरे की मां कब तक खैर बनाएगी। नदी नाले की जमीन को अतिक्रमण कर लोग उसमें मकान दुकान बना लिए और पिछले कई वर्षों से रहते आ रहे हैं, उन्हें लगा कि उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होगी और सरकारी गैरमजरूआ जमीन को हड़प लेंगे। नदी नाले की जमीन की अतिक्रमण की पोल नदी नाले ने स्वयं सबूत देकर अपना पक्ष उजागर किया है। बरसात के दिनों में बारिश होती है तो बंसी नगर चौक पानी में डूब जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग 35 राजधानी से कट जाता है। सारे महत्वपूर्ण कार्य और अच्छे इलाज राजधानी में होती है और राजधानी से यह रोड कट जाने के कारण मरीज से लेकर व्यापारी तक को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। वही अतिक्रमण स्थल के पीछे राधा नगर शांति नगर पानी में डूब जाता है और चौक के सामने हुए अतिक्रमण से सहदेव नगर पंचशील नगर की सड़कों में पांच फीट तक पानी भर जाता है और कई घरों के अंदर पानी घुस जाता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के लगातार प्रकाशित खबरों के कारण विभागीय सक्रियता बढ़ी है और डीसी मंजूनाथ भजंत्री स्वयं रात में अतिक्रमण स्थल का दौरा कर पदाधिकारी को मामले की जांच का निर्देश दिए थे। हेहल अंचल द्वारा अतिक्रमण करने वाले पांच लोगों को नोटिस दिए गए और जमीन की मापी के बाद पाया गया की सरकारी जमीन का अतिक्रमण हुआ है नाले की जमीन पर घर बना है। इसका रिपोर्ट बनाकर अंचल ने एलआरडीसी को भेज दिया है और जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव रख दिया है।

अब एलआरडीसी स्तर पर कार्रवाई होनी बाकी है सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि नदी नालों के अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं है पांच अतिक्रमणकारियों की फाइल एलआरडीसी को पुट अप की जा रही है इसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। दोषी पाए जाने पर उन्हें अपने घर और दुकान स्वयं तोड़ने पड़ेंगे और अगर प्रशासन तोड़ती है तो उसका सारा खर्च प्रशासन अतिक्रमणकारियों से ही वसूल करेगी।

## कोई सुपात्र सामाजिक सुरक्षा की योजना से वंचित न हो : उपायुक्त



- उपायुक्त ने रातू में प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण
- बिचौलियों पर सख्ती का दिया निर्देश, कहा- बिचौलिया गतिविधि पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, रातू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने प्रखंड और अंचल का लॉग बुक, आगत निर्गत पंजी, सेवा पुस्तिका, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन के अलावे अन्य जांच भी की। उपायुक्त भजंत्री ने कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालयों में बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि केवल वही व्यक्ति कार्यालय आएं, जिनका कार्य हो। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बिचौलिया गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में मौजूद लोगों से उपायुक्त भजंत्री ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं व कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उनकी ओर से संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर हाल में मिलना चाहिए।

### बेहतर व्यवस्था के लिए दिया निर्देश

उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातू का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, दवा वितरण केंद्र और आपातकालीन सेवाओं की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने दवा वितरण केंद्र में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और दवाओं की समय पर आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### साइबर ठगों के बड़े गिरोह का रांची पुलिस ने किया खुलासा

# सरगना बिहार में बैठकर तनख्वाह देकर झारखंड में करवा रहा था ठगी

- जल्द ही सरगना को भी किया जायेगा गिरफ्तार : रांची पुलिस
- 90 एटीएम कार्ड बरामद, एटीएम के अवैध इस्तेमाल में एटीएमधारी भी शामिल या ठगी का हुए शिकार, पुलिस कर रही जांच
- क्रिकेट में सट्टेबाजी और ऑनलाइन गेमिंग में शामिल थे आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**




साइबर अपराधियों को देते थे सपोर्ट

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरियातू थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी के रोड नंबर 2 में कुछ संदिग्ध लोग रुके हुए हैं। जिनका आचरण भी संदिग्ध है। सूचना की पुष्टि होने के बाद डीएसपी सदर के नेतृत्व में बरियातू थानेदार और उनकी टीम ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित मकान में छापेमारी की, जहां मौके से एक साथ 14 ठग पकड़े गए। वहीं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी ऑनलाइन तरीके से होने वाले कई जालसाजी के अपराध में शामिल थे। गिरफ्तार सभी अपराधी साइबर अपराधियों को सपोर्ट सिस्टम भी उपलब्ध करवाते थे। साइबर अपराधियों को ठगी के लिए फोन नंबर अकाउंट नंबर सहित पैसे निकालने के लिए एटीएम तक की व्यवस्था यह गिरोह करवाता था।

**रांची।** रांची पुलिस ने शुक्रवार को साइबर ठगों के बड़े गिरोह का खुलासा किया। डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराधियों को सपोर्ट सिस्टम देने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा किया गया है। गिरोह के 14 सदस्यों को एक साथ रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दर्जनों एटीएम, मोबाइल और लैपटॉप बरामद किए गए हैं।

बरियातू थाना और एसएसपी की स्पेशल टीम ने रांची के बरियातू इलाके में छापेमारी कर 14 ठगों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह क्रिकेट में सट्टेबाजी से लेकर कई तरह के ऑनलाइन गेमिंग में शामिल था। जिसके द्वारा लोगों से ठगी की जाती थी।

गिरफ्तार 14 अपराधी बिहार के रहने वाले हैं। पिछले डेढ़ महीने से सभी आरोपी बरियातू इलाके में किराए का मकान लेकर ठगी का कला कारोबार चला रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में केशव कुमार बिहार के छपरा, आलोक बलजीत, सुमित शिवहर, दिलीप कुमार, पंकज कुमार और विवेक कुमार सहरसा, लव कुमार, नीतिश कुमार, साजन कुमार और अंजन कुमार पूर्णिया, सुबोध कुमार और अरुण यादव सुपौल और रोशन कुमार मुजफ्फरपुर का रहने वाला है।

गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया है कि बेरोजगार युवकों को 15 से 20 हजार रुपया हर महीने महीने देने की बात पर काम पर रखा जाता था। युवाओं से ऑनलाइन जुआ के साथ-साथ साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलवाया जाता था। वहीं अपराधियों के द्वारा एटीएम को रेंट में लेकर साइबर अपराध के पैसे को ट्रांसफर करने का काम भी किया जाता था। मास्टरमाइंड बिहार में बैठ कर इस गिरोह को चला रहा था। रांची पुलिस का दावा है कि जल्द ही मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 90 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। जिसके बारे में यह जानकारी मिल रही है कि किराए पर एटीएम अपराधियों के द्वारा लिया गया था। जिससे अवैध निकासी का काम किया जाता था। एसएसपी ने कहा कि हर एटीएम की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि लोगों से एटीएम ठगी कर ली गई थी या फिर एटीएमधारी भी उस अपराध में शामिल थे।

## रांची मंडल में डाक घर की सेवाएं 21 को रहेगी बाधित

**रांची।** रांची मंडल के सभी डाकघरों में 21 जुलाई को नई एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी (एटीपी) सॉफ्टवेयर लागू की जाएगी। इस कारण से 21 जुलाई को पूरे रांची मंडल में डाक घर की सेवाएं एक दिन के लिए बाधित रहेंगी। यह सॉफ्टवेयर एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे डाक सेवाओं को तेज, सरल और आधुनिक बनाने के लिए शुरू किया जा रहा है। यह सिस्टम 22 जुलाई से पूरी तरह कार्यान्वित हो जाएगा।

## अपने भ्रष्ट निकायों का हिसाब दे भाजपा : विनोद

- झामुमो ने कहा : राष्ट्रपति सम्मान ने साबित किया कि झारखंड सही दिशा में है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में झारखंड के प्रदर्शन को लेकर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने करारा जवाब दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को शहरी विकास पर सवाल उठाने से पहले अपने कार्यकाल की "विफलताओं और भ्रष्ट निकायों" का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, "भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को गुमराह करना रह गया है। हेमंत सरकार के कुशल नेतृत्व में झारखंड ने हाल ही में स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। जमशेदपुर और बुंडू को राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि झारखंड सही दिशा में है। 74वें संविधान संशोधन को लेकर भाजपा के आरोपों पर पांडेय ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "जिन्होंने अपने शासनकाल में नगर निकायों को अफसरशाही के हवाले कर दिया और चुने हुए बोर्ड भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील हो गए, वे आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। सरकार निकाय चुनाव को लेकर गंभीर है और कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही चुनाव कराएगी। विनोद पांडेय ने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के बीच झारखंड के लिए यह गर्व का क्षण है कि हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के दो शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर झंडा बुलंद किया है।

## रांची 16 थाना प्रभारियों समेत 34 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को 16 थाना प्रभारियों समेत कुल 34 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और ओपी प्रभारी शामिल हैं। इससे संबंधित आदेश एसएसपी ने कार्यालय से जारी कर दिया गया है।

### इन थाना प्रभारियों का हुआ स्थानांतरण

- रणविजय शर्मा : लोअर बाजार थाना प्रभारी
- ब्रह्मदेव प्रसाद : अरगोड़ा थाना प्रभारी
- रवि कुमार सिंह : डेली मार्केट थाना प्रभारी
- कृष्ण कुमार साहू : सुखदेवनगर थाना प्रभारी
- रेनू गुप्ता : ट्रैफिक थाना गोंदा प्रभारी
- अभिषेक राय : खेलगांव थाना प्रभारी
- अभिषेक कुमार 2 : लापुंग थाना प्रभारी
- प्रवीण कुमार 2 : नगड़ी थाना प्रभारी
- प्रवीण मोदी : तमाड़ थाना प्रभारी
- सिद्धांत : ठाकुरगांव थाना प्रभारी
- गणेश यादव : बिस थाना प्रभारी
- प्रेम प्रदीप कुमार : सोनाहातू थाना प्रभारी
- सचिन मिश्रा : सिकदरी थाना प्रभारी
- गगन ठाकुर : मुरी ओपी प्रभारी
- दीपक नारायण सिंह : पुंदाग ओपी प्रभारी
- सुजीत उरांव : दलादली टीओपी प्रभारी
- मनोज कुमार : सीसीआर प्रभारी
- जयप्रकाश राणा : सर्किल इंस्पेक्टर, सदर पश्चिमी अंचल
- सतीश गोराई : सर्किल इंस्पेक्टर, सोनाहातू अंचल
- दयानंद कुमार, आलोक सिंह, तुलेश्वर कुशवाहा और महेश्वर रंजन : साइबर थाना
- विश्वजीत सिंह : प्रभारी, डीसीबी शाखा
- रविंद्र नाथ सिंह, कृष्ण तिवारी, दीपक सिन्हा, कुंदन कुमार, चंद्रशेखर कुमार, रोशन कुमार, विकास सिंह, संतोष यादव, विनीत कुमार, चंदन कुमार : पुलिस लाइन

## कृषि मंत्री ने की धान रोपनी, पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गीत गाती हुई गांव की महिलाएं हुई शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में ये वक्त धान रोपनी का है। हर तरफ पानी से भरे खेत में महिला - पुरुष की टोली धान रोपनी करते दिख रहे हैं। राज्य भर में लगातार हो रही झमाझम बारिश के बीच राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में महिलाओं के साथ धान रोपनी करने उतरी। अपने साथ राज्य की मंत्री को धान रोपनी करते देख गांव की महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई। आपको बता दें की झारखंड में धान रोपनी का एक अलग महत्व है। पारंपरिक रीति- रिवाज के साथ महिलाएं गीत गाती हुई अपने खेत में धान रोपनी करती है। धान रोपनी के वक्त गांव में उत्सव जैसा माहौल रहता है। किसान ईश्वर से अच्छी फसल होने का प्रार्थना कर धान की फसल की रोपाई करते है। चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के खेत में रोपा की सूचना पा कर बारिश के बावजूद महिलाओं ने खेत का रुख किया। रघुनाथपुर गांव की जॉनी उरांव ने कहा कि मंत्री को अपने साथ देख कर अच्छा लगा।

**आईएनएस निस्तार** राष्ट्र को समर्पित हुआ 2300 करोड़ की लागत से बना स्वदेशी युद्धपोत

# विकसित होते भारत का प्रतीक है 'निस्तार': रक्षा राज्य मंत्री

- देश के 120 एमएसएमई सेक्टर के सहयोग से तैयार हुआ 10,500 टन का जहाज

**नवीन मेल डेस्क**

### भारत के रक्षा क्षेत्र के विकसित होने का प्रमाण है 'आईएनएस निस्तार'



'आईएनएस निस्तार' भारत के रक्षा क्षेत्र के विकसित होने का प्रमाण है। आत्मनिर्भरता का पीएम का संकल्प और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मोटिवेशन से हमारे रक्षा क्षेत्र ने कई ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सफलताएं प्राप्त की है। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा 17वीं शताब्दी में स्थापित किए गए नौसेना को याद करते हुए संजय सेठ ने कहा कि हम छत्रपति शिवाजी की विरासत को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी प्रेरणा को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और राष्ट्र प्रथम के भाव से भारतीय नौसेना काम कर रही है। इसका परिणाम आज पूरी दुनिया देख रही है।

**रांची / विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को स्वदेशी पोत 'आईएनएस निस्तार' को नौसेना को समर्पित किया। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन गिने राष्ट्रों में शामिल हो गया, जिनके पास नौसेना का ऐसा अत्याधुनिक पोत है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, कमांड अधिकारी कमांडर अमित सब्रो बनर्जी, पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुनील लांबा भी मौजूद थे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम की प्रेरणा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में तैयार हुआ 'आईएनएस निस्तार' आत्मनिर्भर होते भारतीय नौसेना का प्रतीक है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे मंत्रों ने भारत को जो शक्ति दी है, 'आईएनएस निस्तार' इस शक्ति का सफल परिणाम है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ा है। हमारे कर्मयोगियों, वैज्ञानिकों के अनथक परिश्रम का परिणाम है कि हम स्वदेश में निर्मित जहाज का जलावतरण कर रहे हैं, विकसित भारत की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे सभी कर्मयोगियों को मैं बधाई देता हूं। उन्हें सैल्यूट करता हूं।

सेठ ने कहा कि 'आईएनएस निस्तार' सिर्फ हमारा युद्धपोत नहीं है, यह समुद्री क्षेत्र में हमारी बढ़ती शक्ति का प्रतीक है। दुनिया के बहुत कम ऐसे देश हैं, जिनके पास ऐसी सामरिक शक्ति वाला जहाज है। 2300 करोड़ रुपए की लागत से बना यह जहाज 10 मंजिला है। 10,500 टन वजन वाला निस्तार समुद्र की अथक गहराई में भी जाकर राहत और बचाव कार्य करने में सक्षम है। इसमें लगे उपकरण 1000 मीटर तक समुद्र की गहराई में जा सकते हैं और वहां राहत बचाव कार्य कर सकते हैं। इसके निर्माण में एमएसएमई से जुड़े देश की 120 छोटे-बड़े संस्थाओं ने अपनी भागीदारी दी है। निःसंदेह निस्तार अपने नाम को सार्थकता प्रदान करता है।

# न्यूज बॉक्स

## नए आपराधिक कानूनों के लिए गठित समितियों के कार्यों की डीजीपी ने की समीक्षा



**रांची।** झारखंड में नए आपराधिक कानूनों के लिए गठित छह समितियों के कार्यों की डीजीपी अनुराग गुप्ता ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक झारखंड पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुई। नए अपराधिक कानून के सफल कार्यान्वयन के संबंध में गठित विभिन्न समितियों के अब तक के कार्यों की समीक्षा की गयी। जिनमें लीगल कमेटी, पब्लिक अवेयरनेस कमेटी, टेक्निकल अपग्रेडेशन कमेटी, फाइनेंशियल कमेटी, ट्रेनिंग कमेटी और डिजिटल इन्वेस्टिगेशन कमेटी के अध्यक्षों और सदस्यों ने भाग लिया। डीजीपी ने इन समितियों के उद्देश्यों पर व्यापक चर्चा की। इन उद्देश्यों में डिजिटल एसओपी तैयार करना, डिजिटल अनुसंधान में संक्रमण का पर्यवेक्षण और निगरानी करना, वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन और खरीद प्रस्ताव तैयार करना, जमीनी स्तर पर तकनीकी ढांचे की तैनाती और रखरखाव सुनिश्चित करना, नए आपराधिक कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाना, सर्कुलर और मैनुअल की रूपरेखा तैयार करना, तथा पुलिस और सभी हितधारकों के सभी पदों के लिए बहुस्तरीय प्रशिक्षण विकसित करना और उसकी व्यवस्था करना शामिल था। डीजीपी ने सभी समितियों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया, ताकि राज्य में इन नवीन विधियों का कार्यान्वयन समयबद्ध और प्रभावशाली तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

## बिजली सरचार्ज से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ, चैंबर ने जताई आपत्ति



**रांची।** झारखंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्प्शन सरचार्ज रूल्स 2025 के तहत नगरीय उपभोक्ताओं पर 5 प्रतिशत बिजली सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव का झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कड़ा विरोध किया है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को चैंबर भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने प्रस्ताव को जनविरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। बैठक में सदस्यों ने कहा कि यह सरचार्ज व्यापार, उद्योग और निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा और आम जनता पर भी आर्थिक बोझ बढ़ाएगा। बैठक के बाद चैम्बर ने अपने सभी सदस्यों से अपील की कि वे इस प्रस्ताव के विरोध में अपनी आपत्ति संबंधित विभाग को प्रेषित करें। इस मौके पर आगामी 20 जुलाई को साहेबगंज में होनेवाली कार्यकारिणी समिति की बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। कार्यक्रम का आयोजन ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की मेजबानी में किया जाएगा। बैठक में नामकोम स्थित नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को लेकर भी चिंता जताई गई। इसके साथ ही बैठक में गढ़वा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को साझा किया और झारखंड चैम्बर से हस्तक्षेप की अपील की। बैठक में अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, प्रमोद सारस्वत, मुकेश पांडे, और गढ़वा चैंबर की ओर से बबलू पटवा समेत कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जेबीवीएनएल में गाड़ियों की खरीदारी में अनियमितता पर संघ ने जताई आपत्ति



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (कार्मिक सह सामान्य प्रशासन) सुनील दत्त खाखा से शुक्रवार को मुलाकात की। अजय राय ने निगम से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर महाप्रबंधक चर्चा की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उनके साथ श्रमिक संघ के सदस्य मुकेश साहू भी मौजूद थे। अजय राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक से यह मुलाकात संगठन और निगम के बीच संवाद को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) में बिना वैध निविदा प्रक्रिया के 40 गाड़ियों की खरीदारी या किराए पर लिए जाने के मामले पर गहरी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की और इसे वित्तीय अनियमितता और पारदर्शिता के खिलाफ बताया। बैठक में उन्होंने आगामी बहाली प्रक्रिया में पारदर्शिता, वर्तमान कर्मियों को प्राथमिकता, फील्ड में कार्यरत असंगठित और अनस्किल्ड वर्करों की सेवा शर्तों, कार्यस्थल पर सुरक्षा, ड्राइवरों को चार माह से लंबित वेतन भुगतान और फील्ड वर्करों की रोजमर्रा की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की। जीएम (एचआर) सुनील दत्त खाखा ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सज्जन कुमार पाड़िया हैं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के एकमात्र उम्मीदवार



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र- 2025-27 के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए एकमात्र उम्मीदवार सज्जन कुमार पाड़िया का नामांकन पत्र शुक्रवार को दाखिल हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 थी। नामांकन पत्र दिन में 4:00 बजे तक दाखिल करना था। बताया गया शाम 5:00 बजे नामांकन पत्र जांच करने के बाद सज्जन कुमार पाड़िया की उम्मीदवारी वैध पाई गई। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई 2025 को जारी की जाएगी। अशोक नारसरिया ने कहा कि शुक्रवार को सज्जन कुमार पाड़िया मारवाड़ी भवन कार्यालय में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का नामांकन पत्र दाखिल किया था। मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद सारस्वत तथा नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, अमित जालान आदि उपस्थित थे। ये जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## रांची स्मार्ट सिटी और एचईसी की खाली जमीन रैयतों को वापस हो : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि एचईसी क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए रैयतों से जमीन का अधिग्रहण किया गया था। लेकिन, समय सीमा के लंबे अंतराल के बाद भी रैयतों से ली गई जमीन पर आज तक कोई उद्योग नहीं लगा है। ऐसे में कानूनी तौर पर जमीन मालिकों जमीन वापस कर देनी चाहिए थी। प्रसाद ने विधायक राजेश कच्छप द्वारा रांची स्मार्ट सिटी की जमीन के म्यूटेशन को लेकर जो विरोध जताया गया है, उसे उचित बताया है। प्रसाद ने कहा कि स्मार्ट सिटी के लिए नियम-कानून की अनदेखी कर नाजायज तरीके से बिल्डरों-डेवलपर्स को जमीन दी जा रही है। प्रसाद ने खाली पड़ी जमीन को मूल रैयत को वापस करने की मांग की है।




## रांची में 18 साल पुराने स्कूल के गिरने से वृद्ध की मौत

# 12 साल बाद बंद हुआ स्कूल, 18 साल बाद धंस गया

**काजल मेहता। रांची।** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ के पास टंगरा टोली में शुक्रवार की सुबह 2007 में बना स्कूल धंस गया। हादसे के वक्त भवन के अंदर एक वृद्ध और तीन युवक थे। हादसे में टंगरा टोली निवासी सुरेश बैठा की घटना पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य तीन युवक मनीष, प्रीतम और मोटू शामिल है। इनमे से दो अधिक घायल है और तीसरे की स्थिति ठीक है। फिलहाल घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। यह स्कूल लम्बे समय से बंद था। वर्ष 2007 में स्कूल भवन का निर्माण हुआ था साल 2019 में यहां पढ़ाई करने वाले बच्चों को नजदीक के दुसरे स्कूल में पढ़ाया जाने लगा तब से ही यह स्कूल बंद है। हालांकि आस पास के लोगों का कहना है यह भवन पहले से ही जर्जर स्थिति में थी लेकिन ऐसी घटना घटेगी ये नहीं सोचा था। रांची उपायुक्त ने भवन को गिराने का आदेश दिया है वहीं मृतक के परिवार को मुआवजा देने की भी बात कही है।

## जर्जर भवन को नहीं गिराने से नाराज स्थानीय, कर सकते हैं सड़क जाम

वहीं, आस- पास के लोगों का कहना है कि प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि दो घंटे में जर्जर भवन को गिराया जाएगा लेकिन शाम तक कोई नहीं आया। स्थानीय लोगों ने कहा कि शनिवार की सुबह 9 बजे तक यदि जेसीबी नहीं लगेगी तो उनके द्वारा पिस्का मोड़ जाम कर दिया जाएगा। उनका कहना है इतनी बड़ी घटना घटी बावजूद इसके लापरवाही बरती जा रही है। उपायुक्त के द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद अधिकारियों ने भवन को नहीं गिराया। लोगों का यह भी कहना है कि भवन का छज्जा अभी भी लटक ही रहा है कभी भी गिर सकता है। यह जानते हुए भी प्रशासन ने बैरिकेटिंग नहीं लगाई। सांकेतिक रूप से सिर्फ रस्सी बांध दी गई है।

### यह घटना छोटी नहीं : राजू तिर्की



स्थानीय निवासी राजू तिर्की ने कहा कि यह स्कूल जब खाली हो गया था तभी इसे हटा देना चाहिए था। यह घटना छोटी लग रही है लेकिन है नहीं। जब भवन खाली पड़ी थी तो यहां आस पास के लोगों का बैठना उठना होता था। रोजाना करीबन 30 से 40 लोग भवन के बाहरी एरिया में बैठा करते थे। यह घटना यदि सुबह ना होकर किसी और वक्त होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

### स्कूल की नींव थी कमजोर : सीमा



सीमा टोप्पो ने बताया कि यह स्कूल 2019 में ही बंद कर दिया गया था जिसके बाद से यहां महिला कमिटी की महिलाएं बैठ कर मीटिंग किया करती थी। लोग भवन का अलग अलग तरीके से उपयोग करते थे। हालांकि यह भवन जर्जर तो थी ही लेकिन अंदरूनी तरीके से बाहर से देख कर ये कहा नहीं जा सकता था कि भवन धंस जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी भी खतरा टला नहीं है।

### अभी भी नहीं टला है खतरा : तुलसी



तुलसी तिर्की ने कहा कि यह घटना सुबह के 7.45 में हुई थी इसलिए लोग वहां कम थे। दिन या दोपहर के वक्त अधिक संख्या में लोग रहा करते है। यह घटना सुबह ना घटकर किसी और वक्त पर घटती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने कहा कि यह इलाका पत्थर वाला है जिस कारण स्कूल का भवन बनाते वक्त नींव अन्दर तक नहीं बनाया जा सका।

### बेसहारा बुजुर्ग गुजारता था जर्जर स्कूल में रात : पुतुल तिर्की



पुतुल तिर्की ने कहा कि जिस व्यक्ति की मौत हुई है मैं उनका ख्याल रखा था। इनके अनुसार कई बार मृतक सुरेश बैठा के परिवार को बोला गया था घर लेकर जाए लेकिन कोई नहीं लेकर गया। पुतुल तिर्की हीं खाना पीना देती थी। यह बुजुर्ग 60 से 65 वर्ष का था। वह इसी जर्जर भवन में सोया करता था।



आज भी खड़ा है रांची का सबसे पुराना प्रतिष्ठित स्कूल

## मामूली मरम्मत की बाट जोह रहा है राजधानी के शैक्षणिक इतिहास के आधार का स्तंभ

- 186 साल पुराना रांची जिला स्कूल निर्माण की गुणवत्ता और इमानदारी की बन गया मिसाल

**रांची।** एक तरफ राजधानी रांची के सुखदेव नगर स्थित टंगरा टोली में शुक्रवार की सुबह 18 साल पुराने स्कूल के धस जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 186 साल पुराना जिला स्कूल आज भी वैसे है खड़ा है। राजधानी रांची की लगभग सबसे पुराने विद्यालय जिला स्कूल को मामूली मरम्मत की जरुरत है। जिसके बाद यह विद्यालय भवन की खूबसूरती और ठाट बढ़ जाएगी। स्कूल से मिली जानकारी के मुताबिक संबंधित विभागों में कई बार स्कूल के जर्जर स्थिति की जानकारी दी गई है। भवन के कुछ हिस्सों में हल्की दरारे हैं जिसे सही मरम्मत के बाद ठीक किया जा सकता है। विभाग को भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग से सलाह कर जिला स्कूल की स्थिति को बेहतर किया जा सकता है। बहरहाल, 186 सालों के बाद भी जिला स्कूल सिर्फ थोड़ी मरम्मत का मोहताज है धसने जैसे हालात नहीं है।



### जिला स्कूल का जीर्णोद्धार किया जाएगा : शिक्षा सचिव

शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि अधिकारियों को भेज कर जिला स्कूल का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा जिला स्कूल रांची और झारखंड की धरोहर है इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के द्वारा सर्वेक्षण के बाद जिला स्कूल भवन के मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

## मारवाड़ी एवं रेट्रो थीम पर मनाया गया सावन सिंधारा



रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने शुक्रवार को सावन सिंधरा का आयोजन रांची के कचहरी रोड स्थित कड़ी पत्ता रेस्ट्रोरेंट में किया। कार्यक्रम में शाखा की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिला सदस्य मारवाड़ी और रेट्रो लुक में सजधज कर पहुंची थीं। सभी सदस्यों ने डांस प्रतियोगिता में भी भाग लिया। सावन सिंधरा में सभी सदस्यों ने एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी। सभी को तरह-तरह का गेम खेलाया गया और विजेता को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका कंचन सोमानी, कविता सोमानी, रंजूमालपानी, सोनम शर्मा ने बहुत ही सुंदर तरीके से कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। संयोजिका ने कंचन सोमानी ने बताया कि सभी महिला सदस्यों को उपहार भेंट किया गया है। वहीं, रांची समर्पण शाखा की तरफ से बेस्ट डांस, बेस्ट मारवाड़ी थीम ड्रेस अप, बेस्ट रेट्रो थीम ड्रेस करके आई बहनों को पुरस्कृत किया गया। सबने बहुत आनंद उठाया। साथ ही, लजीज व्यंजनों का भी आनंद लिया। बहुत ही हर्षोल्लास के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रितु पोद्दार, सयोजिका कंचन सोमानी, कविता सोमानी, रंजु मालपानी, सोनल शर्मा और पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य मौजूद थीं। यह जानकारी शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

- समर्पण शाखा की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में लिया हिस्सा

## 'कामिका एकादशी' है आत्मशुद्धि का अद्भुत अवसर : संजय सर्राफ

- इस वर्ष 21 जुलाई को है कामिका एकादशी व्रत

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत करने का खास महत्व होता है। इसे करने से व्यक्ति के जीवन के दुख दूर हो सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

संजय सर्राफ ने कहा कि सावन मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को 'कामिका एकादशी' कहा जाता है। यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है और इसका विशेष महत्व है, क्योंकि इसे पापों से मुक्ति, मनोकामना की पूर्ति और मोक्ष प्राप्ति का दिन माना जाता है। इस वर्ष कामिका एकादशी का व्रत 21 जुलाई दिन सोमवार को रखा जाएगा।

उन्होंने कहा, शास्त्रों में कहा गया है कि एकादशी व्रत से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य नहीं होता। ब्रह्मवैवर्त पुराण और स्कंद पुराण में कामिका एकादशी का महात्म्य विस्तार से वर्णित है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा एवं नियमपूर्वक भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और मन को शांति प्राप्त होती है। कामिका एकादशी का व्रत विशेष रूप से अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह जैसे आंतरिक दोषों से छुटकारा पाने का अवसर प्रदान करता है। यह व्रत व्यक्ति के भीतर सात्त्विकता का संचार करता है और अध्यात्म की ओर प्रवृत्त करता है। सावन मास में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह महीना स्वयं भगवान शिव और विष्णु दोनों की उपासना के लिए पवित्र माना गया है।

संजय सर्राफ ने बताया कि 'कामिका एकादशी' के दिन प्रातः स्नान कर व्रत का संकल्प लिया जाता है। घर में या मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप जलाकर, तुलसी दल चढ़ाकर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप किया जाता है। व्रती दिनभर उपवास रखते हैं और रात्रि में जागरण कर श्रीहरि का भजन-कीर्तन करते हैं। द्वादशी के दिन पारण कर व्रत पूर्ण किया जाता है।

## कामगारों को पहले की तरह वेतन मिलेगा, अवकाश भी : एचईसी

**रांची।** एचईसी के सप्लाई श्रमिकों के आंदोलन पर प्रबंधन ने स्थिति स्पष्ट की है। प्रबंधन ने कहा एचईसी ने सभी प्रक्रिया पूरी कर विभिन्न कार्यों के लिए ठेकेदारों को छह माह के लिए नियुक्त किया है। इन कार्यों को पूरा कराने के लिए प्लांटों में पूर्व में कार्य कर चुके अनुभवी श्रमिकों की नियुक्ति प्रस्तावित थी। लेकिन कुछ श्रमिकों में संशय है। प्रबंधन ने कहा है कि सप्लाई श्रमिकों को पूर्व की भांति वेतन मिलेगा। संविदा अवधि के दौरान आठ दिनों का अवकाश दिया जाएगा। संस्थान की ओर से घोषित सार्वजनिक अवकाश के दौरान पेड होलीडे रहेगा। बोनस का भुगतान नियमित होता रहेगा।




श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव

## महालक्ष्मी और भूदेवी के साथ पालकी पर आज नगर भ्रमण करेंगे भगवान वेंकटेश

- कांचीपुरम के प्रधान अर्चक श्रीवत्स भट्टर की मंडली पहुंची रांची

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर, रांची के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में भाग लेने के लिए दक्षिण के कांचीपुरम स्थित श्रीवरदराज भगवान के प्रधान अर्चक श्रीश्रीवत्स भट्टर अपनी टीम के साथ रांची पहुंच गए हैं। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में होने वाले श्रीसुदर्शन महाहोमम और भगवान का कल्याणोत्सव श्रीवत्स भट्टर मंडली द्वारा दाक्षिणात्य पद्धति से संपन्न कराए जाएंगे। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम दक्षिण के प्रसिद्ध वाद्य नादश्वरमके मधुर धुन में संपन्न होंगे। श्रीवत्स भट्टर के साथ पांच विद्वानों की टीम रांची पहुंच गई है। शनिवार (19 जुलाई) को अपराह्न 3:00 बजे जगत नियंता भगवान वेंकटेश, जगत धारिणी महालक्ष्मी और माता भूदेवी के साथ पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। वे भक्तों पर कृपा वृष्टि करते हुए उनके घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तक जाकर दर्शन देंगे। उनकी पालकी का भार उठाने के लिए 12 सदस्यों का विशेषज्ञ दल कांचीपुरम से रांची पहुंच गया है।

शुक्रवार के सायं 4:00 बजे से कलश स्थापना और यजमान संकल्प का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। वेदों के मंत्रोच्चारण के बीच वेंकटेश भगवान और जगत जननी श्रीश्रीदेवी और श्रीभू देवी को रक्षा-सूत्र अर्पण किया गया। इसके बाद वर पक्ष के मुख्य यजमान रामावतार एवं शारदा नारसरिया को रक्षा सूत्र बांधा गया। वधू पक्ष के मुख्य यजमान प्रदीप एवं उमा नारसरिया एवं अभिषेक एवं प्रीति नारसरिया को रक्षा सूत्र बांधा गया। फिर उपस्थित सभी यजमानों को रक्षा सूत्र बांधा गया। भगवान की नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कर्पूर आरती की गई। भक्तों के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। इसके पहले, ब्रह्म मुहूर्त में सृष्टि के रचयिता भगवान वेंकटेश और माता श्रीदेवी और भूदेवी के साथ शास्त्रोक्त विधि से अभिषेक किया गया।

### एनएच 39 में स्थित हेशमी टोल प्लाजा सुविधा और दुर्व्यवहार के बीच झूलता हुआ

# फर्जी आधार कार्ड बनवाकर टोल नहीं देने का करते हैं प्रयास

## संवेदक कंपनी को हो रहा महीने में डेढ़ से दो लाख का घाटा

- महिला कर्मियों द्वारा यात्रियों से किया जाता है दुर्व्यवहार

**मनोज मिश्रा**






**रांची।** एनएच 39 मांडर प्रखंड में स्थित हेशमी टोल प्लाजा जहां हजारों गाड़ियों का प्रतिदिन आवागमन होता होता है, यहां मांडर और चान्हो प्रखंड के स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए आधार कार्ड के आधार पर निशुल्क आवागमन करने दिया जाता है। हालांकि इस तरह की सुविधा देने का प्रावधान एनएचआई के गाइडलाइन में नहीं है लेकिन कंपनी स्थानीय लोगों को टोल से राहत देने के लिए बड़ी कदम उठाई है। मगर इस सुविधा का लाभ वे लोग भी लेने लगे हैं जो इन प्रखंडों में निवास नहीं करते हैं। गलत तरीके से फर्जी आधार कार्ड बना कर अपने को स्थानीय बताते हैं और बिना शुल्क दिए टोल गेट पार कर जाते हैं। प्रतिदिन 2000 गाड़ियां निशुल्क छोड़ी जा रही है जिससे कंपनी को डेढ़ से दो लाख का नुकसान हो रहा है। यह लाभ अगर स्थानीय लोग ले रहे होते तो बात ठीक थी मगर स्थानीय लोगों की आड़ में दूसरे लोग इसका लाभ ले रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने इस संबंध में पड़ताल की तो सूत्रों से ज्ञात हुआ कि आधार कार्ड में सभी पता तो स्थानीय दिखाते हैं लेकिन पिन कोड परिवर्तित नहीं करते हैं, पिन कोड से ही मामले का भंडाफोड़ हुआ है और फर्जी आधार कार्ड बनाकर लाभ लेने की जानकारी प्राप्त हुई है।

### हेशमी टोल प्लाजा में दुर्व्यवहार की लगातार आती हैं खबरें

सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि एनएच 39 में स्थित हेशमी टोल प्लाजा से आने-जाने वाले यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। टोल गेट में ड्यूटी दे रहे लोग दुर्व्यवहार करते हैं। महिला कर्मियों द्वारा ज्यादा दुर्व्यवहार करने की शिकायतें आ रही है। एक तरफ स्थानीय लोगों को टोल से राहत दी जा रही है वहीं दूसरी ओर दुर्व्यवहार की आती खबरें कंपनी के साख पर बट्टा लगा रही है। बीच-बीच में विवाद बढ़ने की खबरें लगातार आती है कंपनी को अपनी कर्मियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए टोल गेट का सही उपयोग हो सके सरकार को राजस्व मिल सके और पब्लिक को सुविधा मिल सके।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल एक गंभीर

**लापुंग।** लापुंग से सटे जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर मिशन के पास शुक्रवार को देर शाम लगभग 6:40 बजे दो अलग-अलग बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात बाइक सवार का घुटना से उसका पैर अलग हो गया।

वहीं दो अन्य घायलों में उनीकेल लापुंग निवासी फूलचंद उरांव की स्थिति भी गंभीर बतायी जा रही है वहीं उसी का साथी उनीकेल गांव निवासी सुमित उरांव को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को समाजसेवी कैलाश पाढी.ने 108 एंबुलेंस बुलाकर तुरंत अस्पताल भेजा। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी वाराणसी में शुरू



**रांची।** वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी में भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बतौर मुख्य वक्ता के रूप में अशोक भगत उपस्थित हुए । इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, श्रम एवं सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प और पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, त्रय विधायक डॉ. अवधेश सिंह, सुशील सिंह, डॉ नीलकंठ तिवारी, द्वय विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह व हंसराज विश्वकर्मा सहित मेरे पुराने साथीगण, शोधार्थी, व अनेक बच्चे/ बच्चियां उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या अलका सिंह व कार्यक्रम की संयोजिका अंजना सिंह का भी हार्दिक अभिनंदन किया गया।

## दिल्ली पहुंचे समाजसेवी कुर्बान खान व झामुमो नेता



**पिठौरिया।** कांके क्षेत्र के समाजसेवी कुर्बान खान, झामुमो नेता अजीजुल अंसारी और वसीम अकरम ने दिल्ली के निजामुद्दीन औलिया दरगाह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन (गुरुजी) के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ की। इसके बाद तीनों ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम गुरुजी के इलाज में जुटी है और उनकी तबीयत में लगातार सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बहुत जल्द गुरुजी पूरी तरह स्वस्थ होकर झारखंड लौटेंगे और सभी को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## चान्हो में वज्रपात से दो बैलों की मौत

**चान्हो।** प्रखंड के हुरहुरी गांव में शुक्रवार को शाम वज्रपात से दो बैलों की मौत हो गई। ये दोनों बेल किसान सुखराम महतो की थी। घटना शाम पांच पांच बजे के आसपास की है। घर से कुछ दूर में सुखराम महतो ने अपने बैलो को हल जोत कर चारा खिला रहे थे। अचानक तेज आवाज के वज्रपात हुआ था। बताते चले कि सुखराम महतो एक गरीब किसान है। जो अपनी जीविका खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण कर चलता है। किसान सुखराम महतो ने मुआवजे की मांग की है।

## विधायक से मिला आजसू छात्र संघ

**रांची।** आजसू छात्र संघ प्रदेश समिति का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व मैं मांडू धायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आजसू छात्र संघ की और से विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय एवं जनजाति भाषा की बीएड तथा स्नातकोत्तर स्तरीय पढ़ाई प्रारम्भ कराने को लेकर मांगपत्र सौंपा।प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय एवं जनजाति भाषाओ की स्नातकोत्तर स्तरीय की पढ़ाई न होना झारखंड के मूलवासी/आदिवासियो के लिए सांस्कृतिक छती है। झारखंड के सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए क्षेत्रीय एवं जनजाति भाषओं की उच्चतम स्नातकोत्तर स्तरीय की पढ़ाई होनी चाहिए।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो , महासचिव विशाल महतो ज्योत्सना केरकेट्टा, सुदामा महतो,सौरभ शर्मा ,ऋतुराज शाहदेव, नितेश महतो आदि मौजूद थे।

### डीडीसी ने मनरेगा और अबुआ आवास योजना का किया औचक निरीक्षण

# 15 दिनों के अंदर आवास योजना पूर्ण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

- अधूरे आवास योजना को देखकर डीडीसी ने पंचायत सचिव को लगाई फटकार

**लापुंग।** रांची के उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने लापुंग प्रखंड का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की और मनरेगा तथा अबुआ आवास योजना का भौतिक निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया अधुरे अबुआ आवास योजना को देखकर उन्होंने पंचायत सचिव सिरका मुंडा को कड़ी फटकार लगाई और लापरवाही और उदासीनता का पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों के अंदर आवास योजना को पूर्ण कराएं अन्यथा लाभुकों को योजना की राशि प्रदान न करें। उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने डाडी.पंचायत के डाडी. रामाटोली और दरमी टोली गांव में आवास योजना, मनरेगा के तहत चल रहे आम बागवानी, सिंचाई कूप निर्माण योजना सहित अन्य विकास योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। अबुआ आवास योजना अधुरा पाए जाने पर उप विकास आयुक्त ने पंचायत सचिवों को कडी. फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव फील्ड विजिट क्यों नहीं करते ? वहीं मौके पर मौजूद पंचायत सचिव सिरका मुंडा, रोजगार सेवक सुरेश कुमार ने कहा कि वे सभी लगातार गांवों का भ्रमण करते हैं और विकास योजनाओं की प्रगति भी देखते हैं। उन्होंने कहा कि आवास योजना में लाभुकों की लापरवाही है कि उन्होंने चेतावनी देने के बावजूद समय से काम शुरू नहीं किया। उप विकास आयुक्त के पूछे जाने पर बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि कडी.चेतावनी के साथ पुलिस प्रशासन का दबाव बनाकर अबुआ आवास का काम लाभुकों से शुरू कराया गया है। डीडीसी ने रामाटोली गांव का दौरा कर वहां रंथु मुंडा तथा भादु मुंडा के आम बागवानी सहित मनरेगा पार्क योजना का मनरेगा पार्क, तथा झिरगा मुंडा का कूप निर्माण योजना का औचक निरीक्षण किया। जबकि रामाटोली में उन्होंने चामा मुंडा तथा जमुना कुमारी ( ममता कुमारी) के निर्माणाधीन अबुआ आवास योजना सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं डाडी. सेमरटोली में सेतेंग बरला के निर्माणाधीन आवास योजना का भी औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, जिला के परियोजना पदाधिकारी रितु राज, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, मनरेगा के जिला समन्वयक अमित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज खलील, मनरेगा के सहायक अभियंता रंजन सिंह मुंडा, मनरेगा के कनीय अभियंता साकेत कुमार गिरी, इंद्रजीत यादव, आवास योजना के समन्वयक विनोद ऋषि नंदन, बजरंग साहु उर्फ मनोज कुमार साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## चान्हो प्रखंड में सब्जी के फसलों का हुआ है भारी नुकसान

**चान्हो।** पूर्व प्रखंड प्रमुख जुल्फान अंसारी बताते हैं कि प्रखंड में सब्जी के फसलों को भारी बारिश के कारण भारी नुकसान पहुंचा है जिससे लोगों को खाने के लिए सब्जी नहीं मिल रही है और सब्जी के दाम में आसमान छूती वृद्धि हुई है। इधर किसानों का कहना है कि जब से तेज बारिश हो रही है सभी सब्जी पानी के कारण गलने लगी है, जिससे खेतों में ही रह गई है। जो गहरी जमीन में उसमें की सभी सब्जी खत्म हो चुी है, जिस कारण लोगों को सब्जी नहीं मिल पा रही है।

## मांडर प्रखंड के छात्राओं के बीच साईकिल वितरित

**मांडर।** प्रखंड कार्यालय में विभिन्न स्कूलों के छात्राओं के बीच शुक्रवार को साईकिल का वितरण किया गया। मांडर प्रखंड अंतर्गत उचरी स्कूल के लगभग 40 बच्ची, मसमानों स्कूल के 10 छात्रा और महुआ जाड़ी स्कूल के 30 छात्रा के बीच साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी चंचला कुमारी ने कहा कि गरीब बच्चों में साईकिल वितरण से उनका मनोबल ऊंचा होगा और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। स्कूल का राह आसान होगा तो शिक्षा का राह भी आसान होगा। इस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का,उप प्रमुख अमानत अंसारी, शमसुल अंसारी, विनोद लकड़ा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता

# तीसरे दिन सेमीफाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 के तीसरे दिन सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। **अंडर-15 बालक वर्ग** : पहला सेमीफाइनलः संथाल प्रमंडल ने कोल्हान प्रमंडल को 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

**दूसरा सेमीफाइनलः** दक्षिणी छोटानागपुर ने उत्तरी छोटानागपुर को 1-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

**अंडर-17 बालिका वर्ग** : पहला सेमीफाइनलः दक्षिणी छोटानागपुर ने कोल्हान प्रमंडल को एकतरफा मुकाबले में 14-0 से पराजित किया।**दूसरा सेमीफाइनलः** उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल प्रमंडल को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। **अंडर-17 बालक वर्ग** : पहला सेमीफाइनलः संथाल प्रमंडल ने पलामू प्रमंडल को 4-1 से हराया। **दूसरा सेमीफाइनलः** उत्तरी छोटानागपुर ने कोल्हान प्रमंडल को 3-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन ए. सोरेंग ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता लगातार तीसरे वर्ष सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य के छात्र-छात्राओं को खेल के क्षेत्र में उभरने का अवसर मिल रहा है।

### चान्हो अंचल में म्यूटेशन संबंधी अनेक मामले लंबित

# लोग जालसाजी कर म्यूटेशन का करते हैं प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**




- एक जमीन की बार-बार हो रही रजिस्ट्री

**रांची।** चान्हो अंचल में भूमि विवाद संबंधी अनेक मामले सामने आ रहे हैं लोगों की शिकायत है कि अंचल अपना काम ठीक से नहीं कर रहा और बेवजह लोगों को परेशान कर रहा है। बार-बार उन्हें कार्यालय के चक्कर में फंसाया जा रहा है, और हर बार तकनीकी पक्ष का हवाला देकर लौटाया जा रहा है। ऐसे कई मामले अभी तक सामने आ गए हैं वहीं कुछ लोगों का कहना है कि पूरा प्रखंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है और इसे देखने वाला कोई नहीं है पदाधिकारी मनमानी कर रहे हैं जिससे जनता पीड़ित है।

इस संबंध में पूर्व प्रखंड प्रमुख जुल्फान अंसारी बताते हैं कि पूरा प्रखंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है जमीन के म्यूटेशन के नाम पर भारी रकम वसूल की जा रही है। एक लाख रुपए प्रति डिसमिल की जमीन से अगर किसी ने जमीन खरीदा है तो एक डिसमिल के म्यूटेशन के लिए एक लाख रुपए की डिमांड की जाती है। अंचल अधिकारी के केबिन के बाहर दलाल सक्रिय रहते हैं जो लोगों से भारी रकम वसूलने की फिराक में रहते हैं और अभी तक कई इसके शिकार भी हो चुके हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने इस मामले की तह जाने की कोशिश की तो ज्ञात हुआ कि भ्रष्टाचार के विषय को अगर किनारे छोड़ दें तो कई ऐसे मामले हैं जिससे आम जनता को अपना जमीन दाखिल खारिज कराने में परेशानी हो रही है। अंचल में राजस्व उप निरीक्षक के साथ अन्य कर्मचारियों की कमी है जिससे भी कम होने में विलंब हो रही है दूसरे पोर्टल सही ढंग से काम नहीं करता समय पर नहीं खुलता है जिससे डाटा एंट्री नहीं हो पाता है और लोगों को बार-बार अंचल के चक्कर काटने पड़ते हैं। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि एक ही जमीन की बार-बार रजिस्ट्री कर लोग म्यूटेशन कराने अंचल पहुंचते हैं मामले की छानबीन करने टीम उनके गांव पहुंचती है तो गांव के लोगों को भी सेट कर रखे हैं वह भी बताते हैं कि उनकी ही जमीन है। बात की गहराई तक पहुंचने में समय लगता है जिस कारण भी म्यूटेशन में विलंब हो रही है। अब तो जियो टैग फोटो एंट्री करना अनिवार्य हो गया है जब तक जियो टैग फोटो नहीं लगेगा तब तक म्यूटेशन नहीं किया जा सकता है इस बात की जानकारी कम लोगों को है और वे लोग बिना जियो टैग लगाए हैं म्यूटेशन करने अंचल पहुंचते हैं।

## संथाल में आजसू के संगठन विस्तार को लेकर जिला प्रभारी नियुक्त

- प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिलों में बैठक कर शीघ्र प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के निर्देश पर पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने संगठन विस्तार अभियान को गति देने के लिए विभिन्न नियुक्तियों की घोषणा की है। संथाल परगना प्रमंडल के छात्र–युवा आजसू प्रभारी के रूप में केंद्रीय महासचिव अजय कुमार की प्रभारी तथा दिलीप किस्कू को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दुमका में अरुण महतो एवं विक्रम सिंह को, साहिबगंज में आलोक जॉय पाल एवं मनोज मरांडी, गोड्डा में सचिन कुशवाहा एवं ध्रुव साह, देवघर में संजीव महतो एवं देवेंद्र महतो, जामताड़ा में मनोज सिंह मेलर एवं विनोद प्रसाद और पाकुड़ में चतुरानन पांडे एवं केदार महतो को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में पार्टी के संगठन को संथाल परगना में नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिलों में बैठक कर शीघ्र प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति करें और ग्राम स्तर तथा संगठन विस्तार अभियान को गति प्रदान करें।

**आजसू पार्टी एसटी प्रकोष्ठ के रांची महानगर प्रभारी बने निर्मल उरांव** : रांची महानगर अनुसूचित जनजाति प्रभारी निर्मल उरांव को बनाया गया है, जबकि महादेव टोप्पो और सुरेन्द्र लिंडा को पार्टी की रांची महानगर संयोजक मंडली का सदस्य बनाया गया है। इनलोगों को रांची महानगर में आदिवासी जनता के बीच पार्टी के संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है।

# न्यूज बॉक्स

## रांची एक्सप्रेस के अध्यक्ष के पिता का निधन




**रांची।** दैनिक समाचार पत्र रांची एक्सप्रेस के अध्यक्ष सुधांशु सुमन के पिता सतीश नाथ सहाय का गुरुवार देर रात हजारीबाग के नवाबगंज स्थित आवास पर निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने शिक्षा जगत में अमिट छाप छोड़ी और अनेक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने का कार्य किया। वे मूल रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड के घुघुलिया गांव के निवासी थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ा है जिसमें तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। इनके द्वितीय पुत्र सुधांशु सुमन रांची एक्सप्रेस अखबार का संचालन कर रहे हैं। शोक व्यक्त करने वालों में सुधांशु सुमन, निभा रंजन सुमन, श्रवण सहाय, प्रिया सहाय, सनातन सहाय , रीमा सहाय, बेटी सीमा सहाय, परमानंद ,प्रतीक प्रगति ,धनश्री एन सुधांसु , रियांश प्रिया ,शारदा देवी, प्रवीण कुमार ,रविशंकर गुप्ता, नितेश रंजन ,रितेश रंजन ,पवन सिन्हा आदि ने दी।

## फिर से भरी बारिश होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रांची।** राजधानी रांची में शुक्रवार को गर्जन के साथ झमाझम बारिश से मौसम बदल गया है। रांची में सुबह से दोपहर तक तेज धुप के बाद झमाझम बारिश हुई। राज्य के कई जिलों की यही स्थिति रही। सिमडेगा, रामगढ़, कोडरमा, गुमला, गोड्डा, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और बोकारो शामिल है। यहां गरज के साथ जोरदार बारिश हुई। कई जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया था। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 24 जुलाई तक बारिश की संभावना है। झारखंड में मानसून चढ़ने के बाद से पिछले एक दो दिन ही बस बारिश कम हुई थी की फिर से भारी बारिश का पूर्वानुमान सामने आया है। मौसम विभाग की मानें तो 23 और 24 जुलाई को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां एवं रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद तानी दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के 13 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इस बाबत आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 19 जुलाई से लेकर 22 जुलाई तक तक झारखंड में बारिश के आसार हैं। राज्य में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीनतम एवं शाश्वत है : डॉ जीबी पांडेय



**रांची।** यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची के तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक प्रशिक्षण पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा वैदिक काल से प्रवहमान है और आज तक अजस्त्र रूप में प्रवाहित है। भारतीय परंपरा में ज्ञान सर्वोपरि है। आचार्य देवो भव मातृ ,देवो भव,पितृ देवो,भव अतिथि देवो भव की अनुगूंज सुनाई पड़ती है। वसुधैव कुटुम्ब कम् की भावना भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल स्त्रोत है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा मूल्य परक और नैतिकता परक थी और भारत इसी ज्ञान परंपरा की बदौलत विश्व गुरु की संज्ञा से विभूषित था।आज की शिक्षा व्यावसायिक और रोजगार परक हो गई है।भारतीय ज्ञान परंपरा महर्षि वाल्मीकि,वेद व्यास, भवभूति कालिदास,पाणिनि ,सूर, तुलसी कबीर,जायसी से लेकर राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त और राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर तक की कृतियों में प्रवहमान है और पतित पावनी गंगा की तरह आगे भी प्रवहमान रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में बेड़ो लोहरदगा पथ पर रतन टोली गांव के समीप शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे स्कूटी व बाइक की टक्कर में स्कूटी सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बेड़ो घाघरा निवासी 73 वर्षीय रामनंदन महथा पिता स्व0 कन्हाई महथा के रूप में की गई। जो चट्टी से अपने घर घाघरा लौट रहे थे। जबकि बाइक सवार दंपति की पहचान डोरंडा पीपर टोली गांव निवासी 18 वर्षीय रोहित भगत पिता सुदामा भगत व ज्योति कुमारी के रूप में की गई। इधर घायल ज्योति ने बताया कि वे लोग अपने घर डोरंडा पिपरटोली जा रहे थे तभी घटना हुई। जहां सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां जांचोंप्रान्त चिकित्सक ने स्कूटी सवार को मृत घोषित कर दिए। जबकि गंभीर रूप से घायल रोहित भगत को रिम्स रेफर कर दिया। इधर सूचना मिलते ही बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, एएसआई आशीष रंजन, एसआई अनिल टोप्पो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने घटनास्थल स्थल से दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए शनिवार को रिम्स भेजा जाएगा। इधर मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

## डीसी से मिला केंद्रीय सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में केंद्रीय सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, डोरंडा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में कमेटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, सचिव मुमताज गद्दी, मौलाना मंजीरुद्दीन, रशीद अंसारी, अमन अंसारी और अरमान अंसारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मोहर्रम पर्व के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की। कमेटी ने कहा कि जिला प्रशासन के बेहतर इंतजामों ने पर्व को गरिमापूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्होंने उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री और समस्त जिला प्रशासन को हार्दिक धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं। कमेटी ने जिला प्रशासन के सहयोगात्मक रवैये और समुदाय के साथ समन्वय की भावना को विशेष रूप से सराहा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कमेटी के सदस्यों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन भविष्य में भी सभी पर्वों और उत्सवों के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान करता रहेगा।

### एनजीटी रोक के बाद भी अवैध बालू का खनन व परिवहन जारी

# अवैध बालू खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** राज्य में एनजीटी रोक के बावजूद चलकुशा एवं गोरहर थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनजीटी के रोक के बाद भी हर रात करीब दो दर्जन से अधिक टीपर और सैकड़ों ट्रैक्टर बालू से लदे एनएच दो मार्ग को पार कर अपने गंतव्य की ओर निकलते हैं, जिनका संचालन दो-तीन संगठित नेटवर्क द्वारा किया जा रहा है। यह पूरा कारोबार रात के अंधेरे में बेखौफ तरीके से चलता है। यह काम रात दस बजे से शुरू होकर सुबह 5-6 बजे तक जारी रहता है जो विभागीय चुप्पी और निष्क्रियता को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या यह चुप्पी अनभिज्ञता की है या कहीं मिलीभगत का संकेत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध धंधे से न केवल ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ी है, बल्कि सरकार को भी लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कभी कभार उच्च अधिकारियों को दिखाने के लिए ट्रैक्टर तो पकड़ लिए जाते हैं, लेकिन बड़े वाहनों को कोई रोक टोक नहीं करता है। गरीबों को बालू अब महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है। और मनमानी वसूली ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चलकुशा थाना के सामने से प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी होने के बाद भी अवैध बालू से लदे वाहनों का बेरोकटोक गोरहर थाना क्षेत्र से पार होना लोगों के बीच तीव्र असंतोष और शंका का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब आम राहगीरों से पूछताछ होती है। तो ये भारी वाहन कैसे आसानी से गुजर जाते हैं? क्या यह विभागीय लापरवाही है, या फिर पूरे सिस्टम की मिलीभगत ?

**क्या कहते हैं अधिकारी :** बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने कहा अवैध बालू खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कारोबारियों के विरुद्ध अब ठोस कार्रवाई कर इसमें शामिल दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि मेरे थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे वाहन गुजरते हैं इसकी मुझे कोई सूचना नहीं है। इस बात की मैं छानबीन करूंगा।

#### क्या कहते हैं कारोबारी

बालू तस्करी के कार्य में शामिल एक कारोबारी ने अपनी पहचान उजागर नहीं होने के शर्त पर बताया कि एनजीटी की रोक के बाद प्रति टीपर गाड़ी पुलिस प्रशासन को छह हजार से बढ़ाकर अब आठ हजार रुपए तथा प्रति ट्रैक्टर दो हजार रुपए से बढ़ाकर तीन हजार रुपए महीने का देना पड़ रहा है। साथ ही रात्रि गश्ती दल के द्वारा प्रति गाड़ी दो सौ रुपए और कारोबार को चलाने में शामिल नेटवर्क टीम को अलग से खर्च देना पड़ता है। जब यह कारोबार इतने बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि संबंधित विभाग और निगरानी एजेंसियों की आंखें इस पर कैसे बंद हैं। कहीं यह चुप्पी मौन स्वीकृति तो नहीं है।

## रिवरसाईड गांधी पार्क में धूमधाम से मनेगा दुर्गा पूजा

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित गांधी पार्क दुर्गा पूजा समिति की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ़ जिबू और संचालन राजू मल्होत्रा ने किया। इसमें प्रत्येक वर्ष की भांति दुर्गा और काली पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2024 के दुर्गा और काली पूजा के साथ 2025 के महाशिवरात्रि के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत हुआ। इसके बाद नई समिति का गठन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से संरक्षक सीसीएल बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी, अध्यक्ष भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा उर्फ नप्पू, पवन झा, सचिव विनय भगत उर्फ बीनू, सहसचिव राजू मल्होत्रा, सुदर्शन गुहा, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजन सिंह, बसंत कुशवाहा को बनाया गया।

## प्रखंड मनरेगा संघ का हुआ गठन नारायण बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई। अध्यक्षता बीपीओ श्याम नाथ वर्मा तथा संचालन लेखा सहायक अजीत कुमार ने किया। बैठक में प्रखंड मनरेगा संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार,सचिव अजीत कुमार, उपसचिव जैकी प्रसाद ,कोषाध्यक्ष रघुनंदन कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी महेश कुमार, महामंत्री शिवशंकर प्रसाद, संगठन मंत्री प्रवीण वर्मा को बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष नारायण प्रसाद ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं निष्ठा पूर्वक कार्य करुंगा। साथ ही उन्होंने सभी साथियों का आभार जताया। 8 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने पर सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए 20 जुलाई को हजारीबाग में होने वाले प्रदेश स्तरीय मनरेगा संघ की मनरेगा संघ की सम्मेलन की जानकारी दी गई जिसको सफल बनाने का संकल्प लिया। मौके पर रोजगार सेवक शिवशंकर यादव, शशि कांत कुमार, शिव कुमार यादव, भरत कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, बिनोद कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार समेत सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित

# ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा से जोड़ने का होगा हर संभव प्रयास : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** ट्रांसजेंडरों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से समाहरणालय सभा कक्ष में सम्मान समारोह सह ट्रांसजेंडर कार्ड वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन। मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा क ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा से जोड़ने एवं सम्मानित जीवन जीने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित ट्रांसजेंडरों से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मौके पर उपायुक्त ने ट्रांसजेंडरों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर उपायुक्त ने समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न विभागों में दैनिक मजदूरी दर पर ट्रांसजेंडरों को रोजगार देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने समाहरणालय एवं बस स्टैंड रामगढ़ में ट्रांसजेंडर शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपस्थित ट्रांसजेंडरों को शॉल ओढ़ाकर व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिलाडीह की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह की जर्जर सड़क इन दिनों सुर्खियों में है। दो दशक पूर्व बना यह सडक इतनी जर्जर हालत में है कि लोगों को पैदल भी चलना भी दुभर हो गया है। इस बाबत ग्रामीणों ने जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में जर्जर सड़क को अविलंब बनवाने को लेकर पांच सौ ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिले के उपायुक्त को सौंपा है। मौके पर समाजसेवी सुनील कुमार पाण्डेय पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकनाथ राणा ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी समाजसेवी अजय कुमार मौजूद रहे।

### प्रदेश वैश्य मोर्चा ने महाधरना को लेकर की बैठक

## 31 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर त्राहिमाम महाधरना है आहूत



**रामगढ़ ।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पतरातू और बड़कागांव प्रखंड के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा के उत्सव मैरिज हॉल में हुई । इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदूरिया ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थे। बैठक में 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना की तैयारी की समीक्षा की गई और दिल्ली जाने वालों की सूची बनाने की जवाबदेही दोनों प्रखंड अध्यक्ष को दिया गया। बैठक में तय किया गया कि दिल्ली जाने वाले सदस्य उसके पहले अपने-अपने क्षेत्र में बैनर, पोस्टर लगाने और पर्चा वितरण का काम करेंगे, ताकि आम लोगों को उनके दिल्ली जाने का उद्देश्य पता चल सके। महेश्वर साहु ने कहा कि आज वैश्य और ओबीसी का मुद्दा झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमें इस बात का गर्व है कि वैश्य और ओबीसी का मुद्दा भुरकुंडा से शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना कार्यक्रम में आसपास के राज्यों के वैश्य नेताओं, सांसदों, विधायकों तथा बुद्धिजीवीयों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। कई लोगों ने आने की सहमति दी है, जिनके नामों की विधिवत घोषणा बाद में की जाएगी। इस अवसर पर महाधरना से संबंधित पोस्टर, स्टीकर और पर्चा भी जारी किया गया। केंद्रीय तैयारी समिति की अगली बैठक 20 जुलाई को रामगढ़ में रखी गई है, जिसमें पतरातू और बड़कागांव के भी प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। यह भी तय किया गया कि जो सदस्य किसी कारणवश दिल्ली नहीं जा पा रहे हैं, लेकिन वे प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग करेंगे।

## छात्र-छात्राओं ने जीता गोल्ड मेडल

**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में बरही डीएवी पब्लिक स्कूल के चार छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल के साथ एक एक हजार रुपये के नगद पुरस्कार जीता है। तीन छात्रों ने गोल्ड मेडल के साथ पांच सौ रुपये का चेक प्राप्त किया। पांच छात्रों को गोल्ड मेडल के साथ डिजिटल वॉच मिला। छात्रों को गोल्ड मेडल के साथ साइंटिफिक कैलकुलेटर मिला। कुल मिलाकर 60 छात्र छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, 41 ने रजत पदक और 36 ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया। गुरुवार को प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतिभा खोज परीक्षा में बच्चे अपने नैसर्गिक गुणों को प्रदर्शित करते हैं।

### विधायक ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगिण विकास के लिए पूरी तरह से कृत संकल्पित हूं। योजनाओं को धरातल पर लाकर क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उक्त बातें मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कही। उन्होंने कहा कि जनता का विकास ही सर्वोपरि है। उनका विकास नहीं हमारा लक्ष्य है। वे शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से नगर परिषद क्षेत्र के बीआरएल में दो अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने अभिमन्यु प्रसाद के घर से राजेश मंडल के घर तक 17 लाख 27 हजार 62 रुपए की लागत से 350 मीटर पेवर्स ब्लॉक व दूसरी योजना उपेंद्र सिंह के घर से रविंद्र सिंह के घर तक 6 लाख 51 हजार की लागत से 150 मिटर पीसीसी सड़क बनाने की योजना है। वहीं शिलान्यास के दौरान शिलापट पर प्राकलित राशि नहीं लिखे जाने के सवाल पर तिवारी महतो ने कहा कि यह बात मेरे संज्ञान में आया है। इस पर जरूर पहल की जाएगी। साथ ही इस मुद्दे को विधानसभा के बैठक में भी रखने का काम किया जाएगा।

## कड़ी धूप व भारी वर्षा में भी सेवा दे रही है ट्रैफिक पुलिस, शेड की है आवश्यकता



**बरही।** ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना ने बरही की ट्रैफिक व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। प्रतिदिन लगने वाले जाम से यात्रियों सहित स्थानीय लोगों को राहत मिली है। लोगों की मानें तो यह व्यवस्था एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के सार्थक पहल का परिणाम है। उनके प्रयास से बरही को एक दर्जन से अधिक ट्रैफिक पुलिस मिले हैं जो बाईपास और बरही चौक पर ट्रैफिक के बेहतर व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त हैं। कोनरा बाईपास के पास प्रतिनियुक्त ट्रैफिक पुलिस सुरेश कुमार टेटे और दिलीप बा ने बताया उनकी ड्यूटी सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक की है। इस दौरान वे दोनों दिल्ली या गया की ओर से जानेवाले भारी वाहनों को शहर की ओर से जाने से रोकते हुए सीधे बाईपास मार्ग से भेजने का काम करते हैं।. इस दौरान कुछ वाहन चालक शहर से हीं जाने की जिद कर बैठते हैं, जिसे बड़ी मशक्कत से समझा कर बाईपास मार्ग से भेजने का काम करते हैं। इनलोगों ने वाहन चालकों से ट्रैफिक नियम पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वे सभी आमलोगों को सुविधा देने के लिए हीं कड़ी धूप व भारी वर्षा में खड़े होते हैं। उनके कर्तव्य निर्वहन में आम जनों के सहयोग की आवश्यकता है। अपनी समस्याओं को बताते हुए कहा कि रात्रि 8 बजे तक सेवा देना पड़ता है। ऐसे में बाईपास के ट्रैफिक चेक पोस्ट पर लाइट और धूप व पानी से बचने के लिए ट्रैफिक छावनी की व्यवस्था होनी चाहिए।

### मूसलाधार बारिश में भी जर्जर कच्चे मकान में रहने को विवश है परिवार

# कभी भी ध्वस्त हो सकते ही झोपड़ी पीएम आवास योजना में है नाम नहीं मिला मकान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हो रही लगातार भारी बारिश से कई कच्चे मकान ध्वस्त हो रहे हैं। आशियाना का कोई दूसरा विकल्प नहीं होने से लोग जान जोखिम में डालकर उसी जर्जर कच्चे मकान में रहने को विवश हैं। इस क्रम में जानकारी देते हुए गैड़ा पंचायत के उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि गैड़ा निवासी बासुदेव राणा का कच्चा मकान भारी बारिश के दौरान जर्जर हो गया है। जिसमें वासुदेव राणा समेत पत्नी तथा छोटे छोटे बच्चे इस मकान में रहने का मजबूर हैं। मकान इतनी जर्जर हालत में है कि इस मूसलाधार बारिश में कभी भी ध्वस्त हो सकती है और बड़ी घटना घट सकती है। बासुदेव राणा सरकारी आवास लेने की अहर्ता रखते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री आवास सूची में नाम रहने के बावजूद भी उन्हें आवास नहीं मिला। इस गांव के ही गीत देवी पति इंद्रदेव ठाकुर जो आवास विहीन है। अपना आवास नहीं होने के कारण दूसरे के घर में बच्चों के साथ रहने का मजबूर है। अबुआ आवास के सूची में गीता देवी का नाम रहने के बावजूद आवास मुहैया नहीं कराया गया। अहर्ता रखने के बावजूद भी योग्य लाभुकों को आवास मुहैया न कराना भी अपने आप में एक बड़ा सवाल पैदा करती है। आक्रोशित लाभुकों ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर शिकायत करने की बात कही है।

## नगर परिषद व छावनी परिषद में किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उन्होंने अलग-अलग योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा क्षेत्र में साफ सफाई, जल जमाव आदि के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेते हुए इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने मायाटुंगरी पहाड़ पर किया पौधरोपण



**रामगढ़।** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मायाटुंगरी पहाड़ पर शुक्रवार को पौधरोपण किया। समिति के सदस्यों ने कई फलदार पौधे लगाए। मौके पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि पौधे लगाना केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य देने का संकल्प है। यदि हम आज पौधे लगाएंगे, तो कल यह आने वाली पीढ़ियों के लिए फल और छाया देंगे। इस दिशा में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। पुटूस ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में हर नागरिक को पौधे अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जुड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन समिति के सक्रिय सदस्य अजय राम,पिंटू मालाकार,अमर बोदरा,श्रीधर सिंह,राम कुशवाहा,रघुवरन स्वामी,सिकंदर सोनी आदि उपस्थित हुए।

## टेंपो पलटने से एक की मौत

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी अंतर्गत पोचरा के गिरि मोहल्ला के पास नाले में गुरुवार की रात अनियंत्रित होकर एक टेंपो पलट गई। इससे टेंपों में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से रामगढ़ सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात टेंपो (जेएच 24 ए 5753) को लेकर चालक करण सिंह पिता रंजीत सिंह करमा से पोचरा होते हुए रांची रोड की ओर जा रहा था। इसी बीच उक्त नाला के पास स्पीड ब्रेकर और अंधेरा होने की वजह से अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिसमें टेंपो सवार बरवाटांड़ (मरार बस्ती) रामगढ़ निवासी शंकर ठाकुर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि चालक करण सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कुजू पुलिस ने टेंपो को जब्त कर ओपी ले आई है। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## तीर्थयात्रियों का सम्मान समारोह आज

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल अपने क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से तीर्थयात्रियों को तीर्थाटन पर भेज रहे हैं। रामगढ़ विधानसभा से पहला जत्था शनिवार को रवाना होगा। शनिवार को संध्या 4:00 बजे माता विघ्नेश्वरी मंदिर सुभाष चौक के समीप भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य में सभी तीर्थयात्रियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान देते हुए तीर्थयायात्रियों के मंगलमय यात्रा की कामना करेगा। उक्त जानकारी भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष अमित साहू और सचिव सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को दी।

## बीडीओ की उपस्थिति में किया गया बीज का वितरण, किसानों को मिला लाभ



**बरकट्ठा।** आत्मा द्वारा नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन एवं न्यूट्रीशन मिशन दलहन क्लस्टर उड़द प्रत्यक्षण के अंतर्गत शुक्रवार को पंचायत शिलाडीह के ग्राम लेम्बुवा और गोरहर के किसानों के बीच बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग की उपस्थिति में किसानों को उड़द के बीज वितरित किए गए। मौके पर गोरहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, उपमुखिया, किसान मित्र, बीटीएम चिंता हरण पाठक समेत कई पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। वही बीज प्राप्त करने वाले किसानों में छुमू हांसदा, सुनीता हांसदा, अनीता बास्के, दुर्गा बास्के, काली टुडू, कर्मी टुडू, काली महतो, मुकेश महतो, छोटन कोल, अरुण कुमार, शिल्ला देवी, चिन्ता मनी देवी, ह्रदयाल महतो समेत अन्य किसान शामिल थे।

## 18 जुलाई 1947 को ही भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया था

**बरही ।** 15 अगस्त 1947 को भारतीयों ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति मिली, और भारत आजाद हुआ. देश को अपना नियम व कानून चलाने का अधिकार मिला. इसके लिए ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई 1947 को ही ब्भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया था. जिसने भारत की आज़ादी की नींव रखी. इस अधिनियम के तहत भारत को औपचारिक रूप से ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र घोषित किया गया. फलस्वरूप 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली और भारत व पाकिस्तान दो स्वतंत्र राष्ट्र बने. यह अधिनियम लाखो लोगों के बलिदान और वर्षों की आज़ादी की लड़ाई, आंदोलन व क्रांति का परिणाम था.यह अधिनियम न केवल भारत की स्वतंत्रता का कानूनी आधार बना, बल्कि उपमहाद्वीप के राजनीतिक नक्शे को बदल भारतीय उपमहाद्वीप के भविष्य की दिशा तय किया. इस कारण 18 जुलाई को भारतीय इतिहास में संवैधानिक आज़ादी के निर्णायक क्षण के रूप में जाना जाता है. दूसरी ओर यह अधिनियम ही भारत-पाकिस्तान के बंटवारे का कानूनी आधार बना. जिसमें लाखों लोग बेघर हुए और दंगों में मारे गए. इसी अधिनियम के तहत ब्रिटिश शासन का भारत पर अधिकार समाप्त हुआ. भारत व पाक दोनों देशों को संविधान सभा गठित करने और संविधान बनाने की स्वतंत्रता मिली. ब्रिटिश राज के अधीन सभी संधियाँ, समझौते और व्यवस्थाएं समाप्त हुई और भारत और पाकिस्तान को गवर्नर जनरल नियुक्त करने की स्वायत्तता प्राप्त हुआ.

## पैदल बाबाधाम जल चढ़ाने निकला श्रद्धालु

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया के केसडा के श्रद्धालु सुल्तानगंज होते हुए देवघर यात्रा पर निकले हैं। केसडा निवासी दुखन महतो टाटीझरिया चौक से गुरूवार प्रात: में गेरुआ वस्त्र धारण कर पैदल यात्रा पर निकल चुके हैं। टाटीझरिया से सुल्तानगंज और फिर बाबा नगरी देवघर तक 355 किमी पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि यहां से पैदल यात्रा करते हुए सुल्तानगंज जाएंगे और फिर वहां उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान कर जल लेकर वहां से फिर पैदल यात्रा करते हुए बाबा नगरी देवघर पहुंचेंगे एवं बाबा को जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह श्रद्धा और बाबा भोले के प्रति आस्था है। जो भी बाबा के प्रति आस्था रखेगा बाबा की कृपा हमेशा उसके साथ रहेगा। पैदल बाबा के दरबार में पहुंचने का कुछ और ही मजा जो बाबा से मिलता है।

# असहाय बच्चों के बनवाए जा रहे हैं आधार कार्ड

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से गरीब,असहाय व अनाथ बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए साथी नामक अभियान की शुरुआत की गई है। नालसा द्वारा संविधान के अनुरूप समान न्याय को बढ़ावा देने के लिए देशव्यापी अभियान साथी लांच किया गया है। इसका उद्देश्य असहाय बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करते हुए सामाजिक कल्याण सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना है। सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि बच्चों के लिए उपलब्ध सभी सरकारी लाभ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि के लिए आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बगैर बच्चे सभी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि 26 जून तक आधार कार्ड रहित अनाथ और असहाय बच्चों का सर्वेक्षण व पहचान की गई है। वहीं पांच अगस्त तक शिविर लगाकर आधार कार्ड के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए जिला साथी कमेटी का गठन किया गया है,जो प्रखंड स्तर पर सर्वेक्षण व पहचान का कार्य कर रही है। ऐसा कोई जरुरतमंद सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकार में पहुंचकर इसके बारे जानकारी दे सकता है। सचिव ने बताया कि जिले के सभी आधार केंद्रों में मंगलवार और शुक्रवार को विशेष कैंप लगाकर चिन्हित बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है। बताया गया कि अब तक 14 असहाय,अनाथ और लाचार बच्चों का आधार कार्ड के लिए प्राधिकार द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से आग्रह किया है कि ऐसे बच्चों का आधार कार्ड अगर नहीं बना है तो इसकी जानकारी प्राधिकार को दें।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता कराया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अपूर्वा मिंज, एफएसएलसीडी राहुल कुमार और संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजीव कुमार, द्वितीय स्थान बहन शिखा कुमारी और तृतीय स्थान मेघा कुमारी ने प्राप्त किए। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा के बारे में बताते हुए यह बताया गया कि एक्सपायरी डेट वाला खाना नहीं खाना चाहिए साथ ही खाना को हमेशा ढक कर रखना चाहिए। राहुल कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी। तम्बाकू छोड़ने की शपथ दिलाई गई और साथ ही यह बताया गया कि मादक पदार्थों की आदत को छुड़ाने हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल में मुफ्त में दवा वितरित की जाती है। यह भी बताया गया कि देश में तम्बाकू के कारण ही कैंसर तेजी से पनप रही है। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में जिला से आए सभी आगंतुकों को प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू, आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या श्रीमती लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, बसंती देवी, सुश्री शकुंतला कुमारी, यमुना कुमारी, निशि कुल्लू,प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी, रेखा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# विद्यालय से एमडीएम चावल व अन्य सामानो की हुई चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के चाडरीमुंडा पंचायत अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंवराजोर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेंजराकानी में एमडीएम चावल एवं अन्य सामानों की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई। चोरी की घटना बुधवार की रात में हुई है। इस संबंध में दोनों स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं थाना को घटना की लिखित सूचना दी है। राप्रावि अंवराजोर के प्रधानाध्यापक विलोसन सोरेंग ने अपने आवेदन में लिखा है कि गुरुवार को जब विद्यालय 9 बजे सुबह पहुंचा तो देखा कि स्कूल का दो कमरा एवं किचेन का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला था। अंदर देखने पर एमडीएम चावल दो बोरी, दाल, तेल मसाला सहित खाना बनाने वाला कड़ाही, डेग, डेकची, थाली, गिलास, बाल्टी सब गायब था। वहीं जेंजराकानी का प्रधानाध्यापक सेलेस्टीन किस्पोटा ने बताया कि स्कूल का रूम व किचेन रूम का ताला तोड़कर 6 बोरी चावल,आलू ,अंडा, दाल, तेल की चोरी हुई है। दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापक ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र में एमडीएम चावल चोरी होने की घटना बढ़ गई है। चार दिन पहले भी राणाटोली स्कूल में चावल की चोरी हुई थी।



## ग्रामीणों को लिफ्ट देकर उनसे लूटपाट करने का आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने शुक्रवार को ग्रामीणों को लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि बांसजोर निवासी पारसनाथ प्रधान नामक वृद्ध अपनी पत्नी बसंती के साथ खाद बीज खरीदने के लिए सिमडेगा के बाजार टांड़ के पास खड़े थे। इसी दौरान नीला टी शर्ट पहने गुमला निवासी हीरालाल साहू नामक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की बाइक से इनके पास पहुंचा और उनको फ्री में खाद बीज दिलाने की बात कर वृद्ध दंपति को अपने बाइक पर बैठा कर सुनसान जगह ले गया और उनसे डरा धमकाकर 9000 रुपए लूट लिया। इसके बाद यह व्यक्ति प्रिंस चौक पहुंचा। जहां टुकूपानी निवासी मंजू देवी खाद बीज खरीदने के लिए बैंक से पैसा निकाल कर बाजार की तरफ जाने लगी। इसी दौरान हीरालाल बाइक लेकर उसके पास आया और उसे बाजार पहुंचने की बात कह उसे बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद वह महिला मंजू को सुनसान जगह लेजाकर उससे 1000 रुपए लूट लिया। घटना के बाद पीड़ित सदर थाना पहुंचे और मामला दर्ज करवाई। मामला दर्ज कर पुलिस तुरंत एक्शन में आई। थाना प्रभारी रोहित कुमार की अगुवाई में टीम गठित कर अनुसंधान शुरू की गई। पुलिस की तत्परता से अपराधी हीरालाल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इसके पास से लुट की 11820 रुपया और लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई।

## कांवरिया सेवा संघ की बैठक कल तैयारियों की होगी समीक्षा

**सिमडेगा।** कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा की बैठक 20 जुलाई को संध्या 7:30 बजे से आयोजित होगी। बैठक विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय होटल युवराज के परिसर में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिंह उर्फ पिंटू ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान 27 जुलाई को टुकूपानी में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर किए जा रहे तैयारियों की समीक्षा 20 जुलाई की बैठक में किया जाएगा। उन्होंने कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के सभी पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्धजनों तथा धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है

## प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षकों को प्रशस्त एप का दिया गया प्रशिक्षण

**कोलेबिरा।** प्रखंड स्थित एस एस प्लस टू विद्यालय सभागार में प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षकों को का प्रशस्त ऐप का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीईईओ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सतपति कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीलिमा कुजूर, कंप्यूटर ऑपरेटर नीलम नायक,एम डी एम कंप्यूटर ऑपरेटर गोविंद सिंह,थैरेपिस्ट शिक्षक जयप्रकाश सिंह उपस्थित थे।जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापकों को 17 जुलाई गुरुवार को और सहायक शिक्षकों को 18 जुलाई शुक्रवार को प्रशस्त ऐप का प्रशिक्षण थैरेपिस्ट शिक्षक जयप्रकाश सिंह के द्वारा दिया गया। प्रशस्त ऐप में में सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करते हुए दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया जाना है और दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाना है।

## अवैध तरीके से बैंक का पासबुक और फॉर्म बेचने वाले पर शाखा प्रबंधक सख्त

**जलडेगा।** बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बैंक ऑफ इंडिया का पासबुक, खाता खोलने, पैसा जमा और निकासी का फॉर्म को अवैध तरीके से दुकानों में बेचने वाले दुकानदारों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों को कड़ी हिदायत दी है। दुकानों में लगातार बिक रहे पासबुक और फॉर्म की शिकायत मिलने के बाद शाखा प्रबंधक ने यह बात कही है। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया का फॉर्म, पासबुक आदि बेचने वाले दुकानदारों से कहा कि बैंक को बदनाम करने की कोशिश न करें। जो भी बैंक ऑफ इंडिया का फॉर्म और पासबुक बेच रहे हैं वो जल्दी से इस तरीके के अवैध काम को बंद कर दें अन्यथा फिर कभी शिकायत मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैंक ऑफ इंडिया के सभी खाताधारकों से शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने मीडिया के माध्यम से अपील करते हुए कहा है कि बैंक में पर्याप्त मात्रा में पासबुक और फॉर्म उपलब्ध है, जो आप लोगों को निशुल्क दिया जाना है। इसके लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति अथवा दुकानों में जाने की आवश्यकता नहीं है न ही किसी को पैसा देना है। यदि कोई दुकानदार आपसे बैंक का फॉर्म या पासबुक के लिए पैसे की मांग करे तो इसकी सूचना आप स्वयं शाखा प्रबंधक को दे सकते हैं।

## झारखंड आंदोलनकारियों की हुई बैठक

**कोलेबिरा।** प्रखंड के अंचल कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक ने आंदोलनकारी को मिलने वाली सुविधाओं के बारे जानकारी ली। बैठक में विधायक ने अंचल कर्मियों को झारखंड आंदोलनकारी को चिन्हित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र संबंधित जो भी जाति, आवासीय,आय, वनपट्टा लंबित हैं उसे जल्द से जल्द वेरीफाई कर बनाया जाए साथ ही प्रखंड क्षेत्र में बनने वाले सरना-मसना स्थल को भी वेरि इफाई कर जल्द से जल्द भेजें। बैठक में कोलेबिरा अंचल निरीक्षक संजीवन बड़ाइक,अंचल बड़ा बाबू उपेन्द्र बैठा,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हृदय नाथ पांडेय,अंचल कर्मी गण,झारखंड आंदोलनकारी जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर सेनापति, आंदोलनकारी सरयू राम,आंदोलनकारी सदस्य रविंद्र यादव,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोंगारी, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष तजमुल अहमद, विधान सभा युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, कोलेबिरा पंचायत अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग, रैसिया पंचायत अध्यक्ष कंदरू नायक उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में जिला कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड की हुई बैठक

# एचआईवी की रोकथाम के लिए बेहतर योजना बनाए जाएंगे

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** शुक्रवार को जिला यक्ष्मा केंद्र में डॉ. आनंद खाखा की अध्यक्षता में पी-एमपीएसई (परियोजना आधारित मानचित्रण जनसंख्या अनुमान) राउंड-2 के तहत पहली 'कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड' की बैठक हुई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन और झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति) द्वारा प्रायोजित है। बैठक का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति उच्च जोखिम समूहों का आंकलन और मानचित्रण करना था, जिससे रोकथाम के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके। इसमें यह भी तय किया गया कि स्कूल और कॉलेजों में जाकर युवाओं को एचआईवी व टीबी के प्रति सूचना, शिक्षा और संचार के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। पी-एमपीएसई का क्रियान्वयन 'प्रिंस आर्ट एंड रूरल डेवलपमेंट सोसायटी' संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस बैठक में मनोज कुमार झा, दीपा कुमारी, विकास कुमार बड़ाईक, शकुंतला सिंकु, सरोज कुमारी महतो, आशीष जोसेफ तिर्की, देवेश कुमार सिंह, रश्मि सोरेंग, मधुस्मिता बड़ाईक, परितोष केरकेट्टा, जसवन्ती इंदवार, पम्मी खातून, जोरमंती सोरेंग सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाढ़ से गार्डवाल क्षतिग्रस्त सड़क टूटने का खतरा

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत रायकेरा पंचायत के चांद साय मोड़ से घाट बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर कांटा गांव के पास स्थित नाले पर बना गार्डवाल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार गार्डवाल की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है और भविष्य में तेज बारिश की स्थिति में सड़क के ध्वस्त होने की संभावना बढ़ गयी है।मामले की जानकारी होने पर रायकेरा पंचायत के झामुमो अध्यक्ष जैसूआ कुडू ने प्रखंड झामुमो उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन तथा झामुमो प्रखंड सचिव अमित बडिंग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त गार्डवाल का निरीक्षण किया और स्थिति की जानकारी लिया।निरीक्षण के बाद प्रखंड प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द गार्डवाल की मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों की आवाजाही बाधित न हो और कोई बड़ा हादसा न हो।

# पांच साल बाद गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर,ग्रामीणों में हर्ष

- बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती थी वहीं किसानों को भी खेती-बारी सिंचाई करने में दिक्कत होता था

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के बिंतुका पंचायत अंतर्गत रौतिया बहुल गांव करकट्टा में 5 साल बाद नया ट्रांसफार्मर लग गया। जिसका उद्घाटन रौतिया समाज प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। महेश सिंह ने बताया कि करकट्टा गांव में बीते 5 साल से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब थी जिससे पूरे गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती थी वहीं किसानों को भी खेती-बारी सिंचाई करने में दिक्कत होता था। जंगली क्षेत्र होने के कारण आए दिन जंगली हाथी विषैले सांप और जंगली जीवों का खतरा बना रहा था। परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने महेश सिंह से संपर्क कर गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया।महेश सिंह के द्वारा बिजली विभाग से संपर्क कर परेशानी को बताते हुए उनके अथक प्रयास और पहल से नया ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया गया जिसका उद्घाटन फीता काटकर किया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव की ग्रामीण काफी खुश नजर आए। उन्होंने रौतिया समाज प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद कहा।मौके पर लाईन मैन एरिक केरकेट्टा, जयराम सिंह,मोहन सिंह, सूरजीत सिंह, संतोष कन्डुलना, शिवचरण सिंह, बुधना डांग ,मंगल कंडुलना, जगतपाल सिंह, मोहन सिंह, अशोक डांग, मिथुन जोजो, सुदर्शन कन्डुलना, तिलकू महतो,सोसन कन्डुलना, चन्द्रा कन्डुलना के आलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सांप के काटने पर युवक को समय पर मिली एंटी स्नैक वैनम, बची जान



**बानो।** प्रखण्ड के जराकेल निवासी कृष्णा सिंह को साँप काटने से हुआ घायल। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा सिंह शुक्रवार सुबह खेत काम के लिए जा रहा था तभी जहरीले सांप ने पैर में काटा। साँप के काटने पर तुरन्त घर आकर परिवार वालों को जानकारी दिया ।जानकारी होने पर घायल को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले जाया गया। चिकित्सा प्रभारी डा मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर इलाज हो जाने के कारण स्वस्थ में सुधार हुई । उन्होंने बताया कि साँप काटने की दवाई सी एच सी बानो में उपलब्ध है। ग्रामीण समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। वहीं कहा कि कृष्णा सिंह की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर है।

### बानो स्टेशन नवीनीकरण कार्य से यात्रियों को हो रही परेशानी



**बानो।** भारतीय रेलवे की चर्चित स्लोगन है कि आपकी यात्रा, हमारी प्राथमिकता ,सुरक्षित यात्रा,सुखद यात्रा। परन्तु राउरकेला-रांची रेलखंड पर यह देखने को नहीं मिलती है। बानो होकर ट्रेनें तो चलती है पर ओड़गा, बानो, बक्सपुर, गोबिंदपुर आदि स्टेशनों के पैसेंजर कहाँ बैठे ।जेनरल बोगी पहले से ही भरी आती है रिजर्वेशन बोगी में बैठ नहीं सकते हैं। जाए तो कहां जाएं। पैसेंजर ट्रेन अहले सुबह रांची की ओर जाती हैं और लौटती है रात्रि आठ बजे। अपने को ऊपर तक पहुंच बताने वाले जनप्रतिनिधियों ने अपने स्तर से विभिन्न ट्रेनों की ठहराव बानो स्टेशन में करती रही है, पर मुख्य यात्रियों की समस्या न रेलवे के अधिकारियों को न दिखती है न हमारे जनप्रतिनिधियों को। अक्सर देखा जाता है बानो रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म 1,2,खाली रहने के बावजूद विभिन्न ट्रेनों को तीन नम्बर प्लेटफार्म में लिया जाता है रिलवे के अधिकारियों से पूछे जाने पर ऊपर की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं ।प्लेटफॉर्म नम्बर एक ट्रेन के नहीं आने से वृद्ध ,बच्चे, व्यपारियो सहित अन्य पैसेंजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि बानो रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म तीन में नाश्ता पानी की कोई सुविधा नहीं है। दो व तीन प्लेटफॉर्म के बीच कार्य प्रगति पर है के नाम पर जगह जगह बड़े बड़े लकड़ी के टुकड़े,ईंट, बरसाती घास है ।जिससे अक्सर पैसेंजरों को फंसते देखा गया है। ट्रेन चढ़ने के आपाधापी में लोग ईंट पत्थर के चपेट में आ जाते हैं।

### चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सात अगस्त से, इंट्री हुई शुरू

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत के कोम्बाकेरा बड़काटांड़ फुटबॉल मैदान में चार दिवसीय पुरुष महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त 2025 से 10 अगस्त 2025 तक होगा। कमेटी के सचिव नीलय प्रेम तिर्की ने बताया की एंट्री फीस 1551रुपया रखा गया है और अंतिम एंट्री फीस लेने की तिथि 4 अगस्त 2025 तक है। कमेटी के अध्यक्ष आनंद साहू, उपाध्यक्ष निर्मल टेटे,सचिव निलय प्रेम तिर्की,कोषाध्यक्ष पवन टेटे और कमेटी के सदस्य कल्याण टेटे, डिमोलडर टेटे,अजित तिर्की,तेलेस्फोर डुंगडुंग,आशीष टेटे,अनलेस मिंज,अनुप मिंज,दीपक तिर्की,शैलेंद्र टेटे,जोन डुंगडुंग,बिनोद डुंगडुंग, अशोक साहू,महेश साहू,बजरंग साहू,करण साहू,सचिन साहू,नितिश साहू,चुमक साहू,जस्टिन टेटे,विजय बघवार,अनतोनी बघवार,सुरेश पाणिग्रही हैं।

### किसानों के बीच मूंगफली बीज का किया गया वितरण



**बानो।** प्रखंड के बड़कादुइल पंचायत में 50 किसानों के बीच मूंगफली बीज का वितरण किया गया। मूंगफली बीज का वितरण प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय सिंह, मुखिया अनिल लुगुन, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, सचिव अमित बडिंग और कोषाध्यक्ष जगदीश बागे ने किया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने लोगों को बीज का सही उपयोग करने, बीजोपचार करने का जानकारी दी ।बीज का अच्छे से देखभाल कर बेहतर उपज करने की सलाह किसानों को दी ।इस अवसर पर लालू बड़ाइक,जनकु सिंह,महेश सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्रों के बीच योग शिक्षा का आयोजन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित कोलकाता चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में वर्ग एलकेजी,यूकेजी और वर्ग स्टैंडर्ड वन के 97 बच्चों के बीच योग शिक्षा का आयोजन किया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आई हुई ज़िलास्तर द्वारा भेजी गई योग शिक्षिका खुशबू कुमारी ने बच्चों को योग सिखाई जिससे बच्चे अति उत्साहित के साथ योग सीखे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शिव शंकर बेरा ने योग से होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुए योग सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है बोलते हुए शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर विधालय के शिक्षक विल्कन डांग,देवनन्दन बेरा,शिक्षिका प्रमिला,अंबिका,काजल,रीतू,हेमंती उपस्थित थे।

# आसमानी कहर ने ले ली एक व्यक्ति की जान

नवीन मेल संवाददाता

● मामला कटकोको गांव का, पंचायती करने के वक्त घटी घटना



**तिसरी (गिरिडीह)।** बरसात के मौसम में वज्रपात का होना बढ़ जाता है। जिससे लोगों पर खतरा मंडराने लगता है। हालांकि प्रशासन ने भी सख्त हिदायत दी है कि जब बिजली कड़ने लगे तो लोग वृक्ष के नीचे कभी भी न रहें, क्योंकि उस समय बिजली गिरने का काफी खतरा रहता है। कुछ इसी तरह का मामला देखने को मिला। गांव में चल रही थी पंचायती, तभी होने लगी बारिश, बारिश से बचने के लिए पास स्थित घर के बरामदे में पहुंचे लोग तभी आसमान से बरपे कहर ने ले ली एक की जान। गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत गड़कुरा पंचायत के कठकोको गांव में उस वक्त कहर बनकर आसमानी बिजली बरपी जब गांव में पंचायती चल रही थी। बारिश से बचने के लिए पास स्थित एक घर के बरामदे में चले गए। उसी वक़्त वज्रपात हुई और उसकी चपेट में आकर बरामदे में खटिया पर बैठे 4 लोग अचेत हो गए। जिसके बाद मौजूद अन्य लोगों ने सभी को उठाया, बाकि के तीन लोग होश में आ गए लेकिन 38 वर्षीय रमेश टुडू की मौत हो गई। परिजनों ने आनन - फानन में ऑटो में डालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन चेतन के शव को ऑटो में डालकर वापस घर ले गए। मृतक रमेश रमेश कठकोको के बुधन टुडू का पुत्र था।

## बाबा बैजनाथ धाम दर्शन के लिए 30 कांवरियों का जत्था सिसई से देवघर को हुए रवाना



**सिसई (गुमला)।** बाबा बैजनाथ धाम में जलार्पण व दर्शन के लिए 30 शिवभक्त कांवरियों का एक जत्था "कांवरिया संघ सिसई" के बैनर तले गुरुवार देर रात को "बाबा नगरी" देवघर के लिए रवाना हुए। शिवभक्तों ने जानकारी देते हुए कहा कि सन् 1998 से लगातार बाबा बैजनाथ को जल अर्पित करने के लिए "बाबा नगरी देवघर" जा रहे हैं और बाबा की कृपा से हर वर्ष बहुत अच्छे से जल अर्पित कर रहे हैं और कुशलपूर्वक वापस लौट रहे हैं कभी कोई परेशानी नहीं हुई है ये भोलेनाथ जी का हम सब पर असीम कृपा है। और उनके आशीर्वाद से आगे भी हर सावन को जलार्पण करने के लिए जाते रहेंगे और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुल्तानगंज से जल उठाकर पैदल ही चलकर "बाबा की नगरी" जाएंगे और सोमवार को बाबा बैजनाथ को जलार्पण करेंगे। तत्पश्चात बासुकीनाथ दर्शन करने जाएंगे और वापसी में त्रिकूट पर्वत,लक्ष्मण झूला इत्यादि का दर्शन करते हुए लौटेंगे। सिसई से विकास दुबे, सहित 30 शिवभक्त कांवर यात्रा में शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बोल बम के गगनभेदी नारों के बीच छोटकी बरही से देवघर के लिए रवाना हुए कांवरिया



**बरही।** हर हर महादेव, बोल बम जैसे गगनभेदी नारों के बीच रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही से दर्जनों कावरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ. रवानगी के पूर्व स्थानीय महावीर मंदिर में पूजा अर्चना किया. जिन्हे ग्रामीणों ने भक्ति भाव से देवघर के लिए रवाना किया. कांवरियों ने बताया कि श्रावण मास भगवान भोले को अधिक प्रिय है. किंवदंती है कि इस माह में अर्पित किया गया जल से विशेष पुण्य मिलते हैं. वे सभी पिछले चार वर्षो से सुलतानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर पदयात्रा करते हुए देवघर में बाबा भोले का जलाभिषेक कर रहे है. देवघर के बाद वे सभी फौजदारी बाबा का जलार्पण करने बासुकीनाथ भी जाते हैं. देवघर जाने वालों में चौरंगी कुमार, सनीहाल कुमार, शंभू कुमार, सूरज कुमार, डेविड कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजकुमार, रीतलाल कुमार आदि शामिल थे. जिन्हे रामावतार साहू, बिरेंद्र कुमार, शंकर कुमार, अरुण रविदास, रवि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भरत कुमार, शिशुपाल कुमार आदि ने विदा किया.

### जीटी रोड पर बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहे हैं दावत कई हो चुके हैं घायल, आमजन परेशान



**बरही।** जीटी रोड पर बने गड्ढे से वहान चालक के साथ आम जन परेशान हैं. गया रोड ओभरब्रिज से नीचे उतरते ही बड़े बड़े गड्ढे देखने को मिल जाते हैं. जिसमें कई बड़े वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तो कई बाईक सवार घायल भी हो चुके हैं. रात्रि में वाहनों के लाइट में तो यह गड्ढा पता भी नहीं चल पाता है. जिसको लेकर लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। इसकी मरम्मती को लेकर स्थानीय समाजसेवी कई बार आवाज उठा चुके हैं. बा\ बावजूद विभाग कुंभकर्णी निद्रा में है. यदि इसे जल्द मरम्मत नहीं करवाई गई तो भविष्य में बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है. स्थानीय लोगों ने विभाग से यथाशीघ्र उक्त गड्ढे के भरने और सड़क मरम्मती की मांग की है. नहीं तो फिर आंदोल को बाध्य हो जाएंगे।

## पहाड़ी मंदिर से युवक लापता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डेन निवासी अजय साहू उर्फ गोलू जिनकी उम्र 37 वर्ष लंबाई 5 फीट रंग गोरा जो दिनांक 14 जुलाई 2025 दिन सोमवार को पहाड़ी मंदिर रांची के पास से लापता हुए हैं जिनकी सूचना अभी तक नहीं मिल पा रही है अजय साहू ने नारंगी रंग का कुर्ता पहना हुआ है। उक्त व्यक्ति की कोई भी जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 9110168014 पर सूचना दें।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक ग्रामीण और दो बकरी की मौत

घाघरा थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव में शुक्रवार को 4 बजे आसमानी बिजली के चपेट में आकर नाथपुर निवासी 67 वर्षीय भईया राम उरांव की मौत हो गई साथ में दो बकरी भी मर गई। परिजनों ने बताया कि भैया राम खेत में मवेशी चरा था और आसमानी बिजली के साथ बारिश होने लगा तो भैया राम अपना मवेशी लेकर घर जाने लगा लेकिन घर जाते वक्त रास्ते में वह बिजली के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई साथ में उसके कुछ मवेशी का भी ठनका के चपेट में आने से मौत हो गई ।

## दो अनियंत्रित ट्रकों की आमने सामने हुई टक्कर, कोई हताहत नहीं



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय जामताड़ा मुख्य मार्ग स्थित पननिया मोड के पास शुक्रवार की सुबह दो ट्रकों की टक्कर हो गई, हालांकि टक्कर होने से किसी भी प्रकार का हताहत नहीं हुई ट्रक के दोनों चालकों को हल्की फुल्की चोट आई है और दोनों ट्रक के कुछ मशीन टूट गए घटना अहिल्यापुर थाना क्षेत्रांतर्गत होने से उक्त क्षेत्र के पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों ट्रैकों को सड़क से किनारे किया गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक भागलपुर से मकई लोड करके धनबाद के बरवाडीह की और जा रही दूसरी ट्रक छड़ लोड करके बंगाल से बेगुसराय जा रही थी इसी क्रम में पननिया गांव के तीखी मोड रहने के कारण दोनों ट्रक में टक्कर हो गई । ट्रकों के चालक ट्रक की मरम्मति करवाने में जुटे हुए।

### गुमला में जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

# उपायुक्त ने जनता की समस्याएं सुन दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस जन सुनवाई में बिशुनपुर थाना क्षेत्र की जामटोली निवासी एक युवती ने शिकायत की कि गांव के कुछ असामाजिक युवक उसे बार-बार परेशान कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। युवती का कहना है कि उसे काम करने से भी रोका जा रहा है। इस मामले में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला के अंतर्गत आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटरों ने शिकायत की कि जनवरी 2025 से कार्यरत होने के बावजूद विगत छह माह में सिर्फ एक माह का मानदेय ही उन्हें मिला है। इस पर उपायुक्त ने मानदेय भुगतान में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डुमरी प्रखंड अंतर्गत शंखसरडीह से बिर्री गांव तक की सड़क की जर्जर स्थिति से जुड़ी शिकायत भी उपायुक्त को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़क के कारण उन्हें आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। इस पर उपायुक्त ने सड़क मरम्मत हेतु आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा।

इस जन शिकायत निवारण दिवस में सड़क, भूमि विवाद, बैंक संबंधित समस्या, मुआवजा, रोजगार, भूमि अधिग्रहण, ऑनलाइन दाखिल-खारिज और शिक्षा से जुड़ी कुल 20 से अधिक शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखी गईं। सभी मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## गुमला में बॉक्साइट खनन क्षेत्र में अनियमितताएं उजागर



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक की टीम द्वारा गुमला जिले में संचालित बॉक्साइट खनन पट्टा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसके आधार पर जिला प्रशासन ने खनन कंपनी को अंतिम कारण पृच्छा नोटिस जारी किया है। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि खनन कार्य अनुमोदित योजना के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और पर्यावरणीय प्रबंधन की घोर उपेक्षा पाई गई। खनन क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाएं और पुनर्स्थापना कार्य पूरी तरह अनुपस्थित रहे।अम्बाकोना मौजा स्थित कथित स्टॉक यार्ड से खनिज का परिवहन हो रहा था, लेकिन वहां प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्था नदारद थी। ट्रक चालकों ने शिकायत की कि कंपनी के ठेकेदार द्वारा उन्हें रातभर रोके रखा जाता है, परंतु जल, बिजली, शौचालय व विश्राम की कोई व्यवस्था नहीं है।

## चबूतरे के लिए चक्कर लगा रहे ग्रामीण नहीं हो रहा समाधान



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में इन दिनों एक चबूतरे के चक्कर में गांव के लोग चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं. प्रखंड मुख्यालय के पास बसे बूटबरिया गांव में एक सरकारी चबूतरा को लेकर विवाद है. यहां स्थित एक चबूतरा पर बैठने को लेकर ग्रामीणों और गांव के ही एक व्यक्ति के बीच रोजाना संघर्ष चल रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी चबूतरे को कब्जाया जा रहा है. गांव का कोई भी व्यक्ति उस चबूतरे पर बैठता है तो उस व्यक्ति या उसकी पत्नी द्वारा गाली गलौज किया जाता है. इसको लेकर दीपक रविदास,मुकेश तुरी,बलदेव तुरी,तालो बास्के, कौशल हेमब्रम, महेंद्र तुरी समेत दर्जनों ग्रामीण कभी थाना तो कभी अंचल का चक्कर लगा रहे हैं. पदाधिकारियों के उदासीनता से नाराज ग्रामीण शुक्रवार को एक बार फिर उपायुक्त के नाम आवेदन के साथ पारम्परिक मांदर और डुगडूगी लेकर तिसरी अंचल कार्यालय पहुंचे.लेकिन अंचलधिकारी कार्यालय नहीं में नहीं थे, मौके पर उपस्थित झमोनो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल ने अंचलाधिकारी को फोन कर मामले से अवगत कराया. जिसके बाद अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को दुबारा आने का समय दिया है.गाँव में वर्षों पहले सरकारी चबूतरे का निर्माण करवाया गया है. हाल के कुछ सालों में चबूतरे से सटाकर एक व्यक्ति ने घर बना लिया है.जिसके बाद से यह विवाद शुरू हो गया.

## वज्रपात से मरने वाले लोगों के परिजनों से मिले बीडीओ - सीओ, परिजनों को बंधाया ढांढस

नवीन मेल संवाददाता

● बीडीओ ने पीड़ित परिवार से कहा कि इस दु:ख की घड़ी में पूरा प्रशासन आपके साथ खड़ा है



**जलडेगा।** प्रखंड अंतर्गत लम्बोई पंचायत के बाड़ीसेमर गांव में गुरुवार दोपहर को हुई वज्रपात से दो चचेरे भाई सुरेश गोंड़ और राजकिशोर गोंड़ की मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं एक साथ गांव में दो - दो शव निकलने से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जिसके बाद शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी जलडेगा शंभू राम, मुखिया शिशिर डांग, राजस्व कर्मचारी अभय जॉन केरकेट्टा, उमेश ठाकुर और पंचायत के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। बीडीओ ने पीड़ित परिवार से कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आवास योजना का लाभ, बच्चों का कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन, विधवा पेंशन और वज्रपात से मानव क्षति होने पर आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली राशि, त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं सीओ शंभू राम ने मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक और राजस्व कर्मचारी को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनाने में सहयोग करने का निर्देश दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक बोरी चावल भी दिया गया।

### भरनो में गुमटी दुकान में चोरी की चौथी वारदात

# पान गुमटी से 25-30 हजार रुपए के सामानों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता। भरनो (गुमला)

● विचारणीय तथ्य यह है कि जहां चोरी हुई, वहीं पहले पुराना थाना मौजूद था, इसके बावजूद इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं



एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित भरनो के पुराना अस्पताल के पास रमेश गुप्ता की पान गुमटी में बीते रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गुमटी का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर रखे लगभग 25 से 30 हजार रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। चोरी की जानकारी दुकानदार रमेश गुप्ता को शुक्रवार सुबह हुई। उन्होंने बताया कि यह उनकी गुमटी में चोरी की चौथी घटना है, जिससे वे मानसिक रूप से बेहद आहत हैं। बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय दुकानदारों में भय और नाराजगी का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि चोरों में पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। विचारणीय तथ्य यह है कि जहां चोरी हुई, वहीं पहले पुराना थाना मौजूद था, इसके बावजूद इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रमेश गुप्ता ने भरनो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। मामले की सूचना मिलते ही भरनो थाना के एसएसआई अमोद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ने के प्रयास तेज़ कर दिए गए हैं।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**बिशुनपुर (गुमला)।** 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक चलने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विशुनपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजना चौधरी ने की।ार्यशाला में क्षेत्र के सीएचओ, एएनएम, सहिया, बीटीटी सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला मास्टर ट्रेनर एवं एसटीएलएस राजेश उरांव ने उपस्थित कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सहिया द्वारा घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान की जाएगी, जिससे कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। साथ ही सीएचओ को प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करनी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रंजना चौधरी ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर टीबी मरीजों की पहचान, इलाज और दवा वितरण सुनिश्चित कर ही हम टीबी मुक्त भारत का सपना साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर अधिकारी मनोज चौधरी, एसटीएस विकास मिन्ज, एसटीएलएस राजेश उरांव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –11/2025–26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 24.07.2025 को अपराहन 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 25.07.2025 को अपराहन 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 25.07.2025 को अपराहन 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का सीनः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day to day operation of motor pump for water supply, repair and replacement of damaged sanitary fittings, motor pump, sewerage work & other misc. work at different places of Sri Krishna Institute of Public Administration, Meyar's Road, Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. (for the year 2025-26) | 2495635.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 Year |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 357670 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D



भू–अर्जन वाद संख्या–78/2022–23
झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**
**LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT** हेतु ग्राम– कुदलुय थाना–नगड़ी, थाना संख्या–124, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा–**1.444** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल रकबाः–**1.444** एकड़ है, जो ग्राम–कुदलुय थाना–नगड़ी, थाना संख्या–124, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित हैः–

**मौजा– कुदलुम**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 32 | 1439 | दोन तीन | 0.008 | बिगलो उराईन पति–स्व० बीढ़वा उराँव | 1438 | 1440 | 1437 | 1446 |
| 02 | 32 | 1438 | टाड़ दो | 0.334 | जगरनाथ उराँव वगैरह पिता–लोहरा उराँव, बंसती केरकेट्टा पति–स्व० देवचरण भगत | 1397 | 1439 | 1437 | 1446 |
| 03 | 37 | 183 | टाड़ तीन | 0.031 | महली उराँव वगैरह पिता–ढीबुआ उराँव, वो चौधरी उराँव | 187 | 187 | 187 | 182 |
| 04 | 83 | 1436 | टाड़ दो | 0.029 | बिरसा उरांव, वैगरह, मेथी उराँव वगैरह पिता–गतेला उराँव | 1437 | 1435 | 1428 | 1434 |
| 05 | 95 | 1446 | दोन तीन | 0.012 | सोमा उरांव, वगैरह करमा उराँव पिता–सोमरा उराँव, Madhu Kujur पिता–Devlal Oraon, Aksah Oraon पिता–Laldeo Oraon, Maldeo Oraon पिता–Kaleshwar Oraon | 1397 | 1440 | 1438 | 1447 |
| 06 | 109 | 1437 | टाड़ दो | 0.256 | मांगा उराँव वगैरह पिता–गुलवा उराँव | 1397 | 1434 | 1397 | 1439 |
| 07 | 109 | 1396 | टाड़ दो | 0.401 | मांगा उराँव वगैरह पिता–गुलवा उराँव | 1395 | 1397 | 1394 | 1397 |
| 08 | 111 | 1428 | टाड़ दो | 0.115 | सोमा उरांव वो चन्दा उराँव, वगैरह पिता–सोमरा उरांव मनोज कुमार मिंज पिता–इसीदोर मिंज, श्रीमती सिन्ता एक्का पति–फिलिप मिंज, श्री इसीदोर लकड़ा पिता–स्व० जोहन लकड़ा, Bernard Toppo पिता–Late Jowkim Toppo | 1397 | 1429 | 1427 | 1436 |
| 09 | 120 | 1394 | टाड़ दो | 0.123 | राम उरांव, वगैरह पिता–सुकरा उरांव वगैरह सिलवन्ती कुजुर पिता–श्री सिलवानुस कुजुर, Jeetram Tirkey पिता–Late Charwa Oraon | 1395 | 1397 | 1393 | 1396 |
| 10 | 120 | 1220 | टाड़ दो | 0.135 | राम उरांव, वगैरह पिता–सुकरा उरांव वगैरह किरन लकड़ा पति–सोमा उराँव, मंजु कच्छप पति–विस्णुदेव कच्छप, Vijay Birja Gari पिता–Lurku Gari, Muktesh Oraon पिता–Sukra Oraon | 1221 | 1397 | 1225 | 1219 |
| | | | कुल | 1.444 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–
ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि०भू०अ०का०, राँची। | कानूनगो जि०भू०अ०का०, राँची। | जिला० भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 357678 (Land Reforms)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, सामाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। -ओशो

# संपादकीय

## कृषि योजनाओं को लागू कराना चुनौती

भारत कृषि पर ही निर्भर है क्योंकि इसकी बड़ी अर्थव्यवस्था इसी पर टिकी है पर किसानों की स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं आया। कृषि उत्पादों की मूल्य वृद्धि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित होती है पर बीज,खाद और रासायनिक दवाओं में मनमानी वृद्धि खबर ही नहीं बनती क्योंकि इसके पीछे बड़ी शक्तियां होती हैं। राज्यों में कृषि विभागों की पोस्टिंग अधिकारियों को सजा लगती है क्योंकि इसमें ग्लैमर नहीं और हर साल सरकारी बीज खाद वितरण में गड़बड़ी मामूली खबर बन कर रह जाती है भ्रष्ट अधिकारियों को सजा का उदाहरण दुर्लभ है। केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित जिस प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है, वह कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार करने का वायदा तो खैर करती ही है, भारत को आत्मनिर्भर और जलवायु-अनुकूल कृषि व्यवस्था की ओर ले जाने का संकल्प भी दर्शाती है। योजना के तहत अगले छह वर्षों में चौबीस हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के निवेश के साथ सौ जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन जिलों का चयन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन सभी में फसलों का उत्पादन कम, फसलों की सघनता मध्यम और ऋण उपलब्धता औसत से कम है। इस योजना की खास बात यह है कि यह नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है, और जो केंद्र के ग्यारह मंत्रालयों की छत्तीस मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगी, जिससे संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित होगा। भारतीय कृषि को लंबे समय से कम उत्पादकता, जलवायु में बदलाव, और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह योजना इन चुनौतियों के अलावा, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देती है। योजना के तहत फसल विविधीकरण के माध्यम से किसानों की एक ही फसल पर निर्भरता कम होगी। यह योजना खासकर छोटे और सीमांत व महिला किसानों, कृषि-तकनीकी स्टार्टअप और स्वयं-सहायता समूहों को फायदा पहुंचाएगी। अनुमान है कि इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे, जिससे स्वाभाविक ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी विकास होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह केवल सब्सिडी आधारित राहत न होकर, संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित है। इससे किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक के हर चरण में सशक्त बनेगा। हालांकि कम उत्पादकता वाले सौ जिलों का चयन और वहां रणनीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन एक जटिल प्रक्रिया होगी। इसके अतिरिक्त, किसानों तक योजना की जानकारी और लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण की जरूरत होगी। आवेदन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना भी उतना ही जरूरी है, ताकि छोटे और सीमांत किसान आसानी से इसका लाभ उठा सकें। टिकाऊ खेती के लिए मिट्टी की सेहत, जल संरक्षण और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने की भी जरूरत है। देश की खाद्य सुरक्षा, रोजगार और निर्यात के संदर्भ में यह योजना भारतीय कृषि का कायाकल्प करने की क्षमता रखती है, बशर्ते इसका सही ढंग से कार्यान्वयन भी हो।

*योजना के तहत अगले छह वर्षों में चौबीस हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के निवेश के साथ सौ जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

# मौन हत्यारा : हमारे शरीर में घुलता प्लास्टिक का जहर

कभी सुविधा का प्रतीक रहा प्लास्टिक, अब विनाश का माध्यम बन चुका है। जो चीज़ें हमें जीवन को आसान बनाने के लिए दी गई थीं, वही अब जीवन को धीमी मौत की ओर ढकेल रही हैं। यह सिर्फ एक पर्यावरणीय संकट नहीं है, यह हमारे शरीर की चुपचाप चलती हुई बर्बादी की कहानी है - एक अदृश्य ज़हर, जिसका नाम है माइक्रोप्लास्टिक। हमने प्लास्टिक को अपनाया, अब वही हमें निगल रहा है। दूध की थैलियों से लेकर सब्ज़ियों की पैकिंग, स्कूल के टिफ़िन से लेकर ऑफिस की पानी की बोतल तक — प्लास्टिक हमारी ज़िंदगी में ऐसे घुल चुका है कि अब हम इसे पहचान भी नहीं पाते। और इसी अनदेखेपन ने जन्म दिया है एक नए संकट को: माइक्रोप्लास्टिसिटी। माइक्रोप्लास्टिक वे सूक्ष्म प्लास्टिक कण हैं जो 5 मिलीमीटर से छोटे होते हैं, और नैनोप्लास्टिक तो इससे भी हज़ार गुना छोटे। ये कण अब हवा, पानी, मिट्टी, भोजन और यहां तक कि मां के गर्भ तक में पहुँच चुके हैं। हम सोच भी नहीं सकते कि हम कब और कैसे इन्हें निगल रहे हैं, इन्हें साँसों के साथ खींच रहे हैं। शरीर में यह जहर कैसे प्रवेश करता है?

हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक केवल बोतलबंद पानी से नहीं, बल्कि जीवन के हर कोने से घुस रहा है:

**हवा से :** प्लास्टिक जब सूरज की गर्मी से टूटता है या जलाया जाता है, तो वह हवा में सूक्ष्म कणों के रूप में घुल जाता है। यही कण हमारे सांसों के साथ फेफड़ों में जाते हैं और धीरे-धीरे खून में मिल जाते हैं।

**पानी से :** बोतलबंद पानी हो या नल का, हर जगह माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। जो लोग सोचते हैं कि "बिसलेरी पी रहे हैं तो सुरक्षित हैं," वे भ्रम में हैं — स्टडीज़ दिखाती हैं कि बिसलेरी जैसी ब्रांडेड बोतलों में भी प्रति लीटर हजारों माइक्रोप्लास्टिक पार्टिकल्स होते हैं।

**भोजन से :** प्लास्टिक के पैकेट में बंद भोजन, गर्म भोजन प्लास्टिक कंटेनर में रखना, प्लास्टिक के टिफ़िन में रोज़ का खाना - सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में प्लास्टिक पहुंचा रहे हैं।

**दैनिक उपयोग से :** टूथपेस्ट, स्क्रब, शैम्पू, फेसवॉश-इन सब में मौजूद प्लास्टिक बीड्स हमारे शरीर में प्रवेश कर रहे हैं और हम हर दिन अनजाने में उन्हें इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सिर्फ प्रदूषण नहीं, आत्म-विनाश है। इस ज़हर का असर बाहर नहीं, भीतर दिखाई देता है-बहुत धीरे, लेकिन बेहद ख़तरनाक तरीके से।

**मस्तिष्क पर प्रभाव :** माइक्रोप्लास्टिक ब्रेन-ब्लड बैरियर को पार कर लेता है। न्यूरॉन्स को क्षति पहुंचाता है, याददाश्त कमजोर करता है, एकाग्रता घटाता है। अल्जाइमर, डिप्रेशन और न्यूरोलॉजिकल डिजीज़ बढ़ रही हैं - ये सिर्फ संयोग नहीं।

**हार्मोनल असंतुलन :** माइक्रोप्लास्टिक शरीर में 'एंडोक्राइन डिसरप्टर' की तरह काम करता है। इससे थायरॉयड, पीसीओडी, डायबिटीज़, बांझपन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।



**कैंसर का कारण :** प्लास्टिक में मौजूद 'बिसफेनॉल-ए(बीपीए)' और 'फ्थैलेट्स' जैसे केमिकल्स शरीर की कोशिकाओं में म्यूटेशन ला सकते हैं, जिससे कैंसर जन्म लेता है।

**गर्भस्थ शिशु पर असर :** आज नवजात बच्चों के शरीर में भी माइक्रोप्लास्टिक पाए जा रहे हैं। यह हमारी अगली पीढ़ी के भविष्य पर सीधा हमला है।

आज की बात



वीणा देवांगन

**त्वचा से प्रवेश :** बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि सौंदर्य प्रसाधन (cosmetics) जैसे स्किन क्रीम, लोशन, फाउंडेशन, फेसवॉश, मेकअप प्रोडक्ट्स, बॉडी स्क्रब आदि में भी माइक्रोप्लास्टिक के महीन कण होते हैं। इन्हें अक्सर "Polyethylene", "Acrylates", "Polystyrene", या "Nylon-12" जैसे नामों से इंग्रीडिएंट लिस्ट में छिपा दिया जाता है। ये कण त्वचा के रोमछिद्रों (pores) से शरीर में प्रवेश करते हैं और वहां से रक्त में घुल सकते हैं। आज जिस त्वचा को हम सुंदर बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वही धीरे-धीरे त्वचा संबंधी एलर्जी, हार्मोनल असंतुलन, और त्वचा कैंसर का रास्ता बन रही है — और हम इसे "ब्रांडेड स्किन केयर" कहकर रोज़ इस्तेमाल कर रहे हैं।

### क्यों घुल रहा है प्लास्टिक हमारे वातावरण में?

इस सवाल का जवाब कहीं और नहीं, हमारे जीवनशैली में ही छिपा है। हमने प्राकृतिक जीवन से दूर जाकर एक 'डिस्पोज़ेबल कल्चर' अपना लिया है — हर चीज़ एक बार की, हर सुविधा पैक में। हम त्योहारों में प्लास्टिक बैनर लगाते हैं, शादियों में पॉलिथीन में मिठाई बाँटते हैं, खेतों में पॉलीशीट बिछाते हैं, और फिर सोचते हैं कि "प्रदूषण कहां से हो रहा है?"

प्लास्टिक जलता है तो डाइऑक्सिन और फ्यूरन जैसी ज़हरीली गैसें निकलती हैं, जो न सिर्फ सांस से अंदर जाती हैं, बल्कि बारिश के पानी से मिट्टी में समा जाती हैं, और वहाँ से खाद्य श्रृंखला में।

हमें अब भी बदलने का वक्त है। हमें विकल्प अपनाने होंगे, बचाव केवल प्लास्टिक का त्याग नहीं, जीवन की पुनर्रचना है। हमें केवल बाहर की सफाई नहीं, अंदर की भी ज़रूरत है।

### जीवनशैली में बदलाव ही सबसे बड़ा उपचार है

1. घर का बना हुआ भोजन — यह न केवल प्लास्टिक से मुक्त होता है, बल्कि शरीर के लिए ऊर्जा और संतुलन भी देता है।
2. सात्विक आहार अपनाइए — ताजा, मौसमी, हल्का और प्राकृतिक भोजन शरीर को शुद्ध करता है। बाजार के मैदे, प्रोसेस्ड फूड और प्रिज़र्वेटिव्स से बचना ही सच्चा स्वास्थ्य है।
3. मन का डिटॉक्स भी ज़रूरी है — योग, प्राणायाम और ध्यान (Meditation) से शरीर ही नहीं, सोच और भावनाएं भी शुद्ध होती हैं। जब मन शांत होता है, तब शरीर खुद से सही विकल्प चुनता है।
4. कम से कम पैकिंग वाली वस्तुएँ अपनाएं — जो चीज जितनी अधिक 'सजावट' में आती है, वह उतनी ही अधिक प्रदूषित होती है।
5. पर्यावरण के लिए छोटे कदम, जैसे—

- **कपड़े का थैला ले जाना|**
- **डिस्पोजेबल चीजों से बचना|**
- **बच्चों को प्लास्टिक खिलौनों से दूर रखना**
- **घर में प्राकृतिक सफाई उत्पादों का प्रयोग करना|**
- **स्टील और कांच के बर्तन, बोतलें और टिफ़िन अपनाइए।**
- **कपड़े का थैला, कागज़ की पैकिंग को प्राथमिकता दीजिए।**
- **अपने घरों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूर्ण रूप से बंद कीजिए।**
- **स्थानीय उत्पाद खरीदिए जो न्यूनतम पैकिंग में आते हों।**
- **सरकार को सख़्ती से प्लास्टिक प्रतिबंध लागू करने के लिए जनदबाव बनाइए।**
- **और सबसे अहम — अपनी आदतें बदलिए, क्योंकि हर बदली हुई आदत, एक नई पृथ्वी की ओर कदम है।**

हमने विज्ञान और तकनीक से सुविधाएं लीं, लेकिन जिम्मेदारी नहीं सीखी। अब वह ज़हर हमारे घरों में, हमारे बच्चों के शरीर में, और हमारे खुद के सोचने की क्षमता तक को निगल रहा है। अगर हमने अभी नहीं जागा, तो कल शायद हम याद ही न रख पाएं कि हमने अपना जीवन, अपना पर्यावरण और अपनी अगली पीढ़ी, सिर्फ एक प्लास्टिक की बोतल की कीमत पर क्यों खो दिया।

हम उस मोड़ पर हैं जहां हमें तय करना होगा क्या हम सिर्फ आधुनिकता की दौड़ में अपनी चेतना, अपने शरीर, और अपनी अगली पीढ़ी को बलि चढ़ा देंगे? या फिर हम लौटेंगे उस जीवनशैली की ओर जो हमें केवल जीवित नहीं रखती, बल्कि स्वस्थ, सचेत और संतुलित रखती है। आज यह ज़रूरत नहीं, कर्तव्य है — कि हम स्वयं भी जागें और दूसरों को भी जागरूक करें। वरना कल जब बीमारी दस्तक देगी, तब सिर्फ इलाज नहीं, पश्चाताप ही हाथ आएगा। (veenavlogs@gmail.com)

## कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन

वर्ष 1964 में दूर गगन की छांव में फिल्म का गीत कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन सुनकर आज कई बड़े बुजुर्ग, विपत्ति पीड़ितों, दुखियारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं और अपने बीते हुए दिनों की यादों में खो जाते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है, इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमारे आज के युवा राष्ट्र के युवाओं को इस पर मंथन करने की जरूरत है कि आखिर क्यों? वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में भी मनीषियों द्वारा अपने पुराने दिनों को अच्छे दिन बताया जाता है। हालांकि यह गीत 1964 का है याने आज से 58 वर्ष पूर्व भी उस समय के बुजुर्गों के भाव ऐसे थे याने जैसे जैसे समय का चक्र अपनी तेज रफ्तार से चल रहा है, हर स्थिति को बदलता जा रहा है, विज्ञान प्रौद्योगिकी डिजिटलाइजेशन में तीव्रता से विकास स्वाभाविक और समय की मांग है, परंतु आज माता-पिता बेटा-बेटी भाई-बहन संयुक्त परिवार से एकल परिवार और एकल परिवार में भी बहुत खटास के बढ़ते जाने को रेखांकित कर आज हर व्यक्ति को अपने आपसे प्रश्न पूछने को की जरूरत है कि क्यों उसे बीते हुए सुहाने दिनों की लालसा है? क्यों नहीं अपने स्वभाव में, जीवन शैली में परिवर्तन लाकर खुद और परिवार के बीते हुए दिनों की मिठास ला सकते हैं। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से रिश्तों में मिठास लाकर अपने बीते हुए दिनों को लौटाने पर,खुशहाल करने पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम पुराने दिनों की यादों की करें तो इसकी शुरुआत हम बचपन के दिनों से करते हैं, मेरा मानना है कि सबको अपने बचपन के दिनों में अधिक सुकून मिला होगा, हर किसी को अपना बचपन याद आता है। हम सबने अपने बचपन को जीया है। शायद ही कोई होगा, जिसे अपना बचपन याद न आता हो। बचपन की अपनी मधुर यादों में माता-पिता, भाई-बहन, यार-दोस्त, स्कूल के दिन, आम के पेड़ पर चढ़कर चोरी से आम खाना, खेत से गन्ना उखाड़कर चूसना और खेत मालिक के आने पर नौ दो ग्यारह हो जाना हर किसी को याद है। चोरी और चिरौरी तथा पकड़े जाने पर साफ झूठ बोलना बचपन की यादों में शुमार है। बचपन से पचपन तक यादों का अनोखा संसार है। साथियों, छुटपन में धूल-गारे में खेलना, मिट्टी मुंह पर लगाना, मिट्टी खाना किसे नहीं याद है? और किसे यह याद नहीं है कि इसके बाद मां की प्यारभरी डांट-फटकार व रुंआसे होने पर मां का प्यारभरा स्पर्श! इन शैतानीभरी बातों से लबरेज है सारा बचपन। इसलिए पुराने दिनों की याद कर आज भी हम कहते हैं, हम भी अगर बच्चे होते,हम भी अगर बच्चे होते, नाम हमारा होता गबलू-बबलू, खाने को मिलते लड्डू,और दुनिया कहती हैप्पी बर्थडे टू यू,।

व्यंग्य की बात



किशन सनमुखदास भावनानीं

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे पीएम मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं। ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मेरा भारत ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे। इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा मेरा भारत के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए। पीएम हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला 'युवा आध्यात्मिक समिट' इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म-संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

देश की बात



डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

'कालनेमि'तब एक था, अब घूमें सब ओर।
ऋषियों का सा वेश धर, काम करें घनघोर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राजद और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा। पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुईं हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है। एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है?

आपकी बात



ललित गर्ग

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने 19,500 फीट पर किए दर्शन




**एजेंसी। देहरादून।** 19,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश पर्वत के मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने आज भगवान शिव के दर्शन किए। कैलाश की पहली झलक से श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बह निकले और वे 'हर-हर महादेव' के उद्घोष करने लगे। इस दल में देश के 11 राज्यों से आए कुल 49 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची। दर्शन के बाद यात्री आज भारत लौट आएंगे और अपनी यात्रा के फोटो भी साझा किए। यात्री नरेंद्र ने बताया कि यात्रा भले ही कठिन रही, लेकिन हर कदम पर भगवान शिव की ओर बढ़ना सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि डोल्मा पास की चढ़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी, कईयों को थकान और ऑक्सीजन की कमी हुई, लेकिन भक्ति और आस्था ने उन्हें हिम्मत दी। यात्री ऊं नमः शिवाय का जप करते हुए आगे बढ़ते रहे।

प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में 7,200 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास

# बिहार को कांग्रेस-राजद की बुरी नीयत से बचाने की जरूरत: मोदी

**नई दिल्ली। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में आज एक कार्यक्रम के दौरान 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य अब तेजी से विकास कर रहा है और माओवाद समाप्ति की ओर है। वहीं केन्द्र और राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को बिहार में ही रोजगार देने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस नारे को दोहराया, "बनाएंगे नया बिहार फिर एक बार एनडीए सरकार।" राज्य के मुख्य विपक्षी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पिछड़ा विरोधी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पार्टियों ने अपने परिवार के बाहर किसी को सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा, "इन लोगों का अहंकार आज पूरा बिहार देख रहा है। हमें बिहार को इनकी बुरी नीयत से बचाकर रखना है।" प्रधानमंत्री ने रेल, सड़क, मत्स्य पालन, आईटी और ग्रामीण विकास क्षेत्रों की परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने चंपारण को ऐतिहासिक धरती बताते हुए कहा कि यह धरती अब बिहार के नए भविष्य को बनाने में प्रेरित करेगी। इस दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार के तेजी से हो रहे विकास और माओवाद के खत्म हो रहे प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चंपारण, गया, औरंगाबाद, जमुई जैसे जिलों में कभी माओवाद का अंधकार था, अब वहां के नौजवान बड़े सपने देख रहे हैं। माओवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार देने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि नीतीश सरकार ने पारदर्शिता के साथ लाखों युवाओं को नौकरी दी है। केंद्र सरकार भी इसमें पूरा सहयोग दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार आगे बढ़ रहा है, जिसके पीछे महिलाओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने राजग सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घर बनाए गए हैं, जिनमें से 60 लाख बिहार में हैं। अकेले मोतिहारी में 3 लाख से अधिक पक्के घर दिए गए हैं।

## बंगाल में पीएम मोदी ने 5000 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक इस्पात नगरी होने के नाते, दुर्गापुर भारत की जनशक्ति का केंद्र भी है। देश के विकास में दुर्गापुर की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये विकास परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और इस्पात नगरी की पहचान को मजबूत करेंगी। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है। इसके पीछे भारत में दिख रहे वो बदलाव हैं जिन पर विकसित भारत की इमारत का निर्माण हो रहा है। इन बदलावों का एक बड़ा पहलू भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया गया है। पश्चिम बंगाल देश के उन राज्यों में से एक है जहाँ वंदे भारत ट्रेनें बड़ी संख्या में चलाई जा रही हैं। कोलकाता मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

- विकसित भारत को लेकर दुनिया भर में चर्चा : पीएम
- देश के विकास में दुर्गापुर की महत्वपूर्ण भूमिका है
- आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है

तबलीगी जमात से जुड़े 70 लोगों को बड़ी राहत

## एचसी ने खारिज किए कोविड के दौरान दर्ज सभी मामले




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को 70 भारतीय नागरिकों के खिलाफ दर्ज 16 मामलों को रद्द कर दिया, जिन पर 2020 में कोविड-19 प्रकोप के दौरान अपने घरों या मस्जिदों में तब्लीगी जमात के उपस्थित लोगों को आश्रय देने का आरोप था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपपत्र रद्द किए जाते हैं।" फैसले की विस्तृत प्रति का इंतज़ार है। दिल्ली पुलिस ने शुरू में भारतीय नागरिकों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए थे, जिनमें आपराधिक षड्यंत्र, महामारी रोग अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम और विदेशी अधिनियम शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने 195 विदेशी नागरिकों के नाम भी दर्ज किए थे। ज़्यादातर विदेशी नागरिकों के ख़िलाफ़ न तो आरोपपत्र दाखिल किया गया और न ही निचली अदालत ने दोहरे खतरे के सिद्धांत के आधार पर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार किया। इन व्यक्तियों ने 2021 में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनका कहना था कि निषेधाज्ञा केवल धार्मिक सभाओं और समारोहों पर रोक लगाती है और इनमें केवल उपस्थित लोगों को आश्रय प्रदान किया गया है। उन्होंने आगे दावा किया था कि एफआईआर अनुचित, मनगढ़ंत और कानूनन असमर्थनीय हैं और उन्हें अनुचित और निराधार आरोपों का सामना करने के लिए मजबूर किया गया है।

## कविंदर गुप्ता ने लद्दाख के नए उपराज्यपाल पद की शपथ ली



**लद्दाख।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शुक्रवार को कविंदर गुप्ता ने शपथ ली। राज निवास में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से गुप्ता की नियुक्ति का वारंट पढ़ा। वह केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे उपराज्यपाल हैं और ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का स्थान लिया है, जिन्होंने 19 फरवरी, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल का पदभार संभाला था। मिश्रा ने आरके माथुर का स्थान लिया था। जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने पर 2019 में उन्हें लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने अतीत में सरकार और अपनी पार्टी दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह 2018 में भाजपा-पीडीपी सरकार के दौरान 51 दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री रहे। जब भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो उन्होंने पद छोड़ दिया। जम्मू शहर के जानीपुर इलाके के रखने वाले 66 वर्षीय गुप्ता 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर भी रह चुके हैं।

## बिहार में 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था : नीतीश

**एजेंसी। पटना**



125 यूनिट बिजली मुफ्त का प्रस्ताव आज ही कैबिनेट

बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, आप सभी जानते हैं। 2005 से पहले यहां कोई काम नहीं होता था।

मुख्यमंत्री नीतीश ने आज प्रधानमंत्री की मोतिहारी जनसभा में अपने संबोधन में कहा कि जब नवम्बर 2005 में भाजपा और जदयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से हम काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से लोगों के हित में बिहार में बहुत काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी और 29 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। अब अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे। नीतीश ने कहा कि पहले वे लोग (लालू-राबड़ी) कुछ भी पैसा नहीं लगाते थे। हमलोग धीरे-धीरे विकास के लिए पैसा बढ़ाते गए। हम सब काम कर रहे हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बहुत काम किया गया है। सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर बहुत काम हुआ है। पुल-पुलिया, सात निश्चय, हर घर बिजली, शौचालय, टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। इसका प्रस्ताव आज ही कैबिनेट में पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पर हमने आपस में बात कर ली है।

## न्यूज बॉक्स

### मराठा युवाओं को बांट दिए आदिवासी प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कुछ दिन पहले दिव्यांगजन आयुक्त को सीधे विधानसभा से निलंबित कर दिया था। विधायकों के फोन न उठाने और एक शैक्षणिक संस्थान के बारे में लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न करने के आरोप में उन पर यह कार्रवाई की गई थी। अब आदिवासी विभाग की उपायुक्त संगीता चव्हाण को निलंबित कर दिया गया है। संगीता चव्हाण ने मराठा समुदाय के युवाओं को आदिवासी प्रमाण पत्र दिए थे, जिसके कारण आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई की और सत्र में इसकी घोषणा भी की गई। इस बीच, उपायुक्त संगीता चव्हाण ने निलंबन की इस कार्रवाई के बाद मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया है।

### दिल्ली के बाद अब बेंगलुरु के 40 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, जांच शुरू

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के 40 से अधिक निजी स्कूलों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ईमेल के जरिए मिली है। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु के जिन 40 से अधिक स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें आरआर नगर, केंगेरी और अन्य इलाकों के स्कूल शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसरों की तलाशी शुरू की। अभी तक किसी भी स्कूल में विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है, लेकिन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये धमकी भरे ईमेल शुक्रवार सुबह भेजे गए हैं। बेंगलुरु पुलिस ने तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए और बम निरोधक दस्तों के साथ मिलकर सभी प्रभावित स्कूलों की जांच शुरू की।

### महाराष्ट्र सरकार ने इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर किया

**मुबंई।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली ज़िले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने विधानसभा को बताया कि गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कैबिनेट के इस फैसले को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजेगी। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान द्वारा सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया है। शिव प्रतिष्ठान का नेतृत्व संभाजी भिड़े कर रहे हैं, जिनके समर्थकों ने कहा है कि जब तक उनकी माँग पूरी नहीं हो जाती, वे चैन से नहीं बैठेंगे। इस्लामपुर के एक शिवसेना नेता ने बताया कि नाम बदलने की माँग 1986 से चली आ रही है। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म के व्यक्ति ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र हासिल किया है, तो उसे रद्द कर दिया जाएगा।

### पंजाब में मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अब तक 22 हजार तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में मादक पदार्थों के खिलाफ जारी राज्य-व्यापी अभियान के तहत अब तक 22 हजार से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। युद्ध नशियां विरुद्ध अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को 113 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.5 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलोग्राम अफीम और 31,237 नशीली गोलियां बरामद कीं। इस हालिया गिरफ्तारी के बाद, 138 दिनों से जारी अभियान के तहत गिरफ्तारियों की संख्या 22,377 तक पहुंच गई है। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि 93 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से ज्यादा कर्मियों वाले 180 से अधिक पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार को 433 ठिकानों पर छापे मारे। शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत राज्य भर में 81 प्राथमिकियां दर्ज की गईं।

### टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करना भारत की बड़ी जीत: रक्षा विशेषज्ञ

**ग्रेटर नोएडा।** अमेरिका की ओर से द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन घोषित करने पर रक्षा विशेषज्ञों ने इसे भारत की जीत बताई है। रक्षा विशेषज्ञ संजय कुलकर्णी ने शुक्रवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की घोषणा भारत की एक बड़ी जीत है। अमेरिका ने टीआरएफ को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इसी टीआरएफ ने शुरुआत में पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी और बाद में खुद को इससे अलग करने की कोशिश की थी। अमेरिका ने इसे आतंकी संगठन घोषित किया है। यह साफ दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का सौदागर है। वह अपने यहां आतंकियों को पनाह देता है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पहलगाम का बदला लिया और आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, क्योंकि पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का ही हाथ था।

## आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**कर्क :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

## केएफसी आउटलेट बंद कराने पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की




**एजेंसी। गाजियाबाद**

गाजियाबाद पुलिस ने इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में केएफसी आउटलेट को बंद कराने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने इस मामले में करीब 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सावन महीने में नॉनवेज बेचने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों ने गुरुवार को केएफसी आउटलेट को कथित तौर पर जबरन बंद करा दिया था।

शिकायत के अनुसार, इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर-11 में गुरुवार को 'हिंदू रक्षा दल' के कुछ कार्यकर्ता कथित तौर पर केएफसी आउटलेट में जबरन घुस गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सावन महीने में केएफसी आउटलेट में कथित तौर पर नॉनवेज बेचा जा रहा था।

प्रदर्शनकारियों ने 'सावन में मीट नहीं बेचने देंगे' नारे लगाते हुए केएफसी आउटलेट को बंद करा दिया। इन कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर कर्मचारियों को भी धमकाया था। हालांकि, बाद में नारेबाजी करते हुए यह प्रदर्शनकारी सड़क पर पहुंच गए थे। आरोप है कि प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में राहगीरों और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ा और कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना उपनिरीक्षक अंकुर सिंह राठौर की ओर से दर्ज कराई गई।

## स्वर्ण मंदिर को थ्रेट मेल मामला तमिलनाडु से दो संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी। अमृतसर**




पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी तमिलनाडु से की गई है। इन संदिग्धों को पूछताछ के लिए अमृतसर लाया जा रहा है। पुलिस जल्द ही इस मामले में आगे की जानकारी साझा कर सकती है।पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। 14 जुलाई से अब तक करीब पांच धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए हैं। इनमें से कुछ ईमेल में कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी धमकाया गया। इन तमाम धमकियों के बीच सांसद गुरजीत सिंह औजला शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर पहुंचे और मत्था टेका। उन्होंने कहा कि स्वर्ण मंदिर सिख समुदाय का सबसे पवित्र स्थल है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। ऐसे पवित्र स्थान को धमकी देना न केवल आस्था पर हमला है, बल्कि यह शांति और मानवता के खिलाफ अपराध है। औजला ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि स्वर्ण मंदिर की सुरक्षा के लिए स्थायी और प्रभावी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की धमकियों को रोका जा सके।

## कांवड़ यात्रियों को बदनाम किया जा रहा : सीएम योगी

**एजेंसी। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्री पूरी श्रद्धा और भक्ति भावना से यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शुक्रवार को यहां राजघाट स्थित वसंता महिला महाविद्यालय में आयोजित 'बिरसा मुंडा की विरासत, आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा को बदनाम करने और जातीय संघर्ष को हवा देने वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस बारे में समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, "आज कांवड़ यात्री अपनी भक्ति भावना से 200, 300, 400 किलोमीटर तक कांवड़ उठाकर हर-हर बम बोलते हुए चले जाते हैं, लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है।



### ऐसे लोग बातों से नहीं मानते

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है। इससे पहले मुहर्रम था, हमने नियम बना दिये थे कि ताज़िये की लंबाई सीमित रखें। इससे बिजली,पेड़ की टहनी को नुकसान पहुंचता था। मुहर्रम पर नियम नहीं मानने पर जौनपुर में घटना हो गई । ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन लोग मारे गए। बाद में उपद्रव हुआ, तो मैंने कहा लाठी मारो इनको, बातों से नही मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नही किया।

# बीसीसीआई को 2023-24 में ₹9742 करोड़ की कमाई हुई, इसमें से 5761 करोड़ आईपीएल से आए

## बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ रिजर्व में हैं

### मीडिया राइट्स से कमाई

- मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।
- लाइव टेलीकास्ट, हाइलाइट्स और डिजिटल प्रसारण का अधिकार उसी कंपनी को मिलता है जिसके पास मीडिया राइट्स हों।
- यह राइट्स करोड़ों में बिकते हैं और आईपीएल के हर सीजन में इसकी कीमत बढ़ती जा रही है।

### टाइटल स्पॉन्सरशिप

**2008** में टाइटल स्पॉन्सरशिप की कीमत ₹50 करोड़ सालाना थी।

**2023** में यह बढ़कर ₹300 करोड़ सालाना से भी ज्यादा हो गई।

**टाटा** और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील ₹600 करोड़ में हुई थी।



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और इसकी कुल आय 9742 करोड़ रुपए रही। एक फर्म रेडिफ्यूजन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा इंडियन प्रीमियर लीग से आया। आईपीएल ने अकेले 5,761 करोड़ रुपए का योगदान दिया। यानी बोर्ड की कुल कमाई का 59% हिस्सा आईपीएल से आया। गैर-आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को 361 करोड़ रुपए की आमदनी हुई। आईपीएल अब बीसीसीआई की सबसे बड़ी आय का सोर्स बन चुका है और रणजी ट्रॉफी समेत घरेलू क्रिकेट के खिलाड़ियों को बड़े मौके भी दे रहा है।

बीसीसीआई के पास 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में रेडिफ्यूजन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गोयल ने कहा, बीसीसीआई के पास रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और सीके नायडू ट्रॉफी जैसे डोमेस्टिक टूर्नामेंट को व्यवसायिक बनाने की बड़ी क्षमता है, जिससे गैर-आईपीएल राजस्व बढ़ सकता है। बोर्ड के पास करीब 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में है, जिससे हर साल लगभग 1,000 करोड़ रुपए ब्याज मिलता है।

### ऐसे आईपीएल से पैसा कमाता है बीसीसीआई

- **मीडिया राइट्स:** मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।
- **टाइटल स्पॉन्सरशिप:** साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना ₹50 करोड़ दिए गए थे। वहीं 2023 में ये आंकड़ा सालाना ₹300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई थी, इसके लिए कुल ₹600 करोड़ दिए गए।
- **फ्रेंचाइजी फीस:** कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में ₹12500 करोड़ जुड़ गए।

मांजरेकर ने कहा

## 'लॉर्ड्स में गिल के आक्रामक रवैए से उनकी बल्लेबाजी पर पड़ा नकारात्मक असर'



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि शुभमन गिल ने जैक क्रॉली के साथ बहस में अपना उग्र पक्ष दिखाया, लेकिन इसका उनकी बल्लेबाजी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप भारत लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार गया। लॉर्ड्स टेस्ट में गिल और क्रॉली के बीच तीखी बातचीत ने तीसरे दिन के खेल को रोमांचक बनाया। इंग्लैंड ने चौथे दिन इसका बदला लिया। गिल 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए देर से बल्लेबाजी के लिए उतरे। गिल क्रीज पर असहज दिखे और ब्रायडन कार्से की गेंद पर मात्र छह रन बनाकर आउट हो गए। गिल तब अपना विकेट गंवा बैठे जब टीम रनों के लिए लगातार संघर्ष कर रही थी और एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। संजय मांजरेकर ने विराट कोहली की तुलना में शुभमन गिल की मानसिकता पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि कोहली दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते थे, जबकि गिल का उग्र रवैया, जैसे क्रॉली के साथ बहस, उनकी बल्लेबाजी पर नकारात्मक असर डाल रहा है। संजय मांजरेकर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर कहा कि शुभमन गिल के लिए जैक क्रॉली के साथ बहस एक नया अनुभव था। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों को आजकल विदेशी टीमों से आमतौर पर दोस्ताना व्यवहार मिलता है, इसलिए गिल इस आक्रामक माहौल के लिए तैयार नहीं थे और अनिश्चित दिखे। मांजरेकर ने यह भी संकेत दिया कि गिल ने लॉर्ड्स में अपना आक्रामक रूप शायद इसलिए दिखाया होगा क्योंकि उन्होंने बर्मिंघम में पिछले टेस्ट में 269 और 161 रन की पारी खेली थी।

## 2012 में स्टार्क ने सचिन को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था: पोंटिंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपने 100वें टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने उनकी गेंदबाजी की तारीफ की। पोंटिंग ने 2012 के भारत-ऑस्ट्रेलिया दौरे का जिक्र किया, खासकर पर्थ टेस्ट में स्टार्क के स्पैल को याद करते हुए, जहां उन्होंने सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। पोंटिंग ने कहा कि उस स्पैल ने स्टार्क की असाधारण प्रतिभा और भविष्य में महानता की क्षमता को स्पष्ट कर दिया था।

जमैका में गुलाबी गेंद से खेले गए टेस्ट मैच में मिचेल स्टार्क ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मात्र 15 गेंदों में 5 विकेट लिए और 6/9 के आंकड़े के साथ वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन ने उनकी गति, स्विंग और आक्रामकता को दर्शाया। रिकी पोंटिंग ने 2012 के (पर्थ) टेस्ट की दूसरी पारी का जिक्र किया, जहां स्टार्क, जो उस समय अपना केवल तीसरा टेस्ट खेल रहे थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को निशाना बनाया। स्टार्क ने तेंदुलकर के कंधे पर सटीक गेंदबाजी कर उन्हें दबाव में ला दिया था, जिससे उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का पता चला। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में 2012 के वाका टेस्ट में मिचेल स्टार्क के शानदार स्पेल को याद किया, जहां स्टार्क ने सचिन तेंदुलकर जैसे महान बल्लेबाज को परेशान किया। उन्होंने बताया कि स्टार्क ने एक शॉर्ट गेंद फेंकी, जो तेंदुलकर की बगल के नीचे से उठी और लेग साइड में शॉर्ट लेग पर चली गई।

बर्थडे स्पेशल

## हर्षा भोगले: हुनर और पैशन कमेंट्री का पर्याय बन गया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत में कई पूर्व क्रिकेटरों ने संन्यास के बाद कमेंट्री की दुनिया में अपना नाम कमाया। दर्शकों के बीच इन जाने-पहचाने चेहरों ने अपनी आवाज के जरिए क्रिकेट का आंखों देखा हाल घर-घर तक सुनाया है। चाहे सुनील गावस्कर हो या रवि शास्त्री, इन्होंने कमेंट्री को नए आयाम दिए। इसी बीच एक ऐसा नाम भी उभरकर आया तो परंपरागत क्रिकेटर नहीं था, लेकिन अपने हुनर और पैशन से अंग्रेजी कमेंट्री का पर्याय बन गया। ये शख्स हैं- हर्षा भोगले। उन्होंने इंग्लिश कमेंट्री में एक अलग ही फैन बेस बनाया। हर्षा ने अंग्रेजी कमेंट्री में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और क्रिकेट की क्लास को युवाओं तक पहुंचाया। समय के साथ हिंदी भाषा के बढ़ते बाजार के साथ, हर्षा हिंदी में भी कमेंट्री करते नजर आते हैं।

## प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

### रावल पर मैच फीस का 10% और इंग्लिश टीम पर 5% फाइन

**नई दिल्ली। एजेंसी**



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर यह जुर्माना बुधवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा। उन्हें आईसीसी के अनुच्छेद 2.12 का दोषी पाया गया है। यह नियम खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शक के साथ अनुचित व्यवहार शामिल है। रावल पर मैच के दौरान दो अलग - अलग घटनाओं के कारण कार्रवाई हुई रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया।

आईसीसी एनुअल मीटिंग

## इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने की न्यूनतम आयु 15 साल होगी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला किया है। इसमें क्रिकेट के हर फॉर्मेट की संरचना और 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया शामिल है। यह भी तय हुआ कि सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की न्यूनतम आयु 15 वर्ष रहेगी, लेकिन विशेष मामलों में इसकी समीक्षा की जा सकती है। इस ग्रुप में सीईसी और बोर्ड के सदस्य शामिल होंगे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## कमजोर तिमाही नतीजों से शेयर बाजार लाल निशान में बंद



**मुंबई (आईएएनएस)**


भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। गिरावट की वजह वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 501.51 अंक या 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,757.73 और निफ्टी 143.05 अंक या 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,968.40 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 414.60 अंक या 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,104.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.65 अंक या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,959.65 पर था। ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एनर्जी, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। आईटी, मेटल और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, एमएंडएम और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, बीईएल, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, इटरनल (जोमैटो), पावर ग्रिड, ट्रेंट और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे।

## पीयूष गोयल ने देश के युवाओं से विकसित भारत का निर्माता बनने की अपील की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को देश के युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'अमृत काल' के लिए दिए गए 'पंच प्रण' (पांच प्रतिज्ञाओं) में शामिल है। भारत के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र आंदोलन (आईआईएमयूएन) सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने को कहा। प्रधानमंत्री के 15 अगस्त, 2022 के संबोधन को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि उस पीएम मोदी ने कहा था कि 2047 में भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी तक अमृत काल की 25 वर्ष की अवधि राष्ट्र के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी पांच प्रतिज्ञाओं में से पहली प्रतिज्ञा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। युवाओं से कहा कि वे इस बदलाव के प्रमुख वाहक होंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, "यह प्रतिबद्धता तभी साकार हो सकती है जब हम शेष चार प्रतिज्ञाओं को भी समान गंभीरता से अपनाएं। गोयल ने कहा, दूसरी प्रतिज्ञा औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना है।


वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सदियों की विदेशी अधीनता ने आत्मविश्वास को कम किया है और सीमाएं लगाई हैं। हमें अतीत की सीमाओं से बंधे नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने की आकांक्षा रखनी चाहिए। तीसरी प्रतिज्ञा भारत की विरासत पर गर्व करने के बारे में है।



- **भारत की संस्कृति और मूल्यों का महत्व :** गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है, हमारी इतिहास, परंपराएं और मूल्य प्रणालियां और अधिक प्रासंगिक होती जा रही हैं।
- **राष्ट्र की एकता सर्वोपरि :** राष्ट्र की एकता और अखंडता भारत की सबसे बड़ी ताकत है, जिसे हर स्तर पर पोषित किया जाना चाहिए।
- **विकसित राष्ट्र के लिए सामूहिक भावना जरूरी :** एक विकसित भारत की नींव तभी रखी जा सकती है जब जनता साझा जिम्मेदारी और करुणा के साथ कार्य करे।
- **1.4 अरब भारतीयों का राष्ट्र निर्माण में संकल्प :** उन्होंने कहा कि पांचवीं प्रतिज्ञा हर भारतीय के लिए एक आह्वान है कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

## धातुओं में गिरावट : लगातार तीन दिन गिरने के बाद फिर बढ़े सोना-चांदी के दाम


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सोना-चांदी की कीमतों में आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 750 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी की कीमत एक बार फिर 1,12,000 रुपए के पार हो गई है। इससे पहले लगातार तीन दिनों से कीमती धातुओं की कीमत में गिरावट देखी जा रही थी। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 790 रुपए बढ़कर 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते गुरुवार को 97,453 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 89,991 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,267 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,682 रुपए हो गया है।

## परप्लेक्सिटी ने चैटजीपीटी को पीछे छोड़ एप्पल ऐप स्टोर पर शीर्ष स्थान किया हासिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ग्लोबल एआई रेस में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अरविंद श्रीनिवास के नेतृत्व वाले परप्लेक्सिटी एआई ने ओपनएआई के चैटजीपीटी को पीछे छोड़ते हुए एप्पल ऐप स्टोर पर फ्री ऐप्स में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह तेज उछाल टेलीकॉम ऑपरेटर एयरटेल के साथ एक रणनीतिक गठबंधन के बाद देखा गया, जिसमें एयरटेल अब अपने ग्राहकों को प्रीमियम परप्लेक्सिटी प्रो सब्सक्रिप्शन की मुफ्त सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसकी कीमत 17,000 रुपए प्रति वर्ष है। परप्लेक्सिटी प्रो के जरिए जीपीटी-4.1, ग्रोक 4 और इमेज जेनरेशन टूल्स जैसे कई स्टेट-ऑफ-द आर्ट एआई मॉडल तक पहुंच संभव हो पाई है। इसके अतिरिक्त, यह भुगतान न करने वाले यूजर्स को कंपनी के एक्सक्लूसिव कॉमेट ब्राउजर तक शीघ्र पहुंच प्रदान करता है।

## सरकार वर्ल्ड-क्लास रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : हर्ष मल्होत्रा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कॉरपोरेट मामले और सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत 2047 विजन के तहत विश्व-स्तरीय सड़क और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिल्ली में सड़क एवं राजमार्ग शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एक विश्व-स्तरीय सड़क और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लोगों को जोड़ेगा, आर्थिक विकास को गति देगा और सभी के लिए सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को वास्तविकता में बदलने के लिए अथक प्रयास किया है, जिसमें शहरों को जोड़ना, समुदायों को सशक्त बनाना और राजमार्ग निर्माण की अभूतपूर्व गति और पैमाने के माध्यम से विकास को गति देना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक राजमार्ग सिर्फ सड़कें नहीं हैं, ये प्रगति की जीवन रेखाएं हैं, जो लोगों, उद्योगों और अवसरों को जोड़ती हैं और नेटवर्क का विस्तार करके सरकार ने यात्रा के अनुभव को पुनः परिभाषित किया है, जिससे यह प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक तीव्र, सुरक्षित और अधिक आरामदायक बन गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क वर्ष 2014 में 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर आज 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है।

# न्यूज बॉक्स

## स्कूल तक के पहुंच पथ को दुरुस्त करें विभाग : विधायक प्रतिनिधि

**चंदवा।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों का सड़क मार्ग जर्जर हो गया है। कई पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले के अनेकों स्कूलों का पहुंच पथ बारिश के कारण जर्जर, कीचड़नुमा हो गया है जिसके कारण विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। इस बाबत विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने कहा कि स्कूल पथ को तत्काल दुरुस्त किया जाना चाहिए। मैंने इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक से बात भी की है। शिक्षा विभाग की ओर से विभागीय कनीय अभियंता को इस मामले में रिपोर्ट बनाने को कहा गया है, जल्द ही सभी स्कूलों तक के पहुंच पथ को दुरुस्त किया जाएगा।

## 70 साल पहले बनी बड़ी बांध टूटा, किसान मायूस

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के होलंग ग्राम में 70 साल पहले बनी बड़ी बांध टूट जाने से लगभग आठ सौ एकड़ खेतों में पानी अब नहीं पहुंचेगा। पानी नहीं पहुंचने के कारण धान रोपण का काम नहीं हो पायेगा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लातेहार उपायुक्त को दूरभाष से दी। सूचना के बाद उपायुक्त के द्वारा टीम गठित कर स्थल का निरीक्षण किया गया। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक के नेतृत्व में बालूमाथ बीडीओ, अंचल अधिकारी, डीएसपी, और थाना प्रभारी ने जांच टीम ने मंथन किया। लेकिन बांध टूटते ही किसानों का भी सपना टूट गया धान का बीड़ा बह गया और खेतों में बालू भर गया, किसानों ने कहा कि बहुत सारे किसान कर्ज लेकर धान की बुआई की थी। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने कहा कि वैकल्पिक सड़क का निर्माण जल्द से जल्द करवा दिया जाएगा और जो किसानों को फसल की नुक्सान हुआ है जांच करने के बाद मुआवजा दियाजएगा।

## घर में मिला अजगर, जंगल में छोड़ा

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई कलां पंचायत अंतर्गत सैदुप गांव निवासी मनोज पासवान के घर में उस समय अफरातफरी मच गई, जब परिजनों ने एक बड़ा अजगर सांप घर के एक कोने में देखा। जैसे ही यह खबर आसपास फैली, गांव के लोग इकट्ठा हो गए और वन विभाग को तुरंत सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित ढंग से अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में वन्य जीवों का गांव की तरफ आना आम बात है, ऐसे में सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से यह आग्रह किया कि यदि किसी घर या खेत में कोई भी वन्य जीव जैसे अजगर, नेवला या अन्य जीव नजर आए, तो तत्काल वन विभाग को सूचना दी जाए, ना कि खुद उसे भगाने या मारने की कोशिश की जाए।

## एनएमएमएस की परीक्षा में सत्यम जिला टॉपर

**बारियातू।** एनएमएमएस परीक्षा 2024-25 की परीक्षा फल जारी किया किया। जिसमें संजय राम के पुत्र सत्यम कुमार रोल नंबर 3 ने 74 अंक प्राप्त कर एससी श्रेणी से जिला मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय आर्थिक दुर्बल वर्ग छात्रवृत्ति योजना के तहत लातेहार जिला के सभी मध्य विद्यालय की आठवीं कक्षा के अभ्यार्थी 2024 मे आवेदन किया था। जिसका 18 मई 2025 को उत्क्रमित हाई स्कूल लातेहार मे परीक्षा केंद्र बनाया था। बनाए गए परीक्षा केंद्र में सभी श्रेणी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया लिया था। जिसका परीक्षाफल 16 जुलाई को जारी किया गया। एसटी, एससी, ओबीसी व अन्य का परीक्षा फल अलग-अलग जारी किया गया। जिसमें बारियातू प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा के 8वीं कक्षा के उत्तीर्ण सत्यम कुमार एससी श्रेणी से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा के छात्र सत्यम उत्तीर्ण होकर 2025 मे प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल बारियातू मे नामांकन कराया है।

## झाविस ने बीडीओ-सीओ को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** प्रखंड के टूटे पुल पुलिया, सड़क व जलजमाव से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग को लेकर झारखंड विकास समिति के बैनर तले शुक्रवार को चंदवा सीओ व बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि चंदवा के विभिन्न सड़कों की हालत बहुत ही जर्जर है, इन सड़कों से होकर रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं। सड़क बंद हो जाने के कारण राहगीरों को बहुत कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरोजनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पुलिया टूट जाने के कारण इस सड़क से आवागमन बंद है, जिससे हजारों लोग प्रभावित हैं। इसके अलावे गायत्री मंदिर रोड में जल जमाव होने के कारण यह रास्ता बंद हो गया है। जल जमाव से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। देवी मंडप रोड की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है। इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आये हैं। समिति ने अधिकारियों से इन समस्याओं पर जल्द निदान की मांग की है। मौके पर रवि डे, सतेंद्र प्रसाद यादव, नीलम देवी, विजय कुमार,अंकित तिवारी, इंद्रजीत शाह बंटी, रामवृक्ष प्रजापति, शंकर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## हाथियों की से भयभीत ग्रामीण रतजगा करने को विवश

**टंडवा (चतरा)।** वन क्षेत्र अंतर्गत गोंदा, नावाटांड, राहम व सराढू के जंगलों में पिछले कई दिनों से लगभग एक दर्जन जंगली हाथियों द्वारा डेरा जमाये जाने से सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग काफी भयभीत हैं। ग्रामीण जानमाल की सुरक्षा हेतु रतजग्गा करने के लिये विवश हैं। पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों द्वारा रात में विचरण कर फसलों, पालतू पशुओं समेत कई घरों को भी क्षतिग्रस्त करने की छिटपुट घटनाऐं सामने आई है। वहीं वन विभाग द्वारा बचाव के लिये अपने स्तर से हर संभावित तरीके अपनाये जाने की बातें कही जा रही है। 17 जुलाई को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर देर शाम वनकर्मी कार्तिक पासवान, निर्मल मुंडा, शत्रुघ्नचौबे, विजय कुमार,मनोज दास राहम, गोंदा व नावाटांड पहुंचे एवं ग्रामीणों के बीच पटाखे तथा डीजल-मोबिल देकर उन्हें बचने के लिये आवश्यक सलाह दिये। बताया जाता है कि विभिन्न कोल परियोजनाओं द्वारा तेजी से वनाश्रय नष्ट किये जाने के कारण हाथियों का विचरण रुट काफी प्रभावित हुआ है, जिसका कोपभाजन ग्रामीणों को होना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्रताशीघ्र समुचित संज्ञान लेने की अपील की है।

### सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# महिला ग्राम प्रधान के कामकाज पर नहीं होगा किसी का दखल: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नगर भवन लातेहार में ह्रासशक्त पंचायत नेत्री अभियानविषय पर एक दिवसीय उद्‌घाटन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा एवं सम्मानित मुखियागण के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब तक महिलाएं नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगी, तब तक वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है। न पति न रिश्तेदार, महिला ग्राम प्रधान के कामकाज पर नहीं होगा किसी का दखल ये बात महिलाओं को समझने की जरूरत है। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वास के साथ भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायतों में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना है ताकि वे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रभावी निर्णय ले सकें। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व में सशक्त बनाकर समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। जबतक महिलाएं सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सच्चे मायनों में सशक्तिकरण संभव नहीं है। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा संबंधित विषय के उद्देश्य के बारे में बताया गया कि इस प्रशिक्षण द्वारा लिंग आधारित भूमिकाओं और पहचान से जुड़े व्यक्तिगत अनुभवों पर विचार तथा लैंगिक गतिशीलता को प्रभावित करने वाली बाधाओं के निवारण, महिलाओं में निर्णय लेने के प्रक्रिया एवं उसे लागू करना, स्थानीय सुशासन से जुड़े मुद्दों की पहचान और व्यवहारिक समाधान करना तथा महिला प्रतिनिधियों के अधिकार एवं शक्तियों की पहचान कराना है। साथ ही प्रशिक्षण के विभिन्न विषय वस्तुओं के संबंध में विस्तृत रूप में बताया गया।

कार्यशाला में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दीपक कुमार महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् अजय कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों की महिला मुखिया एवं महिला वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## वज्रपात से किसान की मौत, महिला घायल

- आनंद उरांव का आकस्मिक मौत से पार्टी को अपूरणीय क्षति:प्रदीप गंझू

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत अंतर्गत के सुइयां टोला में वज्रपात से आनंद उरांव (30 वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं दूसरी घटना झाबर पंचायत के डेम्बू ग्राम में हुई है जहां एक महिला उर्मिला देवी पति धर्मेंद्र यादव घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आनंद अपने खेतों पर खेती के लिए गया हुआ था इसी दौरान तेज बारिश होने लगी तेज वर्षा से बचने के लिए घर के पास दीवाल से सटकर खड़ा हो गया कि इसी दौरान वज्रपात हुई इसके चपेट में आनंद आ गया और मूर्छित होकर वहीं गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया जहां डॉक्टर अशोक कुमार बड़ाइक में गहन जांच उपरांत आनंद को मृत घोषित कर दिया। आनंद झामुमो पार्टी के झाबर पंचायत अध्यक्ष थे। आनंद उरांव का मृत्यु हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने बताया कि आनंद पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने वाला समर्पित कार्यकर्ता था। इसके निधन से पार्टी में शोक की लहर है, आनंद के परिवारजनों के साथ झामुमो परिवार साथ है। झामुमो के जिला अध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव ने पंचायत अध्यक्ष की आकस्मिक मृत्यु को अपूरणीय क्षति बतलाया है और दुःख व्यक्त की।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड कमिटी का गठन

**चंदवा।** प्रखंड के लुकुईया मोड़ के समीप शुक्रवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इनायत करीम के द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से लाधुप निवासी मो काजु को अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप चयन किया गया। वहीं ब्रह्मणी निवासी जफीर अंसारी का चयन प्रखंड सचिव के पद पर किया गया है। इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष इरफान खान, कोषाध्यक्ष के पद पर सज्जाद अंसारी का चयन किया गया। झामुमो नेताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अग्रवाल समाज की नई कमेटी गठित

**मेदिनीनगर।** अग्रवाल समाज की बैठक शाहपुर एसएलए विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अग्रवाल समाज पलामू का कार्य समाज के सभी लोगों को एकीकृत कर सुदृढ़ समाज का निर्माण करना है। अग्रवाल समाज पलामू समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े अग्रवशंजो के उत्थान के लिए सदैव सक्रिय रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से रंजन कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष और मुकेश कुमार अग्रवाल को सचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में राजेश कुमार अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल व निवेदन अग्रवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## स्वामी प्रज्ञानंद अस्पताल में 20 से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोरकट में स्थित स्वामी प्रज्ञानंद सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में श्री कृष्णा संस्थान की ओर से दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 20 और 21 जुलाई को होगा। शिविर में सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली के अनुभवी चिकित्सकों की टीम रोगियों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। यह जानकारी मेदिनीनगर सर्किट हाउस में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने दी। पूर्व मंत्री ने बताया कि शिविर का उदघाटन शनिवार को 11 बजे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से कुछ गांवों को गोद लेकर वहां रहने वाले अभावग्रस्त लोगों का लंबे समय तक मुफ्त इलाज करने का भी निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ गीता मेदिरीता, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ कविता त्यागी और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित मुंजाल विशेष रूप से शामिल होंगे। रोगियों का इलाज के साथ साथ उनके बीच दवा का भी निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस शिविर में शामिल होकर अपना इलाज कराने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक लगेगा।

## कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करें : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में कौशल विकास अनुश्रवण एवं कार्यन्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने सरकारी कौशल विकास योजनाओं विशेष रूप से मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता निर्माण के लिए विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने स्थानीय प्लेसमेंट के अवसरों को बढ़ाने के लिए, उद्योगों से कार्यबल आवश्यकताओं और विशिष्ट कौशल आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और बेहतर कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सभी कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के प्रदर्शन का भी समीक्षा किया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री के आने से पहले खुली अस्पताल प्रशासन की नींद

## 20 को पलामू दौरे पर आ रहे हैं डॉ. इरफान अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल का एक मात्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल है। जिसकी स्थिति कोई मंत्री या पदाधिकारी के आने से पहले ही कुछ अच्छी होती है, नहीं तो बाकी समय मरीज किसी अवस्था में अपना समय कटाते है। ज्ञात हो कि 20 जुलाई को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री का दौरा स्थानीय मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का करने वाले हैं। जिसको लेकर अस्पताल प्रशासन की नींद खुली है और अस्पताल की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि स्वास्थ्य मंत्री को लगे की उनके अस्पताल में विधि व्यवस्था बहुत अच्छी चल रही है। अस्पताल के सीडी पर स्वास्थ्य विभाग के कई तरह से चमकीले स्टीकर पर लिखे स्लोगन चिपकाए जा रहे हैं।

### समारोह

### डीसी की अध्यक्षता में हुई आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# एक भी लाभुक बगैर राशन के ना रहे : उपायुक्त

- प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना,आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएसओ प्रीति किस्कू ने बताया कि जिले में 95 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। बैठक में राशन कार्ड डिलिशन के अनुरूप वेकैंसी क्रिएट नहीं होने को लेकर डीसी ने डीएसओ को राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर इसका निराकरण करने की बात कही। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जून एवं जुलाई माह में किये गये खाद्यानों की समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने सदर मेदिनीनगर, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं तरहसी प्रखंडों में राशन वितरण कार्य में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये। इसी तरह एनएफएसए अंतर्गत माह सितंबर 25 का खाद्यान्न के उठाव एवं डीएसडी की गोदामवार समीक्षा की गयी।

### पीवीटीजी समूहों के बीच राशन वितरण कराना सुनिश्चित कर

बैठक में उपायुक्त द्वारा पीवीटीजी योजना अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए पीवीटीजी समूहों के बीच शतप्रतिशत राशन वितरण कराने की बात कही। एक भी पीवीटीजी लाभुक बगैर राशन के नहीं रहे,यह सुनिश्चित करने पर बल दिया।बैठक में उपायुक्त ने बीएसओ लॉगिन में पेंडिंग एप्लीकेशन की समीक्षा की। इस दौरान चैनपुर में सबसे अधिक आवेदन पेंडिंग पाया गया। वहीं पीजीएमएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में पाटन सबसे अव्वल रहा। उपायुक्त ने दोनों एमओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों को आगे फॉरवर्ड/ निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह धान अधिप्राप्ति, सीसीएमआर जमा किये जाने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जुलाई 2025 का राशन उठाव एवं वितरण, चीनी-चना दाल वितरण सहित अन्य मामलों आदि की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर विभिन्न एजीएम व एमओ उपस्थित रहे।

# पेज एक के शेष

## पांच आतंकी, 197...

जिनमें 31 लूटे गए पुलिस हथियार, 20 रेगुलर हथियार और 62 देसी हथियार शामिल हैं। पुलिस ने 8591 गोलियां, 176.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 3811 जिलेटिन और 4.51 लाख रुपए की लेवी राशि भी जब्त की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 179 आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को भी नष्ट किया है। वहीं, झारखंड और ओडिशा पुलिस के संयुक्त अभियान में ओडिशा के के. ब्लांग थाना क्षेत्र से 3811 किलोग्राम जिलेटिन बरामद किए गए। आईजी अभियान माइकल राज ने बताया कि जनवरी से मई 2025 तक नशा कारोबार के खिलाफ 389 मामले दर्ज किए गए और 393 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 553.856 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 2.76 करोड़ रुपए), 66.566 कि.ग्रा. अफीम (अनुमानित कीमत 3.32 करोड़ रुपए), 2.49 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर (अनुमानित कीमत 24.90 लाख रुपऐ), 9950.94 कि.ग्रा. डोडा (अनुमानित कीमत 14.92 करोड़ रुपए) और 7925 टैबलेट नशे की गोलियां (अनुमानित कीमत 31.70 लाख रुपए) बरामद किए गए। इसके अलावा, 2301 बोतल सिरप और 1100 पीस इंजेक्शन बरामद किया गया है। आईजी अभियान ने बताया कि झारखंड पुलिस ने संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनवरी से जून 2025 तक संगठित अपराध से संबंधित 4 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 12 संगठित गिरोहों के अपराधियों की गिरफ्तार हुई। इनके पास से 4 हथियार, 21 गोलियां, 23 मोबाइल फोन और एक चारपहिया वाहन बरामद हुए। इसके अलावा, 26 अप्रैल 2025 को एटीएस ने धनबाद में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हुत (हिज्ब उत-तहरीर) के पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो हथियार, 12 गोलियां, पांच लैपटॉप, तीन पेन ड्राइव, आठ मोबाइल फोन और प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के साहित्य बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के माह जनवरी से जून तक राज्य के सभी जिलों से 119 सीसीए का प्रस्ताव अपराधियों के विरुद्ध समर्पित किया गया। पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। झारखंड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से 622 लाभार्थियों को 1.67 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। अनुकंपा समिति की बैठकों में कुल 108 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी गई। इसके अलावा 64 पुलिस निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर और 9 सहायक अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई। गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा झारखंड पुलिस के 12 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश और डीजीपी अनुराग गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में कुल 4158 शिकायत पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3464 शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। यह कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

## साइबर अपराध पर...

माध्यम से 83.84 लाख रुपए शिकायतकर्ताओं के खातों में वापस कराए गए। उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब ऐप पर भी 83 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 474 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 769 सिम कार्ड और 634 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## रिम्स-2 के लिए...

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल का दौरा कर वहां की चिकित्सा, प्रबंधन और शोध क्षमताओं का गहन अध्ययन किया। उसी आधार पर रिम्स-2 को अमृता मॉडल पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली में मुख्यमंत्री से मिलकर तमाम बातें बताई गई। मौके पर भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इधर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि झारखंड की चिकित्सा व्यवस्था को वैश्विक मंच पर ले जाने वाला परिवर्तनकारी कदम है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह परियोजना तीव्र गति से क्रियान्वित होगी। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री के सपनों को धरातल पर उतार रहे हैं। जो कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हो सका, उसे अब झारखंड में हकीकत बनाया जा रहा है। आने वाले समय में रिम्स-2 पूरे देश के लिए स्वास्थ्य सेवा का नया मानक बनेगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल पर यह संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि रांची में बनने वाला 2600 बेड के इस विश्वस्तरीय अस्पताल एक साथ सभी मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जो झारखंड को देश के मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार मौजूद थे।

## सरकार रूल ऑफ...

स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के आदेश को बाइपास कर राज्य में 'रूल ऑफ लॉ' का गला घोंट रही है। हाईकोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई 2025 को करेगी।

## लालू की लैंड...

जरूरी अनुमति लेनी होती है, जो नहीं ली गई। ज्ञात हो कि 7 अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## नक्सल विरोधी अभियान...

नक्सल उन्मूलन अभियान में राज्य सरकार द्वारा अपने उपलब्ध संसाधनों एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहयोग से नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जाता रहा है। इसके फलस्वरूप राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में काफी कमी आई है। इस अभियान में झारखंड राज्य अंतर्गत अब तक कुल 400 से भी अधिक पुलिस पदाधिकारी/कर्मी कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो चुके हैं। इस परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुरोध किया है कि नक्सल उन्मूलन अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति में संबंधित प्रतिधारण शुल्क को सहकारी संघवाद (कोऑपरेटिव फेडरलिज्म) के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से वेव ऑफ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि इस दिशा में केंद्रीय गृह मंत्री का सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सहयोग राज्य की जनता को अवश्य प्राप्त होगा तथा राज्य अपने आर्थिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

## घाटशिला में 3...

1:00 बजे से अप और डाउन दोनों लाइनों पर रेल परिचालन रोक दिया। रेलवे की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृत हाथियों के शवों को सुबह तक ट्रैक से हटा दिया। अप लाइन पर यातायात सुबह 6:15 बजे और डाउन लाइन पर 7:30 बजे बहाल किया गया।

## ग्रामीणों को नहीं...

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाएं लक्षित वर्गों तक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि पंचायती व्यवस्था को मजबूत कर गांव की सरकार को धरातल पर उतारा जाए और इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में राज्यभर में संचालित योजनाओं की स्थिति, रिव्यू रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने अधिकारियों से निरंतर फील्ड विजिट करने और समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में विभागीय सचिव मनोज कुमार और निदेशक बी राजेश्वरी सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## शस्त्र-शास्त्रों का...

जिन्होंने निहत्थे लोगो पर गोलियां चलाईं और हमारे सुहागनों के सिंदूर को उजाड़ा और महिलाओं को जिंदा छोड़कर कहा कि जाओ अपनी सरकार को बता देना। तो, हमने भी अपनी महिलाओं को रणभूमि में उतारकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया और सत्यापित किया कि भारतीय महिलाएं ममत्व के साथ-साथ मां दुर्गा का स्वरूप हैं, जो संकट पड़ने पर विनाश भी कर सकती हैं। जय हिंद।

# संयुक्त राष्ट्र: भारत ने 'पैक्ट फॉर द फ्यूचर' को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

भारत ने 'भविष्य के लिए संधि' (पैक्ट फॉर द फ्यूचर) और इससे जुड़े दस्तावेजों- ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट (जीडीसी) तथा भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणापत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह बयान तीसरे अनौपचारिक संवाद के दौरान दिया गया, जो इस समझौते की समीक्षा के लिए आयोजित किया गया था। भारत ने इस पहल को वैश्विक समुदाय के उभरती और दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत ने समावेशी और दूरदर्शी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया। गुरुवार को आयोजित इस अनौपचारिक संवाद का उद्देश्य सदस्य देशों को एक मंच देना था, जहां वे अपने विचार साझा कर सकें और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें। यह चर्चा 2028 तक 'भविष्य के लिए संधि' (पैक्ट फॉर द फ्यूचर) को ध्यान में रखकर की गई। 22 सितंबर 2024 को शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं ने 'भविष्य के लिए संधि' और इसके साथ जुड़े दस्तावेज-ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट और भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणापत्र- को अपनाया था। यह ऐतिहासिक समझौता वर्षों की समावेशी बातचीत और सहयोग का परिणाम है, जिसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आधुनिक बनाना और आज की वास्तविकताओं का सामना करने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "भारत का मानना है कि 2028 की समीक्षा परिणाम आधारित और भविष्य की ओर देखने वाली होनी चाहिए। हमें विशेष रूप से महत्वपूर्ण सुधार क्षेत्रों, जैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना सुधार पर ध्यान देना चाहिए, जहां प्रगति अपर्याप्त रही है। उन्होंने कहा, "सुरक्षा परिषद सुधारों के संबंध में अधिकांश देश इस बात पर सहमत हैं कि परिषद को वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। इससे परिषद की विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। 79वें सत्र के दौरान इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशन (आईजीएन) बिना किसी ठोस प्रगति के समाप्त हो गया। ऐसे में सदस्य देशों को वास्तविक सुधारों के लिए अपने प्रयास और तेज करने होंगे। साथ ही उन देशों के प्रयासों का विरोध करना होगा जो स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं। अब जरूरी है कि जल्द से जल्द एक ठोस मसौदे पर बातचीत शुरू की जाए।




**भारत ने तेज़ प्रयासों की मांग की :** भारत ने सदस्य देशों से वास्तविक सुधारों के लिए प्रयास तेज़ करने का आह्वान किया।

**स्थिति बनाए रखने की कोशिशों का विरोध जरूरी :** हरीश ने कहा कि उन देशों का विरोध किया जाना चाहिए जो यूएन में कोई बदलाव नहीं चाहते।

**ठोस मसौदे पर बातचीत की जरूरत :** भारत ने जल्द से जल्द किसी ठोस मसौदे पर बातचीत शुरू करने की आवश्यकता जताई।

**रणनीतिक समन्वय का समर्थन :** भारत ने कहा कि प्रभाव को अधिकतम करने और दोहराव से बचने के लिए रणनीतिक समन्वय आवश्यक है।

हरीश ने जोर देकर कहा कि भारत प्रभाव को अधिकतम करने और दोहराव से बचने के लिए रणनीतिक समन्वय का दृढ़ता से समर्थन करता है। उन्होंने कहा, "आदर्श रूप से, यूएन@80 के लक्ष्यों को 'भविष्य के लिए संधि' के ढांचे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए था और इन्हें पिछले साल सदस्य देशों के बीच हुई बातचीत में शामिल किया जाना चाहिए था। हालांकि, अब आगे बढ़ते हुए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पैक्ट का कार्यान्वयन और समीक्षा यूएन@80 पहल के अनुरूप हो। भारत ने कहा कि 2028 में होने वाली पैक्ट की समीक्षा को 2027 के एसडीजी शिखर सम्मेलन के परिणामों के साथ जोड़ा जाना चाहिए, ताकि सतत विकास की प्रगति पर एक एकीकृत नरैटिव बनाया जा सके। राजदूत हरीश ने कहा, "हमें क्षेत्रीय समीक्षाओं, जैसे चौथे अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण सम्मेलन, विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन, डब्ल्यूएसआईएस प्लस 20 समीक्षा और शांति निर्माण संरचना समीक्षा सहित क्षेत्रीय समीक्षाओं पर भी काम करना चाहिए। साथ ही हाई-लेवल पॉलिटिकल फोरम और ईसीओएसओसी जैसे मौजूदा तंत्रों का भी लाभ उठाना चाहिए।

---

पहलगाम आतंकी हमला

# अमेरिका ने लश्कर के प्रॉक्सी संगठन टीआरएफ को 'विदेशी आतंकी संगठन' घोषित किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आतंकवाद के खिलाफ भारत की इंटरनेशनल मुहिम को बड़ी कामयाबी मिली है। अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान समर्थित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी संगठन TRF को विदेशी आतंकवादी संगठन और Specially Designated Global Terrorist की लिस्ट में शामिल किया है। आपको बता दें कि TRF ने बीते अप्रैल महीने में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हमले में 26 सैलानियों की हत्या की ज़िम्मेदारी ली थी।

**लश्कर का मुखौटा संगठन है टीआरएफ :** अमेरिका ने ये भी माना कि टीआरएफ लश्कर ए तैयबा का ही मुखौटा संगठन है जिसे यूएन पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर उस पर बैन लगा चुका है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हमले के बाद टीआरएफ ने ही जिम्मेदारी ली थी। ये लश्कर का मुखौटा संगठन है जो कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी वारदातों को अंजाम देता है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ये जानकारी दी है।

**अमेरिका ने और क्या बताया :** अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाना हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करने, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए इंसाफ के प्रति ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टीआरएफ ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसे अमेरिकी अधिकारियों ने लश्कर-ए-तैयबा द्वारा 2008 में किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमला बताया था। इस संगठन ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिसमें हाल ही में 2024 में हुआ हमला भी शामिल है।

## टीआरएफ की मुश्किलें कैसे बढ़ेंगी?

1. टीआरएफ के आतंकियों के खिलाफ और कड़े एक्शन होंगे
2. टीआरएफ के आतंकियों पर कड़े वित्तीय प्रतिबंध लागू होंगे
3. टीआरएफ से जुड़े लोगों पर यात्रा प्रतिबंध भी लगेगा
4. टीआरएफ के खिलाफ आतंक-रोधी मुहिम तेज होगी






### हाफिज सईद पर पहले भी हो चुका एक्शन

आपको बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब अमेरिका ने आतंकी हाफिज सईद के संगठनों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इससे पहले साल 2008 में मुंबई हमले के लिए जिम्मेदार हाफिज सईद के आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा पर बैन लगा चुका है। उसके बाद हाफिज ने जमात उद दावा बनाया। उसे भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकी संगठन घोषित किया जा चुका है। और अब हाफिज के दूसरे मुखौटा संगठन टीआरएफ को भी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है।

---

# जल्द ही लागू होगा 'कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3' : नितिन गडकरी

- **उद्देश्य है देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को घटाना**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जल्द ही फ्यूल एफिशिएंसी से जुड़े नए नियम कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 लागू होने जा रहा है। इन नए नियमों का उद्देश्य न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है, बल्कि उन फ्लेक्स फ्यूल कारों को भी प्रोत्साहित करना है जो इथेनॉल मिलाकर चलती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य देश की कच्चे तेल पर निर्भरता को कम करना, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को घटाना व घरेलू स्तर पर बनने वाले इथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी नियमों के तहत, कार कंपनियों के पूरे साल में बेचे गए यात्री वाहनों का एवरेज कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन तय सीमा में रहना जरूरी होता है। ये नियम कंपनियों को ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट गाड़ियां बनाने के लिए मजबूर करते हैं। फिलहाल कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 2 नियम लागू हैं, जो मार्च 2027 तक मान्य रहेंगे। इसके बाद अप्रैल 2027 से नए कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 नियम लागू होंगे। अब तक लागू कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी नियम इलेक्ट्रिक वाहनों के पक्ष में झुके हुए थे। लेकिन गडकरी ने साफ किया कि नए कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 नियम इलेक्ट्रिक व फ्लेक्स फ्यूल इंजन दोनों को समान रूप से बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा, "पुराने नियम इलेक्ट्रिक वाहन को केंद्र में रखते थे, लेकिन नए नियम संतुलन बनाएंगे।" बता दें कि फ्लेक्स फ्यूल का मतलब होता है - पेट्रोल और इथेनॉल के मिश्रण से बना ईंधन। भारत में फिलहाल ई-20 ईंधन (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण) उपलब्ध है। कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी-3 ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय, बिजली मंत्रालय व प्रधानमंत्री के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार के बीच उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को हो चुकी है। इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की गई थी। एक अहम मुद्दा यह है कि क्या बड़ी और छोटी कारों के लिए अलग-अलग नियम बनाए जाएं या नहीं, इस पर भी विचार चल रहा है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक, गडकरी ने यह स्पष्ट कर दिया कि देशहित को किसी लॉबी के दबाव में नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "प्रदूषण, लागत, आयात व कृषि के फायदे को ध्यान में रखते हुए हमें देश के हित में ही फैसला लेना है।" मौजूदा कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी-2 नियमों के तहत, 3,500 किलोग्राम से कम वजन वाले सभी यात्री वाहनों, चाहे वो पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, हाइब्रिड या इलेक्ट्रिक हों, का एवरेज $CO_2$ उत्सर्जन 113 ग्राम प्रति किलोमीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यह औसत किसी एक मॉडल पर नहीं बल्कि कंपनी की पूरी गाड़ियों की बिक्री पर लागू होता है। इथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से कम होती है, यानी बराबर दूरी तय करने में ज्यादा ईंधन खर्च होता है, जिससे $CO_2$ उत्सर्जन बढ़ सकता है। हालांकि इससे पेट्रोल पर निर्भरता कम होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार रूस की उस तकनीक का परीक्षण कर रही है जिससे इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता बढ़ाई जा सके और वह पेट्रोल जितना असरदार बन सके। सरकार का दीर्घकालिक लक्ष्य है कि 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली कारें हकीकत बनें। गडकरी ने बताया कि भारत अब यूरो VII स्तर के उत्सर्जन मानकों की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2020 में बीएस-VI मानक लागू करने में भी शुरू में विरोध हुआ था। लेकिन भारत अब विश्व के सबसे कड़े उत्सर्जन मानक वाले देशों में शामिल हो चुका है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पुराने पेट्रोल और डीजल वाहनों पर लगे प्रतिबंध को लेकर गडकरी ने कहा कि यह मुद्दा कानूनी रूप से सुलझाया जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पुराने वाहनों को सीएनजी में बदलना आर्थिक रूप से बेहतर विकल्प हो सकता है।



---

## जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर भड़का उत्तर कोरिया, 'युद्ध की तैयारी' का लगाया आरोप

**सोल (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया ने जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर सख्त ऐतराज जताया है। दरअसल, इस रक्षा रिपोर्ट में उत्तर कोरिया को 'खतरा' बताया गया है। बिफरे विदेश मंत्रालय ने इसे 'युद्ध की तैयारी' और आक्रामक इरादों वाला कदम करार दिया है। उत्तर कोरिया ने जापान पर आरोप लगाया कि वह खुद को एक सैन्य ताकत बनाने की कोशिश को छुपाने के लिए ऐसा कर रहा है। नॉर्थ कोरियाई विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले द इंस्टीट्यूट फॉर जापान स्टडीज ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के जरिए बयान जारी कर जापान के रक्षा श्वेत पत्र (डिफेंस वाइट पेपर) की निंदा की। ये श्वेत पत्र तीन दिन पहले जापान ने जारी किया था।

## वियतनाम ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर को रोकने के लिए निर्देश जारी किया

**हनोई (आईएएनएस)**

वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) को नियंत्रित करने के लिए मजबूत और समन्वित प्रयासों का आह्वान करते हुए एक निर्देश जारी किया है। स्थानीय दैनिक समाचार पत्र नहान दान (पीपुल) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि 2025 की शुरुआत से देश के 34 में से 28 प्रांतों में 514 से अधिक अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के प्रकोप हुए हैं, जिसके कारण 30 हजार से अधिक सूअरों की मौत हो गई है या उन्हें मारने के लिए मजबूर होना पड़ा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निर्देश में स्थानीय अधिकारियों से कहा गया है कि वे बीमारी के प्रकोप को जल्दी पहचानें और खत्म करें, सख्ती से पशुओं को मारें और अवैध सुअर व्यापार व शव फेंकने की गतिविधियों को रोकें, जो वायरस फैला सकते हैं।



## किम-जोंग का ड्रीम रिसॉर्ट रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से बंद

### 11 साल में बनकर तैयार हुआ था

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अपने मशहूर वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट को विदेशी पर्यटकों के लिए अचानक बंद कर दिया है। उत्तर कोरिया सरकार इस रिसॉर्ट के जरिए विदेशी टूरिस्ट्स को लुभाकर अपने फॉरेन करेंसी रिजर्व को बढ़ाना चाहती थी। यह रिसॉर्ट को नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन का ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब इसके अचानक बंद होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर बसा एक शानदार टूरिस्ट स्पॉट है। इसे 2014 में बनाना शुरू किया गया था। यह उत्तर कोरिया का 'हवाई' कहा जाता था। इसे 24 जून को लोकल टूरिस्ट्स के लिए खोला गया था।

## समाज में महिलाओं को रूढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए : भागवत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोलापुर में उद्योगवर्धिनी संगठन के कार्यक्रम में कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रूढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है। मोहन भागवत ने कहा, 'महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवन भर काम करता है, महिला भी जीवन भर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, 'ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। 'ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है।' इस कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने उद्योगवर्धिनी संस्था की तरफ से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की भी सराहना की।



---

कहानी फिल्म जगत की

*टीवी शो 'निमकी मुखिया' में महुआ के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सानिया अब हाल ही में रिलीज़ हुए आत्मीय संगीत वीडियो 'कर फ़ैसला' में एक नए रंग में नज़र आई हैं। उनकी यह यात्रा न केवल सधी हुई अभिनय प्रतिभा को दर्शाती है।*



# मैं उन कहानियों में विश्वास करती हूं जो लोगों को छू जाएं : सानिया

अपनी शांत भाव-भंगिमा और लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ, अभिनेत्री सानिया नूरैन आज भारतीय मनोरंजन जगत में उभरते हुए चेहरों में से एक बनती जा रही हैं। टीवी शो 'निमकी मुखिया' में महुआ के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सानिया अब हाल ही में रिलीज़ हुए आत्मीय संगीत वीडियो 'कर फ़ैसला' में एक नए रंग में नज़र आईं हैं। उनकी यह यात्रा न केवल सधी हुई अभिनय प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि उनके चयनित किरदारों में गहराई और भावनात्मक पकड़ भी देखने को मिलती है। 'कर फ़ैसला' में सानिया के साथ नज़र आए जाने-माने पार्श्वगायक आमन त्रिखा, जिनके गाए गाने 'हुक्का बार' और 'प्रेम लीला' जैसी हिट्स रह चुके हैं। जहाँ त्रिखा की आवाज़ इस गाने की आत्मा को स्वर देती है, वहीं सानिया की अदायगी इसे एक अलग ही गहराई प्रदान करती है। उन्होंने केवल अभिनय नहीं किया-उन्होंने हर भावना को आत्मसात किया और उसे ईमानदारी से परदे पर उतारा। सानिया कहती हैं, "मैं उन कहानियों में विश्वास करती हूँ जो लोगों को भीतर तक छू जाती हैं। 'कर फ़ैसला' ने मुझे यह मौका दिया-बिना संवादों के दर्द, शक्ति और मौन को अभिव्यक्त करने का।

### सानिया जल्द ही वेब सीरीज 'सरकारी दमाद' में नजर आएंगी

*यह पहली बार नहीं है जब सानिया ने दर्शकों का दिल जीता हो। 'निमकी मुखिया' और इसके सीक्वल 'निमकी विधायक' में उन्होंने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई थी। यह शो सामाजिक मुद्दों पर आधारित था और 600 से अधिक एपिसोड तक चला-जो अपने आप में एक उपलब्धि है। महुआ का किरदार, जिसकी ईमानदारी और भावनात्मक गहराई दर्शकों के दिलों में उतर गई, सानिया के अभिनय की असली पहचान बना। अब सानिया जल्द ही नज़र आएंगी आगामी वेब सीरीज़ 'सरकारी दमाद' में, जिसमें नज़र आएंगे व्यंग्य, ड्रामा और मनोज तिवारी के गानों से सजा एक शानदार साउंडट्रैक।*

